www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:01 सूर्यास्त 6:09

आज का तापमान

शिमला	5.6 न्यू	15.04 अधि
धर्मशाला	4.04 न्यू	19.00 अधि

बाजार

सेंसेक्स	71072.49
निफ्टी	21616.00
सोना	62,950
चांदी	73,344

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 13 फरवरी 2024 | 1 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 56 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

विपक्षी सोच ने बहुत कोशिश की लेकिन रामलला जी जीते अपना केस : अनुराग ... पेज 13

हरिहरनाथ स्वामी के रूप में बाबा भूतनाथ

मंडी। छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ मठ मंदिर में सोमवार को बिहार के सारण सोनपुर में हरिहरनाथ स्वामी का स्वरूप उकेरा गया। मान्यता है कि बिहार के हरिहरनाथ स्वामी मंदिर में आज भी शिव की सत्ता का अहसास होता है। यहां विष्णु और महादेव की प्रतिमा एक साथ स्थापित है। इस कारण इसका नाम हरिहरनाथ पड़ा है। यह पवित्र मंदिर गंगा-गंडक नदी के संगम स्थल पर है। कहा जाता है कि इसकी स्थापना प्रभु श्रीराम ने की थी। श्रीराम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ मिथिला जा रहे थे, तो श्रीराम ने यहां शिवजी की पूजा की थी। शिवजी ने उन्हें पहले ही सीमा स्वयंवर का हाल बता दिया था। श्रीराम ने शिव धनुष उठाने की आज्ञा मांगी थी।

अब श्रीलंका और मॉरीशस में भी बजेगा यूपीआई का डंका

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका और मॉरीशस में भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सर्विस लांच की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

श्रीलंका और मॉरीशस जाने वाले भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिक इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। हाल ही में फ्रांस में भी यूपीआई सर्विस की शुरुआत हुई थी। इस पहल से डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

पीएम मोदी ने वर्चुअली लांच की सर्विस

दो फरवरी को फ्रांस में शुरू हुई थी सर्विस

मोदी बोले- तीनों देशों के बीच बढ़ेगा पर्यटन

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आज के दिन को हिंद महासागर के तीन मित्र देशों के लिए विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि अपने ऐतिहासिक संबंधों को हम आधुनिक डिजिटल रूप से जोड़ रहे हैं। यह हमारे लोगों के विकास के लिए हमारे कमिटमेंट का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे हमारे (भारत, श्रीलंका और मॉरीशस) के बीच पर्यटन बढ़ेगा। मुझे विश्वास है कि भारतीय पर्यटक भी उन गंतव्यों को पसंद करेंगे, जहां यूपीआई सेवाएं उपलब्ध हैं।

मोदी ने मॉरीशस में रुपे कार्ड सर्विस भी की लांच

पीएम मोदी ने मॉरीशस में यूपीआई सर्विस के साथ रुपे कार्ड सर्विस भी लांच की। अब मॉरीशस के बैंक अपने यहां रुपे मैकेनिज्म पर बेस्ड कार्ड जारी कर पाएंगे। इससे दोनों देशों के लोग अपने देश के साथ-साथ एक-दूसरे के यहां भी इन कार्ड के जरिए मिलने वाली सेवाओं का इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे मॉरीशस से भारत आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

क्रॉस बॉर्डर कनेक्शन को भी मिलेगा बल

पीएम ने कहा कि फिनटेक कनेक्टिविटी के माध्यम से केवल क्रॉस-बॉर्डर लेनदेन को ही नहीं, क्रॉस बॉर्डर कनेक्शन को भी बल मिलेगा। भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई, अब नया दायित्व निभा रहा है। यूनाइटिंग पार्टनर्स विद इंडिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सुदूर गांवों में छोटे व्यापारी डिजिटल भुगतान कर रहे हैं, क्योंकि इसमें सुविधा के साथ-साथ गति भी है। पिछले साल, यूपीआई लेनदेन 100 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जिसकी राशि दो लाख करोड़ रुपए थी।

पीएम ने युवाओं को एक लाख नियुक्ति पत्र बांटे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए कही। यह रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर नई दिल्ली में इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स 'कर्मयोगी भवन' के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को नौकरी की शुभकामनाएं दीं।

न्यूज शॉर्ट्स

सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी है। आशीष पर अक्तूबर 2021 में तिकुनिया में विरोध-प्रदर्शन के दौरान किसानों को कार से कुचलने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत से रिपोर्ट मंगवाई है। इससे पहले भी पिछले साल 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को राहत दी थी।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण का कांग्रेस से इस्तीफा

मुंबई। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक शंकर राव चव्हाण ने विधायक पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद अशोक चव्हाण ने कहा कि मैंने कांग्रेस पार्टी के विधायक पद का इस्तीफा स्पीकर से मिलकर उन्हें सौंप दिया है। मैंने अब तक किसी भी पार्टी में शामिल होने का फैसला नहीं लिया है। दो दिन बाद मैं अपनी राजनीतिक भूमिका स्पष्ट करूंगा।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर 27 को सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी व पुलिस रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने ईडी को दो सप्ताह में हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल रिट पटिशन एवं संशोधन पटिशन पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले के अंतिम निष्पादन के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी किया ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन दाएश से जुड़े एक आतंकवादी सरगना को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि इलाके में 'हाई-प्रोफाइल आतंकवादी' की कथित मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया। गोलीबारी के बाद दाएश (इस्लामिक स्टेट) के 'हाई-प्रोफाइल आतंकवादी सरगना' सूरत गुल उर्फ सैफुल्लाह को मार गिराया गया।

टॉप स्टोरीज

निर्माणाधीन टनल में आई दरारें काम रुका ...पेज 3

हिमाचल में सालाना दस प्रतिशत से अधिक लोगों को अंगदान की जरूरत ...पेज 3

जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र ही बनेगा देश का पहला ई-हाईवे ...पेज 7

कतर ने जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक किए रिहा

भारत की बड़ी कूटनीतिक जीतः सात स्वदेश लौटे, जताई खुशी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत को एक बार फिर बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है। कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के सभी आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा कर दिया गया है, जिनमें से सात नौसैनिक वापस भारत लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में यह जानकारी दी है। ये आठों पूर्व नौसैनिक जासूसी के आरोप में कतर की जेल में बंद थे।

जासूसी के आरोप में जेल में थे बंद

अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुनाई थी, जिसके बाद भारत के लिए इनकी रिहाई बड़ी चुनौती बनी हुई थी। भारत के अनुरोध पर कतर के अमीर ने पहले ही इन नौसैनिकों की मौत की सजा को कम करते हुए उम्रकैद में बदल दिया था। अब अमीर के आदेश पर इन पूर्व नौसैनिकों की रिहाई कर दी गई है, जिसका भारत ने स्वागत किया है।

नए भारत में हर जान कीमतीः अनुराग ठाकुर

अनुराग ठाकुर ने नौसेना के पूर्व अधिकारियों के कतर से सकुशल घर वापसी पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नए भारत में हर भारतीय की जान बेशकीमती है। मोदी है तो, मुमकिन है। इससे पहले भी यूक्रेन से लगभग 27,000 भारतीय छात्र-छात्राओं को सकुशल वापस भारत लाया गया था।

45 दिन पहले मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

ये सभी नौसैनिक कतर की नौसेना को ट्रेनिंग देने वाली एक निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी में काम करते थे और उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से करीब 14 महीने बाद, 26 अक्तूबर 2023 को इन सभी पूर्व अफसरों को मौत की सजा सुनाई गई थी। 28 दिसंबर, 2023 को इनकी मौत की सजा कैद में बदली गई थी।

दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर आते स्वदेश लौटे पूर्व नौसैनिक।

30 अगस्त 2022 को हुई थी गिरफ्तारी

30 सितंबर 2022 को भारतीय पूर्व नौसैनिक कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और नाविक रागेश को गिरफ्तार किया था।

पूर्व नौसैनिक बोले मोदी के बिना रिहाई संभव नहीं थी

दिल्ली एयरपोर्ट पर लौटने के बाद कुछ पूर्व नौसैनिकों ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बिना हमारे लिए भारत लौटना संभव नहीं होता। भारत सरकार के लगातार प्रयासों के बाद ही हम वापस आ सके हैं। एक अन्य पूर्व नौसैनिक ने कहा कि हम 18 महीने बाद भारत आ सके हैं। हम पीएम मोदी और भारत सरकार को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैं। घर लौटकर अच्छा लग रहा है।

प्रदेश के कई क्षेत्रों में आएंगे बर्फीले तूफान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से मौसम करवट लेगा। प्रदेश में इस वीकेंड स्नो स्ट्रॉम अप्रोच कर रहा है, जिसके चलते कई क्षेत्रों में बर्फीले तूफान की संभावना जताई है। मौसम विभाग के शिमला केंद्र के अनुसार 13 और 14 फरवरी को ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है।

आज से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना

मध्य पर्वतीय और मैदानी इलाकों में मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अगले तीन दिन तक यानी 17 फरवरी तक मौसम साफ रहेगा, लेकिन 18 फरवरी को प्रदेशभर में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। सोमवार को प्रदेशभर में मौसम साफ रहा। वहीं, तापमान में इजाफा हुआ है और सामान्य से अधिक पारा पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार 17 फरवरी को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस कारण पंजाब और साथ के इलाकों में तूफान आएगा और हिमाचल तक इसका असर होगा।

अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी

प्रदेश में पिछले सात दिन से धूप खिल रही है। इस कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिरमौर के धौलाकुआं में सबसे अधिक 24 डिग्री पारा दर्ज किया गया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री, सुंदरनगर में 2.7, भुंतर 1.5, कल्पा -1.2, धर्मशाला 4.4, ऊना 3.8, नाहन 8.1, पालमपुर 4.5, सोलन 3.0, मनाली 0.2, कांगड़ा 5.6, मंडी 2.8, बिलासपुर 5.0, चंबा 4.9, जुब्बड़हट्टी 8.0, कुफरी 4.2, नारकंडा 1.1, भरमौर 2.7, रिकांगपिओ 1.2, सेऊबाग 1.0, धौलाकुआं 6.4, बरठीं 3.4, समदो -7.2, सराहन 5.5 और देहरागोपीपुर में 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नीतीश कुमार नौवीं बार विधानसभा में पास

पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में नौवीं बार विश्वास मत हासिल किया। सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। इसमें समर्थन में 129 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। नीतीश कुमार की सरकार के विश्वास मत पर वोटिंग से पहले विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

पक्ष में **125** विपक्ष में **112** वोट पड़े

इसके बाद सीएम नीतीश के कहने पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने पक्ष में विधायकों को खड़ा होने को कहा और उनकी गिनती करवाई। सरकार के समर्थन में 129 वोट पड़े। स्पीकर को हटाने के वक्त सरकार के पक्ष में 125 वोट ही पड़े थे। विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान चार और वोट सरकार के पक्ष में बढ़ गए। नीतीश के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 विधायकों ने वोट किया है।

सरकार लाएगी नई खेल नीतिः सुक्खू

कहा- प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को निखारा जाएगा, खिलाड़ियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में खेल ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सरकार एक नई व्यापक खेल नीति ला रही है। इस खेल नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए खेल स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता है और उभरते खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस लक्ष्य के दृष्टिगत ही नई खेल नीति तैयार की गई है।

खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि में होगी वृद्धि

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रस्तावित खेल नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी। यह कदम न केवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, अपितु विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों के अथक परिश्रम और प्रयासों को पुरस्कृत भी करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ कर उन्नत सुविधाएं व खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक सक्षम वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिखेरी चमक

प्रदेश की कई खेल हस्तियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और सरकार उत्कृष्ट खेल ढांचा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए उनके भविष्य को संवारने के लिए दृढ़ संकल्पित है, ताकि वे देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। सुक्खू ने कहा कि नई नीति खेल प्रतिभाओं को निखारते हुए उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और हिमाचल को देश के खेल कौशल केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

राज्यों में डिप्टी सीएम की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि राज्यों में डिप्टी सीएम की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं है। यह सिर्फ एक ओहदा है, जो वरिष्ठ नेताओं को दिया जाता है। इस पद पर नियुक्त व्यक्ति को कोई अतिरिक्त फायदा भी नहीं मिलता। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार में पार्टियों के गठबंधन या अन्य वरिष्ठ नेताओं को अधिक महत्व देने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जाती है। बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि डिप्टी सीएम की नियुक्ति को किसी भी तरह से असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता। डिप्टी सीएम राज्य सरकार में पहला और सबसे अहम मंत्री होता है। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी ने लगाई थी। याचिका में दावा किया गया था कि संविधान में डिप्टी सीएम जैसा कोई पद नहीं है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है।

प्रेस वार्ता प्रदेश सरकार के दूसरे बजट सत्र में होंगी 13 बैठकें, 17 फरवरी को मुख्यमंत्री पेश करेंगे बजट

हिमाचल विधानसभा का बजट सत्र कल से

जय ठाकुर, शिमला

प्रदेश सरकार का दूसरा बजट सत्र 14 फरवरी से शुरू हो रहा है। सत्र की शुरुआत में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का अभिभाषण होगा। विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रेस वार्ता में कहा कि सत्र में 13 बैठकें होंगी। सर्वदलीय मीटिंग में सुझाव रखा जाएगा कि शोकादगार भी पहले ही दिन हो जाए।

29 फरवरी तक चलेगा बजट सत्र

उन्होंने कहा कि मंगलवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से उपरोक्त सुझाव दिया जाएगा। 14 फरवरी सुबह तक विधायकों के सवाल लिए जाएंगे। बजट सत्र 29 फरवरी तक चलेगा। लोकसभा चुनाव की आहट से पहले बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने-सामने है। इसके चलते सत्र हंगामेदार रह सकता है। 17 फरवरी को सीएम सुक्खू अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगे। 22 और 26 फरवरी को गैर सरकारी कार्य दिवस निर्धारित किया है।

उन्होंने कहा कि 26, 27 और 29 फरवरी को अनुदान मांगों पर चर्चा की जाएगी। 29 फरवरी को बजट पारित कर दिया जाएगा। विधानसभा सदस्यों की ओर से अभी तक कुल 793 प्रश्न भेजे गए हैं। इनमें 582 तारांकित और 209 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। नियम 130 के अंतर्गत आठ सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

793 सवाल

582 तारांकित **209** अतारांकित प्रश्न

लोकसभा चुनावों की आहट के बीच सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

बजट सत्र की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

हिमाचल विधानसभा शुरू करेगी अपना यू-ट्यूब चैनल

देश की पहली ई-विधानसभा हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही जल्द ही पूरा देश व दुनिया देखेगी। प्रदेश विधानसभा अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू करने पर काम कर रहा है और यह चैनल जल्द ही लांच कर दिया जाएगा। इस यू-ट्यूब चैनल के शुरू हो जाने से हिमाचल विधानसभा की कार्यवाही कहीं भी ऑनलाइन देखी जा सकेगी।

पत्रकार सौम्या हत्या के चार दोषियों की उम्रकैद की सजा निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के चार दोषियों की उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया है। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि चारों दोषी करीब 14 साल से जेल में बंद हैं। ऐसे में इनकी सजा निलंबित की जाती है। कोर्ट ने कहा कि सजा को चुनौती देने वाली दोषियों की अपील पर फैसला होने तक सजा निलंबित रहेगी। साकेत कोर्ट ने सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उन्हें दोषी पाया था। कोर्ट ने 25 नवंबर, 2023 को इन चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

किसानों के दिल्ली कूच को लेकर लगाए प्रतिबंध

दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू, बॉर्डर सील

एजेंसी, अंबाला

पंजाब और हरियाणा के 26 किसान संगठनों के 13 फरवरी के कूच को देखते हुए दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। वहीं, किसानों को रोकने के लिए पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर सीमेंट की स्लैब रखी गई हैं।

दिल्ली में भीड़ जुटाने, लाउडस्पीकर और ट्रैक्टरों की एंट्री बैन कर दी है। हथियारों से लेकर लाठी-पत्थर भी दिल्ली में नहीं ले जाने दिए जाएंगे। पंजाब और हरियाणा के शंभू, खनौरी, सिंधु, टिकरी समेत सभी बॉर्डर सील किए जा चुके हैं। सीमेंट के स्लैब, कंटीली तारें, कीलें लगाने के साथ खुदाई की गई है।

बीएसएफ-सीआरपीएफ की 64 कंपनियां भेजी

हरियाणा में हालात संभालने के लिए केंद्र ने बीएसएफ और सीआरपीएफ की 64 कंपनियां भेजी हैं। भारतीय किसान यूनियन उगराहां गुट के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां और भारतीय किसान यूनियन लक्खोवाल के नेता हरिंदर सिंह ने 16 फरवरी को भारत बंद का ऐलान किया है। वहीं, हरियाणा में हरियाणा सरकार ने किसानों को रोकने के लेकर गिरफ्तारी तक की तैयारी कर ली है और इसके लिए सिरसा के चौधरी दलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम और गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम डबवाली में दो टेंपरेरी जेलें बनाई हैं।

न्यूज ब्रीफ

एक और युवक मिला एचआईवी पॉजिटिव

धर्मशाला। सूई से नशा करने वाले युवाओं की स्नो बॉल सैंपलिंग अब 138 के करीब पहुंच गई है तथा शनिवार को हुई सैंपलिंग में एक और युवा को एचआईवी पॉजिटीव पाया गया है। यहां बताते चलें कि नूरपुर जिला पुलिस एसपी अशोक रत्तन की अगुआई में प्रदेश में पहली बार नशों में संलिप्त युवाओं को नशे के जाल से निकालने के लिए पायलट स्टडी कर रही है। स्नो बॉल सैंपलिंग के चलते अब तक करीब 35 युवाओं को एचआईवी पॉजिटीव पाया गया है। शनिवार को हुई सैपलिंग के बाद एक अन्य युवक को एचआईवी पॉजिटिव पाया गया है। पुलिस, प्रशासन तथा स्वास्थय विभाग के सांझे प्रयासों से इन हैपेटाईटस बी, सी तथा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए युवाओं की पहचान के बाद उपचार के साथ इन युवाओं के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर भी लगाया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए नूरपुर अस्पताल के फोरेंसिक मेडिकल एक्सपर्ट डॉक्टर तुषार ने बताया कि शनिवार को हुई सैंपलिंग में एक और युवक को एचआईवी पॉजिटीव पाया गया है।

सहकारी सभा का चुनाव 11 मार्च को

डाडासीबा। डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी वैह कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारणी सदस्यों के चुनाव 11 मार्च को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव केवल कृष्ण ने दी है। उन्होंने बताया कि नामांकन 26 मार्च को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले।

सुलह में प्रधान संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

डरोह। भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू शाखा कार्यालय द्वारा सोमवार को पंचायत समिति सभागार खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव में ग्राम पंचायत प्रधान संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन वैज्ञानिक डी एवम निदेशक एससी नाइक के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रिसोर्स पर्सन सुरेश गोपाल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में ब्यूरो द्वारा किए जा रहे नए प्रयासों की जानकारी दी गई।इस दौरान प्रोडक्ट के बारे में ग्राम पंचायत प्रधानों से चर्चा की गई। विभिन्न प्रोडक्ट के बारे में उपस्थित प्रधानों द्वारा प्रोडक्ट के मानक में क्या सुधार तथा क्या बेहतर किया जा सकता है इसके लिए अपने सुझाव भी रखे।

रनौत क्लब बोदा की टीम ने जीता वॉलीबाल मैच

डरोह। यूथ क्लब साई भ्रान्ता द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रणौत क्लब बोदा की टीम टटैहल की टीम को हराकर विजेता बनी। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में रणौत क्लब बोदा ने करनाल की टीम को तथा टटैहल टीम ने बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रीतम सिंह वालिया चैयरमेन हिमालयन फ्लोर मिल साई ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विजेता रणौत क्लब बोदा की टीम को ट्राफी व 31000 नकद तथा उपविजेता मुस्कान क्लब टटैहल टीम को ट्राफी व 21000 नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। जबकि मुस्कान क्लब टटैहल के खिलाड़ी विपिन कुमार को प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

विधायक संजय रतन ने नवाजे होनहार

ज्वालामुखी। ज्वालामुखी विधानसभा के विधायक संजय रतन ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सियालकड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विद्यालय स्टाफ ने मुख्यतिथि को स्मृति चिह्न, शॉल व हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। वार्षिक उत्सव में पंचायत प्रधान संजीवना देवी, उपप्रधान एवं एसएमसी के प्रधान रामगोपाल, एसएमसी सदस्य व अभिभावक उपस्थित रहे। स्कूली छात्रों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसमें वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सियालकड़ के छात्रों ने सिरमौरी नाटी, कुल्लवी नाटी, डांडिया रास, भांगड़ा, गिद्दा ,देशभक्ति गीत जय हो, भूलभूलैया डांस, रामायण गान, झमाकड़ा आदि प्रस्तुत किए । इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक संजय रतन ने छात्रों सम्मानित किया।

बढल में 50 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

डाडासीबा। सासंद बोवाईल स्वास्थ्य सेवा टीम एमओ डॉक्टर सृजन शर्मा व उनकी टीम सोनी, नेहा, विपुल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बढल में निशुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन गणमान्य लोगों के सहयोग से किया गया। इसमें 50 मरीजों का चेकअप किया गया। इसमें कुल टेस्ट 17, बीपी के 18, सुगर के दस तथा अन्य 27 मरीजों का चेकअप किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को एक उचित खान-पान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी को निशुल्क दवाइयों दी गई।

आपदा प्रभावितों को वितरित किए चेक

ज्वालामुखी। विधायक संजय रतन ने सोमवार को विश्राम गृह ज्वालामुखी में मुख्यमंत्री आपदा कोष के तहत लाभार्थियों को 50 लाख के चेक वितरित किए। इस अवसर पर विधायक संजय रतन ने कहा कि प्रभावितों की मदद के लिए हमारी सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव करते हुए मुआवजा राशि में भी 25 गुणा तक की बढ़ोतरी की है, ताकि आपदा प्रभावितों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि भारी बारिश से प्रभावित सड़कों तथा पेयजल योजनाओं को भी रिकार्ड समय में दुरूस्त करवाया गया है, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो।

धर्मशाला में मांगों को लेकर गरजे पेंशनर्स

शहीद स्मारक से लेकर कचहरी अड्डा तक निकाली रोष रैली, जमकर की नारेबाजी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला कांगड़ा व अन्य पेंशनर्स संगठनों के बैनर तले पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे। अपनी मांगों को लेकर शहीद स्मारक से लेकर कचहरी अड्डा तक रोष रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। साथ ही उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि छठें वेतन आयोग, जिसे जनवरी 2016 से लागू किया जाना है, उसके

सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते पेंशनर्ज।

रिवाइजड पे स्केल में वित्तीय लाभ जो पेंशनर्स को मिलने हैं, उन्हें प्रदेश सरकार नहीं दे रही है। पहली जनवरी, 2016 से वर्ष 2022 तक के एरियर सरकार ने रोक रखे हैं। वित्तीय संकट का हवाला देते हुए सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी कर रही है। इसी के चलते जिला भर के पेंशनर्स धर्मशाला में एकत्रित हुए हैं। डीए की सरकार ने तीन किस्तें रोक रखी हैं। 12 फीसदी डीए पेंशनर्स का देय है। गेच्यूटी, लीव इन कैशमेंट और वित्तीय लाभ पेंशनर्स को नहीं दिए जा रहे।

31 दिसंबर, 2015 से पहले के रिटायर हुए लोगों के 50 हजार से अधिक केस एजी आफिस शिमला में लंबित हैं। वहीं, सरकार ने मांगें न मानी तो प्रदेश भर के पेंशनर्स शिमला में धरना प्रदर्शन करेंगे।

नालागढ़ बना विद्यार्थी परिषद का नया संगठनात्मक जिला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 10 फरवरी से शुरू होकर आज 12 फरवरी को संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के कोने-कोने से 140 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक वंडर वर्ल्ड रिजॉर्ट धर्मशाला मे आयोजित की गई।

प्रदेश सह मंत्री रितिक पालसरा ने जानकारी देते हुए बताया विद्यार्थी परिषद की वर्ष में दो बार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होती है इस बार यह बैठक कांगड़ा जिला में होनी तय हुई थी , जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से 140 कार्यकर्ताओं नें भाग लिया। इस बैठक में अगले एक वर्ष की पूरी योजना बनाई गई और प्रदेश के अन्य मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई और उन मुद्दों के समाधान के लिए क्या प्रयास किया जा सकते है उसकी रणनीति बनाई गई। वहीं, इस बार विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में एक लाख से ज्यादा सदस्यता का अभियान लेगी पिछले वर्ष विद्यार्थी परिषद की पुरे प्रदेश में कुल सदस्यता 95,663 हुई। विद्यार्थी परिषद में पहले 18 संगठनात्मक जिले थे लेकिन इस बार सोलन में एक और संगठनात्मक जिला नालागढ़ को बनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया और नालागढ़ को नया संगठनात्मक जिला घोषित किया गया।

पानी की रॉयल्टी के लिए मैं और हिमाचल नरसिम्हा राव के हमेशा ऋणी रहेंगे: शांता

पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि इस बार भारत रत्न से सम्मानित भारत के महापुरुषों में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के प्रति हिमाचल प्रदेश विशेष रूप से ऋणी है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को एक बहुत बड़ा वरदान दिया था, जो हमेशा के लिए हिमाचल प्रदेश को लाभ देता रहेगा। उन्होंने कहा कि नरसिम्हा राव बहुत विद्वान और योग्य प्रधानमंत्री थे। शांता कुमार ने कहा कि वह प्रधानमंत्री के कमरे में गए। कल्पनाथ राय ने उनकी तरफ इशारा किया और कहा कि यह हिमाचल के मुख्यमंत्री बार-बार पानी की रायॅल्टी के लिए कहते हैं। प्रधानमंत्री ने मेरी बात सुनी। एक महीने के अंदर अनुकूल रिपोर्ट आई और तीन महीनों में लिखित समझौता हुआ। हिमाचल में लगने वाली पन बिजली परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली रायॅल्टी के रूप में मिलेगी। यदि उनकी जगह कोई और प्रधानमंत्री होता तो शायद इस रूप में इतनी बड़ी मांग स्वीकृत नहीं होती।

किसानों-बागवानों की हर मांग होगी पूरी : यादविंद्र गोमा

टीम, जयसिंहपुर, पंचरूखी

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी बनाने के लिए किसानों के हित में हिम उन्नति योजना आरंभ की गई है। इस योजना में किसानों के उत्पादों के लिये दूध, सब्जियों-और अन्य नकदी फसलों के कलस्टर बनाए जाएंगे। मंत्री सोमवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कर्णघट में आतमा परियोजना के माध्यम से आयोजित किसान गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल कृषि अभियांत्रिकी उपमिशन के अंतर्गत ट्रैक्टर, पावर वीडर या पावर टिल्लर जैसे कृषि उपकरणों पर महिला किसानों को 50 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाई है और 24,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर किसान-बागवान इस विधि से कृषि-बागवानी का कार्य कर रहे है। गोमा ने कहा कि प्रदेश अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी योजनाओं की जानकारी गोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर तक ऐसे शिविरों का आयोजन करें।

वहीं, उन्होंने आयुर्वेद औषधालय कर्णघट के भवन निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 25 लाख, सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चार कमरों, जय दुर्गा महिला मंडल के भवन के लिए अढ़ाई लाख, सामुदायिक भवन के लिए तीन लाख, मैदान निर्माण के लिए पांच लाख, मंदिर के लिए डेढ़ लाख तथा हैंडपंप को विद्युतीकृत करने की घोषणा की।

पंचरुखी के शहीद प्रवीण को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई, बेटी ने दी मुखाग्नि

अजय पाल, पंचरुखी

सरहद की रक्षा करते हुए पंचरुखी क्षेत्र का जवान शहीद हो गया। 17 पंजाब रेजिमेंट के 42 वर्षीय जवान प्रवीण कुमार की पोस्टिंग भारी ठंड व कम ऑक्सीजन वाली लदाख की पहाड़ियों में थी।

ड्यूटी के दौरान ठंड से उनका ब्लड सर्कल बंद हो जाने से उन्हें कमांड अस्पताल पंचकूला में भर्ती किया गया था। अस्पताल में उनका ऑपरेशन भी किया गया, लेकिन उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिंदगी ओर मौत से जूझते हुए रविवार सुबह कमांड अस्पताल पंचकूला में अंतिम सांस ली। प्रवीण कुमार की मौत की खबर सुनते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार रात को उनकी पार्थिव देह उनके घर पंचरुखी के दलीप नगर में लाई गई। सोमवार को पूरे सैनिक सम्मान के साथ इनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी बेटी मुस्कान ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर विदा किया। जब बेटी ने पिता को मुखाग्नि दी तो वहां पर मौजूद सैकड़ों लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। बताते चलें कि प्रवीण कुमार का पैतृक घर विधानसभा जयसिंहपुर की मझेड़ा पंचायत के बल्ह गांव में था। वहीं, मझेड़ा स्कूल में अपनी पढ़ाई करने के बाद सन 1998 में 17 पंजाब रेजीमेंट में भर्ती हुए। सिपाही से नायब सूबेदार बनने तक अपनी 26 वर्ष की देश सेवा के दौरान देश के हर कोने में अपनी सेवाएं दी। प्रवीण कुमार के पिता जगदीश चंद भी 17 पंजाब रेजीमेंट से सेवानिवृत्त हुए हैं। सैकड़ों लोगों इनकी अंतिम यात्रा मे शामिल रहे। प्रशासन की तरफ से तहसीलदार पालमपुर साजन बग्गा, उपतहसीलदार पंचरुखी अरुण कुमार व पंचरुखी पुलिस टीम भी भी मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

शहीद प्रवीण कुमार को सलामी देते आर्मी के जवान व अन्य।

जवानों ने शहीद प्रवीण कुमार को दी सलामी

आर्मी की तरफ से कर्नल प्रबल माथुर, 17 पंजाब रेजीमेंट से कैप्टन तुषार शर्मा व जवानों ने शहीद प्रवीण कुमार को सलामी दी। प्रवीण कुमार अपने पीछे माता पिता, पत्नी सरोज व तीन बेटियां मुस्कान 19 वर्ष, अंकिता 17 वर्ष व प्रज्ञा दस वर्ष छोड़ गए। अभी तीनो बेटियां पढ़ाई कर रही है।

शिक्षा हब के रूप में विकसित होगा नगरोटा बगवां क्षेत्र: बाली

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। नगरोटा में राज्य का सबसे बड़ा मॉडल स्कूल शीघ्र खोला जाएगा ताकि इस विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

सोमवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोत्री, सुन्नी तथा टैगोर पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मेधावियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में विकास पुरूष स्व जीएस बाली के अथक प्रयासों से मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, फार्मेसी कालेज तथा दो महाविद्यालय इसके साथ ही बहुतकनीकी संस्थान स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर आरएस बाली ने 15 लाख सरोत्री पाठशाला के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए दिए तथा पांच लाख शौचालय निर्माण के लिए तथा दो स्मार्ट क्लासरूम व दस हजार संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए और एक वाटर कूलर दिया। दस लाख सुन्नी पाठशाला को भवन और अन्य कार्यों के लिए दिया। 30 हजार सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए दिया और दो सोलर लाइट दी और वाटर कूलर दिया। टैगोर पब्लिक पाठशाला सुन्नी में एक लाख रुपए, हेडपंप,स्ट्रीट लाइट पाठशाला के लिए दी।

छात्रों को संबोधित करते आरएस बाली।

बच्चों की मदद के लिए बनेगी वेलफेयर सोसायटी

शाहपुर। शाहपुर में गरीब बच्चों की सहायता हेतु वेल्फेयर सोसायटी बनाई जाएगी, ताकि गरीब बच्चों को समय समय पर सुगमता से सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। यह जानकारी शाहपुर के विधायक केवल पठानिया ने आज रैत में अपने जन्मदिन के अवसर आयोजित समारोह में दी। उन्होंने कहा कि शाहपुर के हजारों जरूरतमन्द गरीब बच्चों को उनके द्वारा अभी तक स्वेटर और जूते उपलब्ध करवाये गए हैं और शेष बच्चों को भी चरणबद्ध तरीके से यह सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शाहपुर में एक ऑनलाइन ब्लडबैंक भी स्थापित किया जाएगा ताकि किसी को भी आपातकालीन समय पर सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

धरना-प्रदर्शन करने को बनाई रणनीति

नूरपुर। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच नूरपुर जोन की मासिक बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाल पठानिया की अध्यक्षता में मंडलीय कार्यशाला जसूर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर हिमाचल परिवहन कर्मचारी कल्याण मंच के सदस्यों द्वारा दुःख व्यक्त किया गया तथा बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा उनकी दिवंगत आत्मा की शन्ति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया । बैठक में बकाया देय भत्तों भुगतान नहीं किए जाने को लेकर जो प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन किया जाना था उसे स्थगित किए जाने को लेकर चर्चा की गई तथा आगामी यह कब किया जाएगा उस पर चर्चा की गई । देय भत्तों का भुगतान न होने को लेकर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए आगामी लोकसभा सभा में उन्हें सबक सीखने को लेकर कहा । बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया कि हिमाचल परिवहन कल्याण मंच द्वारा 15 फरवरी से शुरू होने वाले प्रस्तावित धरने-प्रदर्शन को आगामी आदशों तक स्थगित कर दिया गया है और इस पर अगली रुपरेखा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी 26 फरवरी को बिलासपुर में प्रदेश कार्यकारणी की प्रदेश स्तरीय बैठक में तय की जाएगी।

पालमपुर में हुआ जिला स्तरीय 'ईट राइट मिलेट फेस्टिवल' का आगाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पौष्टिक आहार शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे आचार, व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य को भी संबल प्रदान करता है। मंगलवार के समय में हमें फूड सिक्योरिटी के साथ न्यूट्रीशनल सिक्योरिटी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। पालमपुर के शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा मैदान में आज सोमवार को जिला स्तरीय 'ईट राइट मिलेट फेस्टिवल' के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने यह बात कही।

इस दौरान मिलेट मैन के नाम से विख्याम पदम्श्री पुरस्कार विजेता नेकराम विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोटे अनाज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी पारंपरिक खेती का हिस्सा रहे मिलेट्स या मोटे अनाज पोषण की खूबियों के चलते सुपर फूड हैं। उन्होंने कहा कि रक्तचाप, डायबिटीज जैसी अनेक बीमारियां आज आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के सेवन से न केवल हम इन्हे नियंत्रित कर सकते हैं अपितु इन बीमारियों से निजात भी पा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपनी खान-पान में इसका सेवन बढ़ाने की बात कही। वहीं, उपायुक्त ने कहा कि कुपोषित बच्चों में न्यूट्रीशन की कमी पूरी करने के उद्देश्य से जिला कांगड़ा में मिशन भरपूर की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा महिला बाल विकास विभाग की ओर से शुरू किए गए इस अभियान में कुपोषित बच्चों के लिए सीएसआईआर व आईएचबीटी पालमपुर के सहयोग से चॉकलेट बार तैयार करवाई गई हैं।

त्रिलोक सूर्यवंशी बने को-ऑर्डिनेटर

पपरोला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी जिला कांगड़ा के उपाध्यक्ष त्रिलोक सूर्यवंशी को सेंट्रल वार रूम में लोक सभा संसदीय क्षेत्र मंडी का को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। त्रिलोक सूर्यवंशी भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश से वर्ष 2020 में सहायक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और इसी वर्ष इन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 2021 में त्रिलोक सूर्यवंशी को पार्टी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ का महासचिव नियुक्त किया। इस दौरान त्रिलोक सूर्यवंशी ने बैजनाथ चुनाव क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के लगभग नए 500 सदस्य बनाए।

किशोरी लाल ने किया श्री सिद्ध बाबा विद्युतीकरण हैंडपंप का लोकार्पण

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

हैंडपंप का लोकार्पण करते सीपीएस किशोरी लाल।

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने सोमवार को बैजनाथ निर्वाचन क्षेत्र की धार चढ़ियार की ग्राम पंचायत कोठी के मंदरेरा में दस लाख की लागत से श्री सिद्ध बाबा विद्युतीकरण हैंडपंप का लोकार्पण और फटाहर में 10 लाख रुपए की लागत से लगने बाले खड्डी प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास किया।

किशोरी लाल ने कहा कि चढ़ियार क्षेत्र में पेयजल की बेहतर सुविधा के सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे है। सभी पुरानी पेयजल पाइपें बदली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विस क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सड़क की बेहतर सुविधा देने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा के दुर्गम क्षेत्रों में भी विकास को गति प्रदान करने के लिए वर्तमान सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने त्रिलोकपुर स्कूल में छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, जवाली

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार आज सोमवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, त्रिलोकपुर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने सहित शिक्षा के आधारभूत ढांचे की मजबूती पर विशेष बल दे रही है। इस दौरान कृषि मंत्री ने स्कूल में अतिरिक्त भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त स्कूल की पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। जबकि स्कूल की चारदीवारी के लिए एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। कृषि मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर कृषि मंत्री ने स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके 40 पूर्व छात्रों जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम चमकाया है को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ मंत्री चंद्र कुमार।

कांग्रेस का विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं : घनश्याम

अनंत ज्ञान, पालमपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि विकास के नाम पर 60 साल तक कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता को सब्जबाग दिखाती रही है। दूरदराज के क्षेत्रों में विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।

लोगों की मांगों की हमेशा अनदेखी होती रही। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांगड़ा चंबा ही नही पूरे लोगों के दर्द को समझ चंबा को भी आकांक्षी जिला में शामिल कर यहां विकास के नए द्वार खोले हैं। इससे सड़कों की हाल सुधरी है। उन्होंने कहा कि मोदी हिमाचल की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हैं। उन्होंने यहां के पहाड़ों को नजदीक से देखा ही नहीं है उन्हें उतरा चढ़ा भी है। वह प्रदेश की एक एक समस्या से परिचित हैं। यही वजह है कि उन्हें कुछ बताने की आवश्यकता नहीं पड़ती, वह खुद हिमाचल को एक के बाद एक उपहार दे रहे हैं, ताकि यहां की जनता की मुश्किलें कम हों और वह विकास की दौड़ में आगे निकल सके। शर्मा ने कहा कि दस सालों के केंद्र की सरकार ने प्रदेश को नायाब तोहफे दिए हैं, लेकिन जनता की सहभागिता भी इसमें बहुत जरूरी है।

जानकारी चरस, गांजा, भांग, हेरोइन, कोकीन, साइबर क्राइम, जाली करंसी पर दी जानकारी

32 उपनिरीक्षकों को दी फॉरेंसिक जांच की ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तरी रेंज, धर्मशाला में पुलिस ट्रेनिग कॉलेज के उपनिरीक्षकों को एक दिन की फॉरेंसिक साक्ष्यों को इकट्ठा एवं जांच करने की ट्रेनिंग दी गई।

इस प्रशिक्षण शिविर में हिमाचल प्रदेश के 32 पुलिस उपनिरीक्षकों ने भाग लिया। इस फॉरेंसिक साइंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत घटना स्थल पर मिले विभिन्न प्रकार के प्रमाणों जैसे हड्डी, धातु के टुकड़, रंग, पेंट, खून, बाल, रेसे, औजारों के निशान, टायर के निशान, हाथ व पैर की उगलियों के निशान, टूटे कांच के टुकड़े, गोली, विस्फोटक के अवशेष, पेट्रोलियम पदार्थ व मादक पदार्थ जैसे चरस, गांजा, भांग, हिरोइन, कोकीन, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, साइबर क्राइम, एटीएम की चोरियों, जाली करंसी, पासपोर्ट, वीजा में धोखाधड़ी, बैंक के चैक में छेड़छाड़ आदि तथ्यों की व्यवहारिक ओर प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। इनकी फॉरेंसिक प्रयोगशाला में वैज्ञानिक जांच कर अपराधियों की पहचान की कोशिश की जाती है। राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की निदेशक डॉक्टर मिनाक्षी महाजन ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर घटना के रहस्य पर से पर्दे को उठाने में पुलिस व अन्य संस्थाओं को सहयोग देते हैं।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान मौजूद उपनिरीक्षक सामूहिक चित्र में।

गुत्थी को सुलझाने में मिलती है मदद

क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला के सहायक निदेशक अजय सहगल ने कहा कि जब कोई लाश संदिग्ध अवस्था में मिलती है, तो पुलिस अन्वेषण अधिकारियों के लिए यह तय करना मुशकिल हो जाता है कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी सुनियोजित हत्या का परिणाम है। पुलिस अन्वेषण अधिकारियों को किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञ द्वारा घटना स्थल से उठाए एवं जुटाए गए भौतिक साक्ष्यों को फॉरेंसिक लैब में जांच करके अपराध से संबंधित केस को किसी नतीजे पर पहुंचाने व गुत्थी को सुलझाने में मदद करते हैं। निदेशक व रेंज फॉरेंसिक प्रवक्ता डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि फॉरेंसिक विज्ञान के अंतर्गत अपराध एवं विज्ञान के तालमेल से अपराधियों की पहचान की जाती है।

देहरा फिटनेस जिम के नाम रही ओवरऑल ट्रॉफी

देहरा। हिमाचल वॉरियर्स फेडरेशन द्वारा देहरा के बचत भवन में स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित की गईं। एसडीएम शिल्पी बेक्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। पुरुष वर्ग में चंबा के शुभ कुमार ने स्ट्रोंग मैन स्पर्धा जीती। उन्होंने 465 अंक हासिल सभी को चकित कर दिया। महिला वर्ग में देहरा की मनीषा ने स्ट्रोंग वूमेन स्पर्धा जीती। उन्होंने 200 अंक हासिल कर शक्ति का प्रदर्शन किया। ओवरऑल ट्रॉफी देहरा फिटनेस जिम के नाम रही। आयोजक दर्शन गुलेरिया ने कहा कि विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित।

नहीं मिल रही आंखें, कोरोना काल से घटा अंगदान करने वालों का ग्राफ, 300 लोगों के आईजीएमसी में हो चुके कॉर्नियां ट्रांसप्लांट, 190 लोगों ने आंखें दान कर कमाया पुण्य

हिमाचल में सालाना दस प्रतिशत से अधिक लोगों को अंगदान की जरूरत

रविंद्र जस्टा, शिमला

हिमाचल में सालाना दस प्रतिशत लोगों को अंदान की जरूरत है। आजकल कम लोग अंगदान के लिए आगे आ रहे हैं। चिकित्सक लोगों से अपील भी कर रहे हैं कि अंगदान के लिए आगे आएं। लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए की उन्हें कभी जरूरत नहीं पड़नी है। कभी भी लोगों को किसी भी अंग की जरूरत पड़ सकती है। अगर हम आंखों की बात करते हैं तो मनुष्य के मरने के बाद भी उसकी आंखें दुनिया देख सकती हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल

आईजीएमसी में 2011 में पहली बार आंखें दान करने की सुविधा शुरू हुई है। अब स्थिति ऐसी बन चुकी है कि हिमाचल में अंधेपन का शिकार हुए लोग रोशनी तो देखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें आंखें नहीं मिल रही हैं। आईजीएमसी में 150 लोगों की वेटिंग लिस्ट पड़ी है। यह लोग अब इंतजार कर रहे हैं कि उन्हें आंखें कब मिलेंगी और कब वह रोशनी से दुनिया देख पाएंगे। आंखें न मिलने पर आगामी दिनों में काफी ज्यादा दिक्कतें आ सकती हैं। इसका कारण यह भी है कि जब से कोरोना काल चला तब से आंखें दान करने वालों की संख्या काफी कम हुई है। इसके बारे में जब आईजीएमसी में आइज विभाग के एचओडी व विशेषज्ञ रामलाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि लोगों को आंखें दान करने के लिए आगे आना चाहिए। अभी तक 190 के करीब लोग आंखें दान कर चुके हैं, जिनमें से 300 लोगों को कोर्नियां लग चुके हैं। हिमाचल में सिर्फ आईजीएमसी में यह सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जो लोग अभी आंखों के लिए इंतजार कर रहे हैं उनके भी कोर्निया ट्रांसप्लांट किए जाएंगे। यह तभी संभव हो पाएगा, जब मरने के बाद किसी से उन्हें आंखें दान हो पाएंगी। (अनंत ज्ञान)

1200 करवा चुके पंजीकरण

आईजीएमसी में 1200 लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। इन लोगों ने यह कहा कि जब मृत्यू होगी तो इनकी आंखें किसी पीड़ित मरीजों को दिए जाए, ताकि किसी की तो जिंदगी बच सके और वह भी रोशनी देख सकें। हिमाचल में सिर्फ दो ट्रांसप्लांट होते हैं और दोनों आईजीएमसी में ही होते हैं। इनमें एक कॉर्निया और दूसरा किडनी ट्रांसप्लांट होता है। चिकित्सकों का दावा है कि शीघ्र ही अन्य ट्रांसप्लांट भी शुरू किए जाएंगे।



अब तक हो चुके पांच किडनी ट्रांसप्लांट

आईजीएमसी में 12 अगस्त, 2019 को पहला किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उसके बाद दो और मरीजों के किडनी ट्रांसप्लांट गए। उसके बाद फिर 23 अगस्त, 2021 को चौथा व पांचवां किडनी टांसप्लांट हुआ था। अभी तक कुल पांच किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। सभी मरीज स्वस्थ हैं। मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट के बाद किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नहीं आई हैं, इन दिनों चिकित्सकों की कमी के चलते किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो रहे हैं।

एक व्यक्ति आठ लोगों को कर सकता है अंगदान

एक व्यक्ति के शरीर से आठ व्यक्तियों को अंगदान किया जा सकता है। जीवित अंगदाता किडनी, लीवर का भाग, फेफड़े का भाग और बोन मैरो दान दे सकते हैं, वहीं मृत्युदाता यकृत, गुर्दे, फेफड़े, पेनक्रियाज, कॉर्निया और त्वचा दान कर सकते हैं। हृदय को चार से छह घंटे, फेफड़े को चार से आठ घंटे, इंटेस्टाइन को छह से दस घंटे, यकृत को 12 से 15 घंटे, पेनक्रियाज को 12 से 14 घंटे और किडनी को 24 से 48 घंटे के अंतराल में जीवित व्यक्ति के शरीर में स्थानांतरित किया जा सकता है। अभी तक आईजीएमसी में सिर्फ कॉर्निया और किडनी के ट्रांसप्लांट हाते हैं। हिमाचल में लीवर ट्रांसप्लांट की भी शीघ्र ही सुविधा मिलेंगी। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल पहले ही बता चुके हैं कि ऐसी सुविधा देने को लेकर सरकार प्रयास कर रही है। लीवर ट्रांसप्लांट के लिए लोगों को बाहरी राज्य का रुख करना पड़ रहा है। सरकार इसको लेकर अभी प्लान तैयार कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

दिव्यांगजनों के कल्याण पर विशेष ध्यान

शिमला। स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में सोमवार को दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने सभी विभागों को दिव्यांगों के लिए आरक्षित रिक्त पड़े बैकलॉग पदों की 29 फरवरी, 2024 तक सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को रिक्त पड़े सभी पदों को केंद्र सरकार की अधिसूचना अनुसार भरने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों और केंद्रीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सचिव एम सुधा देवी, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सशक्तिकरण के निदेशक प्रदीप कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित नेत्रहीन संघ के सदस्य उपस्थित थे।

कांग्रेस के काले कारनामों का लेखा-जोखा है श्वेत पत्र

शिमला। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कमर प्यार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए श्वेत पत्र ने कांग्रेस पार्टी की पोल खोल दी है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस की प्राथमिकता में हमेशा परिवार और भ्रष्टाचार रहा है। कांग्रेस पार्टी के लिए देश नहीं, बल्कि खुद की जेब भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस श्वेत पत्र ने पूरी तरह से साफ किया है कि कांग्रेस की आर्थिक नीतियों से देश को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में देश के बैंक घाटे में थे और लोग पैसा लेकर भाग रहे थे, जिस पर सरकार चुप्पी साध रखी थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसान कल्याण, गरीब कल्याण तथा जन-जन का कल्याण किया है। श्वेत पत्र ने केंद्र की 2004 से 2014 की कांग्रेस सरकार के काले कारनामों को उजागर किया है।

कांग्रेस ने बनाए मीडिया को-ऑर्डिनेटर

हमीरपुर। हिमाचल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए चारों संसदीय सीटों पर मीडिया को-ऑर्डिनेटर की नियुक्तियां कर दी हैं। इन नियुक्तियों में हमीरपुर से पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर को जिम्मेदारी सौंप गई है, जबकि कांगड़ा से संजीव गांधी और मंडी से शशि शर्मा का नाम शामिल है। इसी तरह शिमला सीट से अमन सेठी को मीडिया को-आर्डिनेटर बनाया गया है। हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के हवाले से जारी पत्र में इन नियुक्तियों की पुष्टि की गई है।

सीएम के नेतृत्व में हो रहा चहुंमुखी विकासः खाची

काजा। राज्य वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन केहर सिंह खाची ने कहा है कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनी है। प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय दस गारंटियां प्रदेश की जनता को दी थीं, जिनमें से दो गारंटियां पूरी कर ली गई हैं। इसके अलावा अन्य गारंटियां आगामी चार सालों के भीतर पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जब भी प्रदेश में आईस हॉकी चर्चा शुरू होती है तो स्पीति की तरफ सबका ध्यान जाता है। स्पीति की पहचान अब आईस हॉकी के तौर पर हो रही है। उन्होंने कहा कि खेले जहां सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वहीं पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक है।

ऊना में दबोचा चंडीगढ़ का चिट्टा तस्कर

चिट्टे के साथ दबोचे गए युवक-युवती के खुलासे के बाद सोलन पुलिस ने की कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

शिमला निवासी युवक-युवती से मिले 11 ग्राम चिट्टे की गंध को सूंघते हुए सोलन पुलिस ने चंडीगढ़ निवासी चिट्टा तस्कर को हिमाचल के ऊना से दबोच लिया है।

अपने सहयोगियों के पकड़े जाने की खबर के बाद यह तस्कर भूमिगत हो गया था, उसने अपने मोबाइल फोन से चिट्टा तस्करों से जुड़े तमाम फोन नंबर व व्हाट्सऐप चैट भी डिलीट कर दी थी। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि जिला पुलिस की एक टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर छह फरवरी को सनवारा टोल प्लाजा के पास जो परवाणू की तरफ से आ

रही एक कार को तलाशी के लिए रोका। इस कार में शिमला के चड़ी वार्ड के हीरानगर निवासी 31 वर्षीय बिशप सैन व शिमला के मिडिल बाजार निवासी 23 वर्षीय एक युवती बैठी थी।

पुलिस ने तलाशी के दौरान कार में छिपा कर रखा गया 11 ग्राम चिट्टा बरामद कर लिया था , जिस पर थाना धर्मपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत करने के साथ दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि वे चिट्टे की इस खेप को चंडीगढ़ के 32 सेक्टर में रहने वाले 27 वर्षीय विजय से लाए थे। उधर, युवक, युवती के पकड़े जाने की खबर के बाद विजय भूमिगत हो गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखे और रविवार को उसे ऊना जिला से गिरफ्तार कर लिया गया। पता चला है कि विजय ने अपने मोबाइल से चिट्टे के खरीददारों के सभी नंबर व उनकी व्हाट्सऐप चैट डिलीट कर दी है। एसपी ने बताया कि उससे पूछताछ जारी है।

अब तक 84 दबोचे

पिछले लगभग एक वर्ष में सोलन जिला पुलिस ने बाहरी राज्यों के 84 आरोपियों को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इनमें चिट्टे के 74 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं। इनमें छह अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं। इन बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 12 बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति बंद हुई है।

एक किलो 300 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर पुलिस ने नाके के दौरान एक किलो 300 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि जोगिंद्रनगर पुलिस के एएसआई पंकज कटोच, सब-इंस्पेक्टर मुंशी राम, कांस्टेबल अशोक कुमार, अनिल, विजेंद्र ने जोगिंद्रनगर के रोपा पद्धर में नाका लगाया था।

पुलिस ने उस दौरान एक व्यक्ति जो सामने से चला जा रहा था कि शक के आधार पर जब उससे पूछताछ की गई और बैग की तलाशी ली तो उसमें से एक किलो 300 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान श्रवण कुमार गांव जिहलन पोस्ट ऑफिस झटिंगरी पधर के रूप में हुई है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस बारे में मामला दर्ज कर लिया है, आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा और नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

चरस के आरोपी के साथ पुलिस कर्मी।

परवाणू पुलिस ने पति-पत्नी को पिस्तौल व गोलियों के साथ किया गिरफ्तार, शिमला के युवक को परवाणू बुलाकर हथियारबंद युवकों से लुटवाया

सोशल मीडिया पर बढ़ाई दोस्ती, मिलने बुलाकर दंपती ने लूट लिए 70 हजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

सोशल मीडिया ऐप टिंडर पर दोस्ती बढ़ा कर शिमला के युवक को परवाणू बुलाकर अपने साथियों से लुटवाने वाली चालबाज महिला को उसके पति के साथ गिरफ्तार कर लिया है। परवाणू की डीएसपी प्रणव चौहान ने यहां एक पत्रकारवार्ता में बताया कि उनके हवाले से एक पिस्तौल, पांच जिंदा कारतूस व मोबाइल व लैपटॉप भी बरामद किए गए हैं।

दोनों को अदालत ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शिमला निवासी राहुल ठाकुर ने पुलिस थाना परवाणू में तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी मुलाकात कुछ दिन पहले सोशल मीडिया ऐप टिंडर के माध्यम से एक लड़की से हुई थी, जिसके बाद से इनकी आपस में बातचीत हो रही थी और कुछ ही दिनों में दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी। राहुल ठाकुर ने पुलिस को बताया था कि बातचीत के दौरान इस लड़की ने इन्हें अपना मोबाइल नंबर दिया तथा मिलने के लिए इन्हें प्रेम हर्बल पार्क सेक्टर-चार परवाणू बुलाया, जिस पर वह 30 जनवरी को प्रेम हर्बल पार्क में पहुंचा। वहां पर वह लड़की तो नहीं पहुंची अलबत्ता दो लड़के इसी दौरान वहां आ धमके, जिन्होंने उसे पिस्तौल दिखाकर गाड़ी में बिठाया और कसौली रोड पर ले गए।

5 दिन के रिमांड पर भेजे आरोपी

पुलिस की गिरफ्त में शिमला के युवक को लूटने के आरोपी पति-पत्नी।

इन लड़कों ने सुनसान जगह पर गाड़ी रोककर इससे 70 हजार रुपए लूट लिए। राहुल की शिकायत पर परवाणू थाने में 31 जनवरी को आईपीसी की कई धाराओं व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। डीएसपी प्रणव चौहान ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपी महिला पूजा पहले से ही शादीशुदा है और वह अपने पति के साथ मिलकर इस गिरोह को चलाती है। पुलिस थाना परवाणू की टीम ने आरोपी राजस्थान के गंगानगर निवासी 25 वर्षीय पंकज कुमार और उसकी पत्नी पंजाब के फजिल्का के अबोहर की रहने वाली 24 वर्षीय पूजा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन का पुलिस रिमांड ली गई है, ताकि उनसे आगे की पूछताछ की जा सके। इस मामले का एक आरोपी अभी फरार है। उन्होंने बताया कि अब तक की पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी पति-पत्नी हैं। इनके नेटवर्क की अभी तक की जांच में पता चला है कि इनके निशाने पर करीब पांच अन्य व्यक्ति भी थे, जिनसे वे लगातार बातचीत कर रहे थे। उन्हें कुछ समय मिलता तो वे उन्हें भी इसी तरह लूटते।

एक साल में ही निकल गया प्रदेश की कांग्रेस सरकार का जनाजा: जयराम

मंडी। कांग्रेस सरकार का एक साल में ही जनाजा निकल गया है। आज प्रदेश में विकास के सभी काम ठप पड़े हैं और कर्मचारियों को वेतन के लिए सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मंडी में सराज छात्र कल्याण संघ के वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में अभी जो बजट सत्र शुरू होने जा रहा है, उसके लिए विपक्ष पूरी तरह से तैयार है और पूरी मजबूती के साथ सदन में प्रदेश सरकार के गलत निर्णयों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। सराज छात्र कल्याण संघ के वार्षिक कार्यक्रम में सराज क्षेत्र से संबंध रखने वाले युवाओं और युवतियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जयराम ठाकुर ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, वशिष्ट अतिथि सूरजमनी, स्थानीय पार्षद सोमेश उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनीष कपूर, टेक सिंह, सराज छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष चमन मेहता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सुक्खू सरकार की दस गारंटियों को पूरा होने की कोई गारंटी नहीं

बंगाणा। राज्य में सुक्खू सरकार की दस गारंटियों को पूरा करने की कोई गारंटी नहीं है। हजारों करोड़ का कर्ज लेकर सुक्खू सरकार केवल सत्ता सुख भोगने में ही व्यस्त रही है। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने बंगाणा के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि 14 माह पूर्व कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता को झूठे सब्ज बाग दिखाकर दस झूठी गारंटियों का सहारा लेकर सत्ता हासिल की थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद कांग्रेस पार्टी के बड़े स्तर के नेता गारंटियों का प्रचार करते जनता को भ्रमित करते रहे, वे कांग्रेस नेता दोबारा हिमाचल नहीं आए । उन्होंने कहा कि भाजपा विजन 400 को लेकर आगे बढ़ रही है।

बिलासपुर एम्स में प्रेम प्रसंग बना प्रशिक्षु की आत्महत्या का कारण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर एम्स में प्रेम प्रसंग प्रशिक्षु डॉक्टर की आत्महत्या का कारण बना है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुलिस को सोसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें प्रेम प्रसंग की बात कही गई है। पुलिस उक्त युवती से भी पूछताछ कर रही है। बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस सारे पहलुओं को देखते हुए जांच कर रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सोमवार को परिजनों के आने पर बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया गया है। शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संदर्भ में एम्स प्रशासन कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। बता दें कि कुछ समय से बिलासपुर एम्स काफी विवादों में रह रहा है। कुछ समय पहले कर्मचारियों की वीडियो वायरल होना, तो दूसरी ओर एम्स में नौकरी लगाने की एवज में पैसे ऐंठना इत्यादि एम्स प्रबंधन पर कई सवाल पैदा कर रहे हैं। अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि जब प्रशिक्षु डॉक्टर ने होस्टल की मंजिल से छलांग लगाई, तब सुरक्षा जवान कहां पर थे। उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि सोसाइड नोट बरामद हुआ है। प्रशिक्षु डॉक्टर की आत्महत्या मामले में प्रेम प्रसंग सामने आ रहा है।

आठ दिन बाद मिला चेन्नई के पूर्व मेयर के लापता बेटे का शव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

चेन्नई के पूर्व मेयर के लापता बेटे का शव हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में दुर्घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर मिला है। एस. दोराइस्वामी के लापता बेटे वेट्री दुरइसामी के साथ चार फरवरी को दुर्घटना हो गई।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

घटना के समय गाड़ी में तीन लोग सवार थे, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल गोबीनाथ 32 वर्ष पुत्र स्व. सेल्वराज निवासी पलायम, वेल्लाकोविल, तिरुप्पुर, तमिलनाडु को आईजीएमसी या उपचार के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अन्य तेनजिन निवासी वीपीओ ताबो, जिला लाहौल-स्पीति, हिमाचल प्रदेश को घटनास्थल पर मृत पाया गया, जबकि तीसरा व्यक्ति नदी में लापता हो गया था। हादसा कल्पा के काशंग नाला के पास सतलुज में हुआ था। पुलिस स्टेशन रिकांगपिओ में इस बाबत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के दिन मानव शरीर का कुछ हिस्सा मौके पर पाया गया था और उसे जांच अधिकारी द्वारा संरक्षित किया गया था, जिसे छह फरवरी को डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा, एचपी में भेजा गया था। उपरोक्त लापता व्यक्ति का पता लगाने के लिए एक संयुक्त खोज अभियान चलाया गया। जिला पुलिस, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, नेवी, एसडीआरएफ उत्तराखंड, होम गार्ड और माहूंनाग एसोसिएशन के गोताखोरों ने सतलुज नदी के तट पर लापता व्यक्ति का पता लगाने के लिए सर्च आपरेशन चलाया, जिसमें ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया।

सोमवार को लापता व्यक्ति को स्थानीय गोताखोर द्वारा घटनास्थल से लगभग तीन किमी दूर सतलुज नदी से बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी शिमला भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

मसला | किरतपुर-मनाली फोरलेन की दूसरी टनल का 70 फीसदी काम पूरा, जून तक होगी तैयार

निर्माणाधीन टनल में आई दरारें, काम रुका

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

किरतपुर-मनाली फोरलेन की कैंची मोड़ में स्थित दूसरी निर्माणाधीन टनल में कुछ दरारें आ जाने से काम रुक गया है, लेकिन यह टनल जून माह तक हर हाल में मुकम्मल हो जाएगी। यह टनल इस फोरलेन की सबसे महत्वपूर्ण टनल है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

यह वही टनल है, जिसे पहले इस्केप टनल के रूप में बनाने की योजना थी, लेकिन अब आने और जाने के लिए अलग-अलग टनलें तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। यह पहला स्थान है, जहां पर अभी तक एक ही टनल है, लेकिन दूसरी टनल का निर्माण मुकम्मल होने के बाद हाई-वे के ट्रैफिक में और फायदा होगा। इस टनल की तर्ज पर आगे की चार अन्य टनलें भी ट्रैफिक के लिए



कैंची मोड़ स्थित टनल का फाइल फोटो।

आने-जाने को अलग-अलग तैयार होंगी। दूसरी टनलों की डीपीआर भी तैयार हो चुकीं हैं। उन्हें मंत्रालय की स्वीकृति मिलते ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद यह काम शुरू होगा। कैंची मोड़ की निर्माणाधीन दूसरी टनल पर भूतल परिवहन मंत्रालय 280 करोड़ खर्च कर रहा है। क्योंकि जून माह तक इसे मुकम्मल करने का लक्ष्य रखा गया है, यानी ट्रैफिक के लिए इसे जून के बाद खोल दिया जाएगा। मगर, अभी दरारें आने की वजह से समस्या तो है, काम रुका हुआ है। मगर, एनएचएआई के अधिकारियों की मानें तो उन दरारों को दुरुस्त किया जा रहा है और फिर से कुछ ही दिनों में काम रफ्तार पकड़ लेगा।

उधर, असल में चर्चा यह भी हो रही है कि इस फोरलेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री या फिर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी चुनावों से पहले करेंगे, मगर इस बारे में विभाग के अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं अधिकारी

एनएचएआई के मंडी स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चैरी का कहना है कि तीन-चार जगहों सुरंग के भीतर कुछ दरारें आ गई हैं। इसलिए काम कुछ डिले हो रहा है। मगर, इन्हें दुरुस्त करने का काम भी शुरू हो गया है। इस टनल को हर हाल में इसी साल जून महीने तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा इसी फोरलेन पर चार अन्य जगहों पर भी टू-लेन की अलग-अलग चार टनल बनाई जा रही हैं। उनकी डीपीआर तैयार हो चुकी है और अब अंतिम स्वीकृति के लिए भेजी गई है। आपदा के कारण किरतपुर-मनाली फोरलेन को जो नुकसान हुआ था वह दुरुस्त हो गया है। अब यह तैयार है। उद्घाटन कौन करेगा, कब होगा? इसके लिए अभी कोई सूचना नहीं है।

सीयू और नेपाल के विवि में होगा शैक्षणिक आदान-प्रदान

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और गंडकी विश्वविद्यालय (जीयू) पोखरा, नेपाल के साथ अब शैक्षणिक आदान-प्रदान करने जा रहा है। इसी संबंध में दोनों विश्वविद्यालय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से अंतः विषय विकल्प और छात्र केंद्रित शैक्षणिक दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर छात्रों को उनके लक्ष्यों और सपनों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल को गंडकी विश्वविद्यालय (जीयू) पोखरा की ओर से विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बंसल ने गंडकी विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत की और उन्हें केंद्रीय विवि धर्मशाला में चल रहे विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने गंडकी विश्वविद्यालय (जीयू) पोखरा के कुलाधिपति, प्रो. गणेश मन गुरंग, कुलपति प्रो. नाबा राज देवकोटा, कुलसचिव कैलाश तिमिलसीना से मुलाकात की। इस दौर के दौरान दोनों विश्विद्यालयों के बीच में विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। नेपाल एवं भारत की मानव संसाधन क्षमता का विकास करना, विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विज्ञान का विकास करना है।

एसआर हरनोट की बहुचर्चित कहानी 'आभी' का मुंबई में पाठ

शिमला। चित्रनगरी संवाद मंच मुंबई के सृजन संवाद में रविवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में शिमला से पधारे सुप्रसिद्ध कथाकार एसआर हरनोट ने कहानी पाठ किया। इस कहानी में आभी नामक एक ऐसी चिड़िया की दास्तान थी, जो हर समय पर्यावरण को सुरक्षित रखने के काम में सक्रिय रहती है। वह जंगल की रखवाली करती है और झील के जल में अगर कोई एक तिनका भी नजर आए तो अपनी चोंच से उसे उठाकर बाहर रख देती है। आज के पर्यटक कैसे पहाड़ों में कचरा फैला रहे हैं और कैसे जंगल की शांति भंग कर रहे हैं इसका महत्वपूर्ण चित्रण इस कहानी में था। यह कहानी सुनकर श्रोता समुदाय मंत्रमुग्ध हो गया। प्रतिष्ठित कवि हूबनाथ पांडेय ने कहां कि आज सिर्फ खुद को बचाने की चिंता लोगों में दिखाई पड़ती है, लेकिन इस कहानी में पूरे पर्यावरण को बचाने की ईमानदार कोशिश है। हूबनाथ ने पर्यावरण पर अपनी एक कविता भी सुनाई। सोशल एक्टीविस्ट कुसुम त्रिपाठी ने पर्यावरण पर बहुत महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। विकास के नाम पर हो रहे कार्यों का आदिवासी जीवन पर क्या असर पड़ रहा है इस पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला। संस्था के संयोजक और संचालक कवि देवमणि पांडेय ने कहा कि हरनोट जी की कहानियां पहाड़ के जीवन के चित्र इतने मार्मिक तरीके से सामने रखती हैं कि वे हमेशा के लिए हमारी स्मृति का हिस्सा बन जाती हैं।

न्यूज ब्रीफ

विद्या स्टोक्स बीमार, सुक्खू ने जाना हाल

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने सोमवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं अस्पताल शिमला में पहुंच कर पूर्व मंत्री विद्या स्टोक्स का कुशलक्षेम जाना। बता दें कि पूर्व मंत्री विद्या स्टोक्स पिछले कल स्वास्थ्य उपचार के संबंध में आईजीएमसी में दाखिल हुई थी। दोनों ने वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव से पूर्व मंत्री के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हासिल की। वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि पूर्व मंत्री का स्वास्थ्य इस समय सामान्य है। इसके साथ-साथ उनका सीटी स्कैन भी किया गया है, जिसकी रिपोर्ट सामान्य है तथा पूर्व मंत्री को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। स्वास्थ्य लाभ के उपरांत उनको अस्पताल से जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

अग्निवीर भर्ती योजना का पंजीकरण आज से

रिकांगपिओ। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के कर्नल पुष्विंद्र कौर ने बताया कि प्रदेश के शिमला, सोलन, सिरमौर व किन्नौर जिले के युवा अग्निवीर योजना के तहत 13 से 22 मार्च तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण केवल भारतीय सेना की विभागीय वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से ही स्वीकार्य होगा। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए वेबसाइट में वीडियो लिंक दिया गया है, जिससे उम्मीदवार बदली हुई प्रक्रिया पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हो उसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा उम्मीदवार अपनी पसंद का केंद्र चुन सकते हैं।

भाषण प्रतियोगिता का किया जाएगा आयोजन

रिकांगपिओ। जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि 31 दिसंबर, 2017 से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत किन्नौर जिले में जिला स्तरीय युवा संसद के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक फरवरी तक 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। आवदेन की अंतिम तिथि 16 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा संसद में भाषण प्रतियोगिता का विषय हम कैसा भारत चाहते हैं रखा गया है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि गत वर्षों में लाखों युवा इस कार्यक्रम से जुड़े और उन्होंने अपनी बात राष्ट्रीय मंच पर रखी।

फोक मीडिया कलाकारों ने किया मनोरंजन

शिमला। जिले की दूरदराज क्षेत्र की पंचायत खड़ा पत्थर व पंचायत क्यारी में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में फोक मीडिया दल के कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। हिम आधार लोक कला मंच के कलाकारों ने पंचायत कुटाड़ा व पंचायत ब्रासली के कंसाकोटी तथा त्रिमूर्ति रंगमंच के कलाकारों ने पंचायत कुमारसैन व पंचायत नारकंडा में लोगों को जागरूक किया। फोक मीडिया दल के कलाकारों ने बताया कि वर्तमान सरकार ने सत्ता संभालते ही बेसहारा बच्चों को अपनाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वे बाल आश्रम टूटीकंडी गए, वहां बच्चों से बातचीत की।

खेलो इंडिया टूर्नामेंट में प्रदेश की टीम लेगी भाग

शिमला। खेलो इंडिया लीग में पहली बार ताइक्वाडों वुमन लीग का आयोजन होने जा रहा है। 21 से 24 फरवरी तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू इंडोर स्टेडियम लखनऊ में यह गेम्स होनी है। इस लीग में हिमाचल की टीम भी भाग लेगी, जिसके लिए इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में 15 फरवरी को सुबह आठ बजे ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में भाग लेने के लिए कोई एंट्री फीस नहीं होगी। ताइक्वाडों एसोसिएशन की ओर से विभिन्न वेट कैटेगिरी में दो -दो खिलाड़ियों का चयन होगा।

कांग्रेस सरकार किसान और बागवान विरोधी

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान की कांग्रेस सरकार किसान और बागवान विरोधी सरकार है। भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों में दो किलो गोबर खरीदने के साथ ही 100 किलो दूध खरीदने की बात हुई, लेकिन आज तक कहीं भी कुछ भी नहीं किया।, लेकिन हद तो तब हो गई, जब किसानों का खून पसीने का पैसा जो सरकार के पास एमआईएस के तहत पड़ा है और लगभग 100 करोड़ से ऊपर है सरकार ने अभी तक कोई भी किस्त उसकी जारी नहीं की। वर्तमान समय में बागवानों को पौधे खरीदने हैं, स्प्रे करनी है खाद डालनी है जब यह पैसे बागवानों के खून पसीने के पैसे सरकार जब तक नहीं देगी, तब तक यहां के किसानों को कर्ज लेकर सब सामान खरीदना पड़ेगा।

सरकार को डीसी के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

रिकांगपिओ। जिला किन्नौर पेंशनर्स कल्याण संघ ने जगत सिंह नेगी अतिरिक्त महासचिव राज्य पेंशनर्स संघ की अध्यक्षता में पेंशनर्स की मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को उपायुक्त किन्नौर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। अतिरिक्त महासचिव राज्य पेंशनर्स संघ जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनर्स के लीव एनकेशमेंट, ग्रेच्युटी, कोमयुटेशन के देय को आगामी वित्तीय बजट में प्रावधान किया जाए। नेगी ने कहा कि एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए रिवाई जड पे मैट्रिक्स जारी की जाए तथा 12 प्रतिशत डीए व ऐरियर को बजट में प्रावधान करने की मांग की गई। ज्ञापन देने से पहले पेंशनर्स संघ किन्नौर ने पुराने पेट्रोल पंप से उपायुक्त कार्यालय तक शांति पूर्ण रैली निकाली।

प्रदेश सरकार समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जिलाधीश कार्यालय शिमला के बचत भवन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार समावेशी एवं समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि अंतिम पंक्ति के लोगों को सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ मिल सके। उन्होंने जिले के समस्त एसडीएम, सभी विभागों के अधिकारीगण से सीधा संवाद स्थापित किया और लंबित पड़े मामलों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने लोक निर्माण, जल शक्ति, परिवहन, राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य विभागों के संदर्भ में समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिक्त पदों व लंबित पड़े विकास कार्यों को समयबद्ध सीमा में पूर्ण किया जाए।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप ने की सुरक्षा प्रबंधों से संबंधित बैठक की अध्यक्षता, 500 पुलिस जवान विधानसभा सुरक्षा को तैयार

आनॅलाइन आवेदन पर ही दिया जाएगा ई-प्रवेश पत्र

अरविंद शर्मा, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आगामी बजट सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधों से संबंधित विधानसभा सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। विधानसभा का 13 दिवसीय बजट सत्र 14 फरवरी से आरंभ होने जा रहा है। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि विधानसभा सचिवालय में ई-प्रवेश पत्र आनॅलाइन आवेदन पर ही दिया जाएगा। ई-विधान प्रणाली के तहत विधानसभा सचिवालय इसे आनॅलाइन तरीके से मुद्रित करेगी। यह आवेदन सभी ई-प्रवेश पत्र की जांच के लिए पुलिस की ओर से कंपयूट्रीकृत जांच केंद्र मुख्य द्वारों पर स्थापित किए जाएंगे। पूर्व की भांति इस बार भी क्यूआर कोड के माध्यम से फोटो युक्त ई-प्रवेश पत्र को लेपटॉप के माध्यम से प्रमाणित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

विधानसभा बजट सत्र को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

सचिवालय के कर्मचारियों को भी दिखाने होंगे पहचान पत्र

प्रेस संवाददाताओं की सुविधा एवं सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रेस संवाददाताओं का प्रवेश यथावत गेट नं. 3, 4, 5 व 6 से ही रखा जाएगा व कोई भी सरकारी अधिकारी, कर्मचारी व अन्य पास धारक अपना शासकीय पास किसी अन्य को स्थानांतरित नहीं करेगा, अन्यथा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कहा कि 500 से अधिक जवान विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा में मौजूद रहेंगे।

पार्किंग में केवल माननीयों को मिलेगी सुविधा

बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा परिसर की मुख्य पार्किंग में केवल मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों एवं प्रशासनिक सचिवों के वाहनों को ही पार्किंग करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। प्रेस संवाददाताओं के लिए विधानसभा चौक से गेट नं. दो (30 मीटर दूर) तक गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जबकि विधानसभा सचिवालय अधिकारियों, कर्मचारियों को गेट नं. दो (30 मीटर दूर) से महालेखाकार कार्यालय के बीच माल रोड पर चिन्हित स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी।

मोबाइल फोन, पेजर विस ले जाने पर प्रतिबंध

यह भी निर्णय लिया गया कि विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी पार्किंग स्टिकरज वाहन के आगे प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि धारकों को कम से कम असुविधा का सामना करना पड़े। मोबाइल फोन, पेजर आदि विधानसभा के अंदर ले जाने पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा।

मुख्यमंत्री व मंत्री परिषद से आज मिल सकेगी जनता

मुख्यमंत्री तथा मंत्री परिषद के माननीय सदस्यों से आगंतुक तथा जनप्रतिनिधि मंडल विधानसभा स्थित प्रतीक्षालय में समय मिलने पर समयानुसार मिल सकेंगे। पुलिस विभाग तथा विधानसभा सचिवालय के अधिकारी आपसी तालमेल से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो।

रनोल में आग लगने से मकान राख

अनंत ज्ञान, रोहडू

तीन परिवार बेघर, 14 कमरे स्वाह, 40 लाख का नुकसान

सोमवार करीब दो बजे के आसपास चिंडगाव तहसील के रनोल गांव में विक्रम जीत पुत्र थेबू राम व नेगी राम पुत्र थेबू राम के दो मंजिला मकान में अचानक आग लग गई।

आग लगने के कुछ समय के बाद घर में रखे गैस सिलेंडर में एक जोरदार धमाका भी हुआ, जिसे घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। वहीं, घर में आग लगने के कारण लाखों का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

रोहडू। सोमवार करीब दो बजे के आसपास चिंडगाव तहसील के रनोल गांव में एक मकान में आग लगने से तीन परिवार बेघर हो गए हैं। प्रभावित परिवारों में विक्रम जीत पुत्र थेबू राम, नेगी राम पुत्र थेबू राम और कृष्ण कपूर पुत्र विक्रम जीत का परिवार शामिल है। इस अग्निकांड में दो मंजिले मकान के 14 कमरे सहित घर में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया है। आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है।

गैस सिलेंडर भी फटा

आग लगने के कुछ समय के बाद घर में रखे गैस सिलेंडर में एक जोरदार धमाका भी हुआ, जिससे घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। वहीं, दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझा कर साथ लगते मकान को बचा लिया है, जब तक लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

प्रशासन ने दी फौरी राहत

वहीं, प्रशासन की टीम मौके पर पंहुच गई, जिसने नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन ने 40 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन किया है। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को 10-10 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की है। इसके अलावा राहत सामग्री भी प्रदान की गई।

आजादी के 75 वर्ष बाद भी पधेची भरांडी के लोग सड़क सुविधा से वंचित : डॉ. तंवर

जुन्गा। कसुंपटी निर्वाचन क्षेत्र की दूरदराज पंचायत पधेची भरांडी की जनता आजादी के 75 साल बीत जाने से बाद भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। हांलाकि लोगों ने अपने अंशदान और पंचायत के सहयोग से हल्के वाहनों के लिए सड़क अवश्य निर्मित की गई है, परंतु लोग वर्षों से इस क्षेत्र में बस का इंतजार बड़ी बेताबी से कर रहे हैं।

यह बात किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने सोमवार को पधेची भरांडी पंचायत के प्रवास के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत सांझा की। बीते पंचायत चुनाव के दौरान पधेची भरांडी पंचायत का गठन किया गया था, परंतु नई पंचायत बनने पर इस क्षेत्र में विकास कार्य की किरण नहीं पहुंच पाई है। पधेची भरांडी पंचायत में मेहनतकश किसान हैं, परंतु जंगली सूअर किसानों की सारी फसलें नष्ट कर देते हैं। इसके अलावा इस पंचायत के स्कूलों में अध्यापकों की काफी कमी है। इससे पहले भी लोगों को अध्यापकों के पदों को भरने के लिए काफी मशक्त करनी पड़ी थी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पधेची भरांडी पंचायत में बस योग्य सड़क का निर्माण किया जाए, ताकि लोग बस के माध्यम से कम भाड़े में अपनी नकदी फसलें मंडियों तक पहुंचा सके।

आईएचएम में पढ़ने वाली छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

शिमला। आईएचएम कुफरी में पढ़ने वाली छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आईएचएम कुफरी में डिप्लोमा कर रही छात्रा अपने रूम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में पाई गई साथी छात्रों ने पुलिस की मदद से उन्हें आईजीएमसी पहुंचाया, यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस बारे में परिजनों को सूचित कर दिया है। मौत के क्या कारण रहे, इसका पता पोस्टमार्टम के बाद ही पता लग पाएगा।

26 फरवरी तक बिजली बिल नहीं भरा तो कटेगा कनेक्शन

रोहडू। तय समय के भीतर बिजली बिल का भुगतान न करने से कोटखाई में सैकड़ों उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की नौबत आ गई है। बोर्ड की ओर से बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी कुछ उपभोक्ता बिजली के बिल जमा नहीं करवा रहे हैं, जिस पर अब बिजली बोर्ड ने सख्त रवैया अपनाते हुए डिफाल्टर उपभोक्ताओं को 26 तक का आखिरी समय बिल जमा करने का दिया है। जानकारी अनुसार बिजली मंडल को डिफाल्टर उपभोक्ताओं से 3588710 बकाया धनराशि वसूलनी है। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता वरुण धीमान ने कहा कोटखाई के उपभोक्ता पिछले काफी समय से अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता को भी सूचना प्रेषित कर दी गई है। सहायक अभियंता ने ऐसे उपभोक्ताओं से 26 फरवरी तक बिजली बिल जमा करने की अपील की है।

बजट से पहले शिमला शहर में विकास कार्यों की गति हुई तेज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नगर निगम 15 फरवरी को बजट पेश करने वाला है। ऐसे में बजट से पहले शहर में विकासकार्यों की शुरुआत हो गई है। शहर के वार्डों में विभिन्न विकासकार्य शुरु हो गए हैं।

सोमवार को मल्याणा वार्ड में ड्रेनेज को दुरुस्त करने का कार्य शुरु हो गया है। मल्याणा वार्ड में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को हटाने कि लिए कहा गया है, ताकि ड्रेनेज के कार्य में किसी तरह की बाधा न आए। जानकारी के अनुसार शहर में बीते वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण विभिन्न जगहों पर भूस्खलन हुए, जिसकी वजह से शहर की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर का ड्रेनेज सिस्टम मानो फेल हो गया था। इस दौरान बारिश का पानी सड़कों पर ही बह रहा था।

> वार्ड में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का कार्य शुरु हो गया है। इसके लिए लोगों को सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को हटाने के लिए कहा गया है, ताकि कार्य को आसानी से किया जा सके।
> **शांता वर्मा, पार्षद, मल्याणा वार्ड।**

एफसीपीसी की बैठक : शिव बावड़ी में हुए हादसे से टूटे रास्ते होंगे दुरुस्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

समरहिल के शिव बावड़ी में हुए हादसे की वजह से टूटे रास्ते को बनाने का काम 14 लाख से होगा। सोमवार को निगम ने एफसीपीसी की बैठक में इस रास्ते को बनाने के लिए मंजूरी दी।

आठ महीनों से यह रास्ता बंद पड़ा है, जिस कारण लोगों को पैदल चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा शहर में लगने वाले नए बेंच के लिए भी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत निगम को व्हील चेयर, स्ट्रेचर और बेंच मिलने हैं। इनमें से व्हील चेयर और स्ट्रेचर निगम अपने पास ही रखेगा और जरूरत पड़ने पर लोगों को इसकी सुविधा मुहैया करवाएगा। इस बार की बैठक में ज्यादा प्रपोजल पर चर्चा नहीं हुई क्योंकि वीरवार को निगम अपना बजट पेश करेगा।

निगम महापौर सुरेंद्र चौहान अधिकारियों के साथ एफसीपीसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

टूटी सड़कों को बनाने का होगा काम

शहर में निगम की परिधि में आने वाली टूटी सड़कों का मरम्मत कार्य भी जल्द किया जाएगा, साथ ही अप्रैल में शहर की जिन सड़कों की टारिंग नहीं हुई, उसे भी किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से पहले से 10 करोड़ की राशि दी गई है, जो सड़कों के कामों को करवाने के लिए निगम के पास बची है।

ब्रदर्ज इलेवन पीरन ट्राई टीम ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

जुन्गा। पझौता घाटी के रोहड़ी में हुए किक्रेट टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रदर्ज इलेवन पीरन ट्राई टीम ने विजय इलेवन अलोटी को हराकर 51 हजार का नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी अपने नाम की। विजयी टीम के अपने गांव पीरन ट्राई पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बता दें कि इस 11 दिवसीय किक्रेट टूर्नामेंट में शिमला और सिरमौर जिले की कुल 40 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें किक्रेट खिलाड़ी सुधीर को मेन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बॉलर के खिताब से नवाजा गया, जबकि बेस्ट कीपर रणवीर ठाकुर और बेस्ट बल्लेबाज का खिताब ज्ञान सिंह को मिला। समापन समरोह की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि जबर सिंह और पझौता नर्सरी के मालिक प्रदीप हाब्बी ने की।

क्रमिक अनशन पर बैठे अभ्यर्थी की बिगड़ी तबीयत

आशिमा वैरागी, शिमला

एसएमसी शिक्षक की पेन डाउन स्ट्राइक जारी, बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

चौड़ा मैदान में क्रमिक अनशन पर बैठे जेओए आईटी के एक अभ्यर्थी की सोमवार सुबह तबियत खराब हो गई, जिसके बाद उसे एंबुलेंस बुलाकर आईजीएमसी ले जाया गया। ठंड की वजह से कांगड़ा के युवक को उल्टी आई उसे बाद तेज बुखार हो गया। हालांकि अभी उसकी हालत स्थिर है और दवाई देने के बाद उसे हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है।

बीमार अभियार्थी को अन्य साथी अपने घर कांगड़ा लेकर गए। अपने एक साथी के बीमार होने के बाद अब अनशन पर बैठे अन्य अभ्यर्थी और ज्यादा नाराज हो गए हैं। बेरोजगारों का कहना है कि 14 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सेशन में सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

शिमला में विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाने की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थी।

शिमला। एसएमसी शिक्षक की पेन डाउन स्ट्राइक जारी है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। प्रदेश के 2555 एसएमसी अध्यापक पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं और अब प्रदेश के विंटर क्लोजिंग स्कूल भी खुल चुके हैं।

सैकड़ों स्कूल एसएमसी अध्यपकों के ही सहारे हैं। इसके साथ प्रत्येक एसएमसी अध्यापक अन्य विषयों को भी पढ़ा रहे हैं, क्योंकि इस समय पर हजारों पद खाली पड़े हैं। बच्चों की परीक्षाएं सर पर हैं।

प्रदेश की जनता भी लेटर और वीडियो के माध्यम से सरकार से गुहार कर रही है कि उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। परंतु सरकार सभी बातों को जानते हुए भी कोई गौर नहीं फरमा रही है, एसएमसी अध्यपकों का कहना है कि यदि कैबिनेट सब कमेटी की ओर से अंतिम फाइल कैबिनेट के लिए तैयार की है, जो अभी तक कैबिनेट में नहीं गई है। अध्यक्ष निर्मल ठाकुर ने सरकार से यह मांग की है कि सरकार जल्द हमें नियमित करें, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से हो सके।

पार्टी हाई कमान की दी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से करेंगे पूरा : हिमराल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल ने लोकसभा चुनाव में सेंट्रल वॉर रूम का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त करने के लिए हाई कमान का आभार व्यक्त किया है।

बयान में हिमराल ने कांग्रेस प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ल, एआईसीसी सचिव संजय दत्त, तजेंदर बिट्टू, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ठियोग विधायक कुलदीप सिंह राठौर का आभार व्यक्त किया। हिमराल ने कहा कि पार्टी हाई कमान ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसके लिए समस्त नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं वह हाई कमान की उम्मीदों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। हिमराल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की सभी चारों सीटों पर जीत हासिल करेगी। हिमराल पिछले काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। वह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौर के राजनीतिक सचिव भी रह चुके हैं। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी हाई कमान ने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वह खरे उतरे थे।

कांग्रेस चारों सीटों पर जीत करेगी हासिल

बैठक आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन ने सर्किट हाउस रोहडू में बैठक का किया आयोजन

मानदेय में महंगाई को देखते हुए की जाए बढ़ोतरी

दशमी रावत, रोहडू

आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू की रोहडू प्रोजेक्ट इकाई की बैठक सर्किट हाऊस में आयोजित हुई।

बैठक में सीटू जिला महासचिव अजय दुल्टा व उपाध्यक्ष सुनिल मेहता ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में प्रोजेक्ट के नौ सर्कलों से चुने हुए 28 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बातचीत करते हुए केंद्र की मोदी सरकार की ओर से पेश किए गए इंटेरिम बजट में आंगनबाड़ी के बजट में लगभग 300 करोड़ की कटौती करने व आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स के लिए 2013 के श्रम सम्मेलन के अनुसार कर्मचारी का दर्जा न देने के लिए रोष व्यक्त किया गया।

केंद्र की मोदी सरकार ने जहां आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों को नियमित तो नहीं किया, लेकिन पूरे पांच साल के समय में एक नए पैसे की बढ़ोतरी भी नहीं की गई। इससे केंद्र की मोदी सरकार का आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर विरोधी चेहरा साफ नजर आता है। इससे पूर्व में भी आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों ने अपने आंदोलन व संघर्षों के दम पर मानदेय में बढ़ोतरी करवाने पर केंद्र व राज्य सरकार को मजबूर किया है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि एक तरफ सरकार रोजमर्रा की जरुरतों के सामान में भारी बढ़ोतरी कर रही है। वहीं, आंगनबाड़ी के मानदेय में उसके मुताबिक बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों के मानदेय में महंगाई को देखते हुए बढ़ोतरी की जाए। (अनंत ज्ञान)

मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण का दिया जाए दर्जा

आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों को रिटायरमेंट पर मध्य प्रदेश के तर्ज पर ग्रेच्युटी दी जाए व हरियाणा की दर्ज पर मानदेय 14000 रुपए मासिक व हर साल मध्य प्रदेश के अनुसार 1000 रुपए वर्कर्स व 500 रुपए हेल्पर के मानदेय में बढ़ोतरी की जाए। मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी का दर्जा दिया जाए। आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों को सरकार की ओर से घोषित सभी प्रकार की छुट्टियां दी जाए। इन सब बातों को लेकर आंगनबाड़ी रोहडू प्रोजेक्ट के सभी वर्कर्स व हेल्परों ने आंगनबाड़ी फेडरेशन संबंधित सीटू के आह्वान पर 16 की हड़ताल में शामिल होने का फैसला लिया है।

कुत्तों व बंदरों से दिलाई जाए निजात

निगम शिमला के महापौर व उपमहापौर से मिला शिमला नागरिक सभा का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कुत्तों व बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए शिमला नागरिक सभा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान व उपमहापौर उमा कौशल से मिला व उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

शिमला नागरिक सभा ने मांग की है कि कुत्तों व बंदरों की समस्या से तुरंत निजात दिलाई जाए व इनके हमलों के शिकार हुए लोगों को उचित मुआवजा, क्षतिपूर्ति, प्रतिपूर्ति, नुकसान भरपाई राशि दी जाए अन्यथा नागरिक सभा को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। महापौर ने आश्वासन दिया कि इस संदर्भ में जल्द ही ठोस कदम उठाया जाएगा व इसका समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में विजेंद्र मेहरा, जगत राम, अनिल ठाकुर, राम प्रकाश, सुनील वशिष्ठ, विवेक कश्यप, दीप राम, प्रताप, राम कृष्ण आदि शामिल रहे। शिमला नागरिक सभा सह संयोजक विजेंद्र मेहरा ने कहा कि कुत्तों व बंदरों के बढ़ते आतंक व हमलों से शहर में पिछले कुछ वर्षों में कई लोगों की जान जा चुकी है व कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कुत्तों व बंदरों की ओर से स्थानीय जनता व पर्यटकों को काटना आम बात हो गई है। शिमला शहर विश्व मानचित्र पर एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। यहां पर कुत्तों व बंदरों के आतंक से स्थानीय जनता को डर के साये में जीने व पर्यटकों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न होने आदि मसलों पर वर्षों से निगम शिमला का निष्क्रिय रहना, चुप्पी साधना व इस संदर्भ में कोई नीति न बनाना समझ से परे है।

बंदरों और कुत्तों की समस्या को लेकर नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान को ज्ञापन सौंपते शिमला नागरिक सभा के सदस्य।

न्यूज ब्रीफ

शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 13 फरवरी को सोलन के कंडाघाट उपमंडल के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल आज दोपहर दो बजे कंडाघाट विकास खंड की तुंदल पंचायत की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कहलोग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

कंडाघाट में 15 को नहीं आएगी बिजली

सोलन। आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 15 फरवरी को सोलन जिले के कंडाघाट एवं आसपास के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली बोर्ड सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 15 फरवरी को प्रातः नौ से सायं साढ़े पांच बजे तक वाकनाघाट, क्यारीघाट, क्वारग, शालाघाट, कैथलीघाट, छावशा, डुमैहर, कदौर, गरू, पावघाट, कून, आंजी सुनारा, साधुपुल, कलहोग, दोची, सोनाघाट, सैंज, कोटला, चायल, नगाली, हिन्नर, कुरगल, झाझा, धंगील, आलमपुर, जनेड़घाट, टिक्कर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में खराब मौसम व अन्य परिस्थितियों के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है।

ददाहू कॉलेज में आपदा से बचाव के गुर बताए

श्रीरेणुका जी। जिला सिरमौर में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने राजकीय महाविद्यालय ददाहू में आपदाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाविद्यालय ददाहू के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को आपदाओं के प्रकार एवं उनके प्रभाव, एनडीआरएफ के कार्य एवं जिम्मेदारियां भूकंप से पूर्व, दौरान एवं बाद में किए जाने वाली क्रियाओं की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर एनडीआरएफ टीम, महाविद्यालय स्टाफ, समस्त स्थानीय प्रशासन, विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

समान गांव में महिलाओं को बताई वो दिन योजना

अर्की। बाल विकास अधिकारी अर्की के तत्वावधान में चंडी वृत्त के कोटलु पंचायत के गांव समान में वो दिन योजना के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वृत्त चंडी के पर्यवेक्षक अजय शांडिल ने की। शिविर में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर एएनएम उर्मिला, आशा वर्कर सुनीता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रक्षा देवी व धनवंती देवी आदि भी उपस्थित रहीं।

पदम बने वार्ड नं. दो कमेटी के अध्यक्ष

अर्की। नगर पंचायत अर्की वार्ड कमेटी वार्ड नंबर दो की बैठक रत्न सिंह कंवर की अध्यक्षता में विश्रामगृह में नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता की मौजूदगी में की गई। बैठक में वार्ड कमेटी का गठन किया गया जिसमें पदम कौशल को प्रधान नियुक्त किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उठाई। बैठक में बिमला देवी, खजाना राम, कुकी देवी, लक्ष्मी सिंह, दलीप कुमार, सुरेश कुमार, इकबाल व प्रेमलता आदि सदस्य मौजूद रहे।

783 आवेदकों ने पास की वनमित्र फिजिकल परीक्षा

पांवटा साहिब। वन मित्र भर्ती के दौरान युवाओं ने खूब जोश दिखा। वन मित्र योजना के तहत 30 मिनट में पांच किलोमीटर दौड़ पूरी करने वाले युवक और 10 मिनट में डेढ़ किलोमीटर दौड़ पूरी करने वाली युवतियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने शारीरिक दक्षता जांचने के लिए दौड़ लगाई। डीएफओ पांवटा साहिब ऐश्वर्य राज ने बताया कि पांवटा वन मंडल में खारा व गिरिनगर में वन मित्र योजना के तहत शारीरिक ट्रायल लिए गए। इसमें कुल 1227 युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें से 783 युवा आगामी परीक्षा के लिए चयनित हुए हैं।

कपाल एकादश ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

अर्की। ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही लुटरू महादेव क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। आयोजक समिति के सदस्य दिवेश गुप्ता ने बताया कि 15 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर -19 की आठ जूनियर टीमों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कपाल इलेवन ने सैंज इलेवन को हरा कर जीत लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व भाजयुमो उपाध्यक्ष सोनू सोनी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता और वरिष्ठ नागरिक सुरेंद्र त्यागी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता की विजेता टीम कपाल इलेवन को 21 हजार रुपये व ट्रॉफी और उपविजेता टीम सैंज इलेवन को 11 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की। निशु को मैन ऑफ द् मैच, दीपु को बेस्ट बल्लेबाज, मुकेश को बेस्ट बॉलर, अशोक को बेस्ट कीपर, जितेंद्र को बेस्ट फील्डर और चमन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। मुख्यातिथि ने आयोजन कमेटी को इस प्रतियोगिता के बेहतर आयोजन के लिए बधाई दी और उन्हें 5100 रुपए की राशि भी भेंट की। इस दौरान जेडी ब्रदर्स, संदीप गुप्ता, हेमराज, अभिषेक गुप्ता, अमरीश सोनी और दिवेश गुप्ता, सहित अन्य उपस्थित रहे।

पर्यटन कारोबारियों को जीएसटी में मिले छूट : गर्ग

सोलन। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वेद गर्ग ने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार आगामी बजट हर वर्ग के हित में होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी खूबसूरती और पर्यटन के लिए जाना जाता है। गर्ग ने मुख्यमंत्री से अनुरोध कि इस पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को जीएसटी में छूट और बिजली शुल्क में कटौती की जाए।

पेंशनर्स ने वित्तीय लाभ न मिलने पर सौंपा ज्ञापन

नाहन। लंबे समय से वित्तीय लाभ न मिलने के कारण पेंशनर्स सरकार से नाराज हैं। इसी के मद्देनजर जिला सिरमौर पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के अध्यक्ष रामस्वरूप चौहान की अध्यक्षता में डीसी सिरमौर से मिला और पेंशनर्स की लंबित मांगों को पूरा करने के लिए डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा। मीडिया से बात करते हुए सिरमौर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामस्वरूप चौहान ने बताया कि पिछले लंबे समय से पेंशनर्स के एरियर लंबित पड़े हैं। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिदत्त शर्मा ने बताया कि पेंशनर्स के करोड़ों के मेडिकल बिल भी लंबित पड़े हैं जिसका भुगतान सरकार द्वारा नहीं किया गया है।

राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा 18 को बनाएगा चुनावी रणनीति

अर्की। राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी व देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा अध्यक्ष रुमित ठाकुर ने जानकारी दी है कि 18 फरवरी को राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा की प्रदेश स्तर पर लोकसभा चुनावों को लेकर प्रातः 11 बजे कुल्लू में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश से किसान नेता ठाकुर पूर्ण सिंह के साथ कैथल से विनोद राणा, भंवर यश प्रताप सिंह, दिल्ली से करणी सेना प्रभारी प्रशांत सिंघासनी, शिव सेना भारत के अध्यक्ष निशांत शर्मा विशेष रूप से शामिल होने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सभी ग्राम, पंचायत, बूथ स्तर, मंडल, जिला और प्रदेश पदाधिकारीयों सदस्यों का आना अनिवार्य है।

मोदी को फिर पीएम बनाने का लिया संकल्प

श्रीरेणुका जी। भारतीय जनता पार्टी गांव चलो अभियान के तहत रेणुका जी मंडल के धारटी धार जोन की बैठक डाबरा भनेत में संपन्न हुई।। बैठक में विशेष रूप से मुख्य अतिथि शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप थे। उन्होंने सभी लोगों को पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते कहा कि इन योजनाओं को जानकारी हर घर तक पहुंचनी चाहिए। बैठक में उपस्थित लोगों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक में पूर्व में रहे प्रत्याशी नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, रामेश्वर शर्मा, जिला सचिव सतपाल गतवाल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शामा ठाकुर, जिला महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य हिमांशी ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुक्ता शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उत्तर भारत वीर शिवाजी क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

पांवटा साहिब। नगर परिषद मैदान में 28वीं उत्तर भारत वीर शिवाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया । चैंपियनशिप के शुभारंभ पर अवनीत सिंह लांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा उनके साथ डॉ. एचसी चंदेल, गुरदीप सिंह गैरी, महिंदर सिंह, कुलदीप चौधरी आदि विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान शिवाजी क्लब के अध्यक्ष मधुकर डोगरी ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में 40 टीमें भाग ले रहीं है। शुभारंभ के अवसर पर शहर के कई लोग शामिल हुए।

दुकानों के ताले तोड़ चोरी करके शातिर फरार

बीबीएन। पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत झाड़माजरी बस स्टैंड पर दो दुकानों के ताले तोड़ चोरी का मामला सामने आया है। चोर बरोटीवाला पुलिस स्टेशन से मात्र कुछ दूरी पर ही करियाना दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

पुलिस को दी शिकायत में दुकान मालिक चंदन ने बताया कि सुबह जब दुकान खोलने के लिए आए तो मेरी और साथ लगती दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान से छह हजार रुपए नकदी व चार हजार रुपए का सामान चोरी था, जबकि विकास जनरल स्टोर के सिर्फ टूटे हुए थे। डीएसपी बद्दी खजाना राम का कहना है कि अभी मामला संज्ञान में नहीं है बरोटीवाला थाना प्रभारी से जानकारी हासिल की जाएगी, अगर चोरी हुई है तो आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुश्तैनी लोहार आज भी बना रहे पुरानी तकनीक से औजार

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पुश्तैनी लोहारों द्वारा किसानों के औजार बनाने की प्रक्रिया आज भी जारी है। गांव के लोहार किसानों के औजार बिना पैसे लिए बनाते हैं और बदले में उन्हें हर छह महीने के बाद फसल आने के समय अनाज का एक निश्चित भाग दिया जाता है, यद्यपि लोहार के पास खेती वाली जमीन नहीं होती। इससे लोहार के पास गांव के किसानों से काफी अनाज इकट्ठा हो जाता है और उनके परिवार का भरपूर भरण पोषण चलता रहता है।

ग्रामीणों से एकत्रित होने वाले अनाज से न केवल लोहार का साल भर के भोजन की व्यवस्था चलती है, अपितु कुछ अनाज बेचकर लोहार अपने परिवार के लिए कपड़ा लता और अनेक प्रकार की बाजारों से खरीद की आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है। लोहार गांव के एक निश्चित भाग में बने आरण में किसानों के बुलावे पर उनके कृषि औजारों की मरम्मत करते हैं और साथ में किसानों को नए औजार भी बना कर देते हैं। आरण में किसानों के औजार बनाने के लिए किसानों द्वारा लोहार को लोहा और कोयला उपलब्ध कराया जाता है। ये पुश्तैनी कारीगर किसानों के लिए कुल्हाड़ी, दराट, दराटी, झब्बल, कुदाली, गैंती, हल के फाले, आड़ू, छूरी, चाकू छैणी, हथौड़े, बसौले, डांगरे, तलवारें और किसानों की रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के औजार तैयार करके देते हैं।

एक भट्टी पर लोहे के औजार तैयार करते लोहार।

आरण को हवा देने के लिए लोहार प्राचीन काल से भेड़ों और बकरियों की खालों की फुकी का उपयोग करते थे, परंतु मशीनी युग आने के बाद अब लोहार बिजली और हस्तचलित ब्लोअर का उपयोग करते हैं और लोहे को गर्म करके भारी भरकम हथौड़ों की मार से लोहे के औजार तैयार करके किसानों को मुहैया करवाते हैं।

सिरमौर जिले में विकास खंड संगड़ाह के गांव अरट के पुश्तैनी कारीगर लोहार कमल धीमान बताते हैं कि उन्होंने किसानों के औजार बनाने की कला के लिए किसी सरकारी व गैरसरकारी संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया है, अपितु उन्होंने औजार बनाने की यह कला अपने पिता पुश्तैनी कारीगर दौलतराम से सीखी है। कमल धीमान किसानों की आवश्यकता के सभी प्रकार के औजार बनाने में पारंगत है और उन्हें उत्तम क्वालिटी के डांगरे व तलवारें बनाने का हुनर भी आता है।

कमल धीमान से डांगरे बनवाने के लिए डांगरे के शौकीन दूर-दूर से आते हैं। इसी प्रकार के पुश्तैनी कार्य कर आज भी गांव में भरपूर संख्या में किसानों के औजार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लोहार के आरण इस क्षेत्र के हर गांव में गांव के बाहर एक निश्चित स्थान पर बने हैं जहां हर 6 महीने में लोहार चंद दिनों के लिए जाकर उस गांव के किसानों के औजार तैयार करके देता है। आरण के भीतर लोहा पिघलाने के लिए मिट्टी और पत्थर से एक चूल्हा तैयार किया जाता है, जिसमें एक ओर भेड़ बकरी के खालों की पारंपरिक फुकी और आधुनिक ब्लोअर से हवा देने के लिए सुराख होता है और आरण के भीतर कोयला डालकर जब फुकी और ब्लोअर से हवा देने से चंद मिनटों में ही लोहा पिघलकर नरम हो जाता है और फिर किसानों द्वारा भारी भरकम हथौड़ों की मार से लोहार लोहे को विभिन्न प्रकार के औजारों का रूप देता है।

इन औजारों को पुश्तैनी लोहार द्वारा विशेष विधि द्वारा ठंडा पानी छिड़ककर विशेष विधि से पाण दी जाती है जिससे औजारों में इतनी मजबूती आती है कि भारी से भारी कृषि कार्य करते हुए ये औजार आसानी से टूटते नहीं हैं। वास्तव में सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के गांवों में पुश्तैनी लोहारों का किसानों की आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान होता है और इन लोहारों के बिना कृषि और बागवानी कार्य को सुचारु रूप से चलाना संभव ही नहीं होता। सिरमौर जिले के गिरीपार इलाकों में पुश्तैनी कार्यक्रम की यह परंपरा आज भी गांव-गांव में यथावत चल रही है।

मंझौली में ग्रामीणों का हंगामा

कंपनी पर कबाड़ जलाने का लगाया आरोप, कहा-पूरे गांव का सांस लेना मुश्किल

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ के मंझौली स्कूल के साथ लगती कंपनी सरेआम प्रदूषण की धज्जियां उड़ाकर वेस्ट स्क्रैप में आग लगा रही है। सोमवार को मंझौली पंचायत के ग्रामीणों ने कंपनी गेट के बाहर जमकर हंगामा करते हुए कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाया कि कंपनी अपने वेस्ट मैटीरियल को वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोज करने की बजाए सरेआम जलाकर प्रदूषण फैला रही है। इससे झाड़माजरी जैसी बड़ी घटना होने की संभावना बनी हुई है। अब ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव पास कर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात भी जब आग बेकाबू हुई तो फायर डिपार्टमेंट की टीम ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। अगर समय पर फायर की टीम नहीं पहुंचती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीण पहले भी कई बार प्रदूषण बोर्ड से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष पनप रहा है।

ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कहा कि आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी खुद अपने वेस्ट मेटीरियल में आग लगा रही है जिससे गांववासियों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है।

कंपनी के गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

नालागढ़ फायर ऑफिसर जयपाल ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली थी कि सिनर्जी टेलीकम्युनिकेशन मंझौली के कबाड़ में आग लगी है। सूचना मिलते ही गाड़ी मौके पर रवाना हुई और कबाड़ में लगी आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग से 20 लाख रुपए की संपत्ति को आग की चपेट से बचाया गया।

इस मौके पर पंचायत प्रधान कुलदीप कौर, उपप्रधान अवतार सिंह, पूर्व उपप्रधान राजिंद्र सिंह, वार्ड पंच कुलदीप कुमार, सुरेंद्र सिंह, पोला राम, सुरेंद्र चंद, कमलेश कुमारी, कांता देवी, आशा रानी, मनप्रीत कौर, योगेश कुमार समेत कई लोगों ने विरोध जताया।

नहीं हुई कार्रवाई तो करेंगे प्रदर्शन

मंझौली पंचायत की प्रधान कुलदीप कौर का कहना है कि सिनर्जी कंपनी को कई बार स्क्रैप न जलाने के बारे में कहा गया है लेकिन कंपनी बार-बार रात के अंधेरे में स्क्रैप में आग लगा रही है, जिससे गांववासियों का सांस लेना मुश्किल हुआ पड़ा है। उपप्रधान अवतार सिंह ने कहा कि ऐसा ही चलता रहा तो गंभीर बीमारियों से लोग ग्रसित होना शुरू हो जाएंगे। वार्ड पंच कुलदीप कुमार ने कहा कि पहले भी कई बार कंपनी अपने स्क्रैप को जला चुकी है।

कोलर गांव में घर से मिली 61 पेटी शराब

कोलर गांव में घर से बरामद पेटियों के साथ गिरफ्तार आरोपी व पुलिस टीम।

पांवटा साहिब। माजरा थाने के अंतर्गत पुलिस ने एसडीपीओ पांवटा साहिब आईपीएस अदिति सिंह के नेतृत्व में एक व्यक्ति के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माजरा पुलिस के थाना प्रभारी प्रताप सिंह व एएसआई यशपाल एचएएस आई राजेंद्र कुमार, आरक्षी राहुल, महिला आरक्षी अमरजीत कौर जब गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि कोलर निवासी नाथूराम ने अपने मकान में भारी मात्रा में शराब रखी हुई है। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान नाथूराम के घर से 61 पेटियां अंग्रेजी व देसी शराब की बरामद हुईं। उधर, पांवटा की एसडीपीओ आईपीएस अदिति सिंह ने बताया कि घर के मालिक नाथूराम के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है, जिसे अदालत में पेश किया जाएगा।

77 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 को

सोलन। मैसर्ज इन्डोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटिड में 24 पदों, मैसर्ज इनोवा कैपटैब में 33 पदों तथा मुथूट माईक्रोफिन लिमिटेड में 20 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन संदीप ठाकुर ने दी। संदीप ठाकुर ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई, बीफार्मा, एमफार्मा, बीएससी, एमएससी, केमिकल इंजीनियरिंग, आईटीआई इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन रखी गई है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 77 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 फरवरी को मॉडल करियर सेंटर बद्दी में प्रातः साढ़े 10 बजे आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत संवाद

सोलन। भाजपा की तरफ से शुरू किए गए गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता इन दिनों घर-घर पहुंच कर लोगों को केंद्र की मोदी सरकार की कारगर नीतियों से अवगत करवा रही है। साथ ही लोगों से संवाद कर मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान कर रही है। सोलन भाजपा के नेता तरसेम भारती को नगर निगम के वार्ड 14 का प्रभारी बनाया गया है। वे अपनी टीम के साथ वार्ड का दौरा कर रहे हैं। भारती ने कहा कि इस मुहिम के तहत अनुसूचित जाति,जनजाति, किसान, महिला स्वयं सहायता समूह से भी संवाद किया जा रहा है।

बरोटीवाला में छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

बीबीएन। बरोटीवाला थाना के तहत एक 9वीं की छात्रा ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक छात्रा की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी श्रमिक जसवीर की बेटी सुमन के रूप में हुई है। जसवीर अपने परिवार के साथ झाड़माजरी में किराये के मकान में रहता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छात्रा सुबह रोजाना की तरह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन थोड़ी देर में वापस घर आ गई। इस दौरान घर में पिता व भाई काम पर थे और मां उत्तर प्रदेश अपने घर गई थी। छात्रा ने घर पर आकर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही बरोटीवाला पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों के सामने शव को निकाला जिसे नालागढ़ अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

चंद्रमणी ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता पदक

चंद्रमणी ठाकुर को सम्मानित करते आयोजक।

सोलन। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी गाचीबाउली स्टेडियम में आयोजित पांचवीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में सोलन के चंद्रमणी ठाकुर ने 10 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। पेशे से अध्यापक चंद्रमणी ठाकुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई सोलन में हिंदी लेक्चरर के पद पर कार्यरत है। ठाकुर इससे पहले भी एथलेटिक्स में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं।

एनएच 707 के निर्माण में एनजीटी को किया गुमराह : नाथूराम

नाहन। प्रदेश के जिला सिरमौर में राष्ट्रीय राजमार्ग 707 पांवटा साहिब गुम्मा ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में एनजीटी को गुमराह करने के आरोप जिला सिरमौर के समाजसेवी नाथूराम चौहान ने लगाए हैं।

जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एनएचएआई ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से राष्ट्रीय राजमार्ग 707 के निर्माण के लिए 97 किलोमीटर की स्वीकृति ली, जबकि वर्तमान में 103 किलोमीटर नेशनल हाई-वे का निर्माण पर्यावरण नियमों को ताक पर रख कर किया जा रहा है।

सोलन अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों एक्स-रे की सुविधा नहीं मिलने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन पिछले चार दिन से खराब है। इस कारण मरीजों को निजी लैब से महंगे दामों पर एक्स-रे करवाना पड़ रहा है।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि एक्स-रे मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। मशीन ठीक करवाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने कंपनी को पत्र लिखा था। इसके बाद सोमवार को कंपनी के इंजीनियर मशीन की तकनीकी खराबी ठीक करने आया था, लेकिन सोमवार शाम तक भी एक्स-रे मशीन में आई तकनीकी खराबी ठीक नहीं हो पाई है। मशीन के पुरानी होने के कारण इसका कोई पुर्जा खराब हो गया है, जिसे बदलना पड़ेगा। मशीन ठीक होने में अभी समय लग सकता है। तब तक मरीजों को निजी लैब में महंगे दामों पर ही एक्स-रे करवाने पड़ेंगे, जबकि सरकारी अस्पताल में मरीजों को मुफ्त में एक्स-रे की सुविधा मिलती है। वहीं, निजी लैब में एक एक्स-रे कराने के करीब दो सौ रुपए चुकाने पड़ते है।

रोजाना उपचार को पहुंचते हैं सैकड़ों लोग

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में जिला सोलन के साथ जिला सिरमौर से भी मरीज रोजाना उपचार के लिए आते है। यहां रोजाना 15 सौ के करीब ओपीडी रहती है। ऐसे में बहुत से मरीजों को चिकित्सकों द्वारा एक्सरे करने को लिखा जाता है। अस्पताल में मशीन की तकनीकी खराबी के चलते मरीजों को बाजार से एक्सरे कराने पड़ेंगे।

> अस्पताल की एक्स-रे मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। इसकी वजह से मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। कंपनी को पत्र लिखा गया है कि जल्द मशीन को ठीक करें या इसकी जगह नई मशीन को स्थापित करें।
>
> **-डॉ. एसएल वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक, सोलन अस्पताल।**

उद्योग मंत्री ने सम्मानित किए कॉलेज के 50 मेधावी

अनंत ज्ञान, नाहन

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रदेश का सबसे पुराना तथा ऐतिहासिक कॉलेज है, इस महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत निकले अनमोल मोती राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह वक्तव्य उद्योग, श्रम एवं रोजगार तथा संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने यहां पूर्व छात्र संघ डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन द्वारा इस कॉलेज के अनमोल मोतियों के लिए आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि नाहन महाविद्यालय से निकले 50 से अधिक अनमोल रतन तथा प्राचार्यों को सम्मानित कर रहा है जिन्होंने इस विद्या के मंदिर से शिक्षा ग्रहण कर अपने अपने क्षेत्रों में उच्च स्थान हासिल कर उत्कृष्टता की नींव रखी।

इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव एस एस परमार सहित महाविद्यालय के अनमोल रत्नों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

ईट राइट मिलेट्स मेला 24 फरवरी को ठोडो मैदान में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने बताया कि जिला स्तरीय ईट राइट मिलेट्स मेला ऐतिहासिक ठोडो मैदान में 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। अजय कुमार यादव आज यहां ईट राईट मिलेटस मेले के आयोजन से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

यह मेला खाद्य सुरक्षा विभाग के सौजन्य से आयोजित किया जाएगा। अजय कुमार यादव ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान लोगों को मोटे अनाज के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभावों के बारे में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियों के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि मेले के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए वॉकथॉन तथा स्लो साइकलिंग, 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए बैडमिंटन तथा साइकल रेस और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

कार्रवाई नई एसडीएम ने संभाला अतिक्रमण हटाने की मुहिम का मोर्चा

निशानदेही कर भवन मालिकों को दी अतिक्रमण हटाने की मोहलत

आर मोहन चौहान, सोलन

शहर सहित नगर निगम के वार्ड क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी के अधीन सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रशासनिक फेरबदल के बाद फिर से शुरू हो गई। सोलन मॉल रोड, राजगढ़ रोड और हॉस्पिटल रोड से अतिक्रमण हटाने में अहम भूमिका निभाने वाली एसडीएम कविता ठाकुर की ट्रांसफर होने के चलते अतिक्रमण हटाने की मुहिम थम गई थी।

नई एसडीएम डॉ. पूनम बंसल ने वस्तुस्थिति को समझकर सोमवार से प्रशासनिक टीम के साथ एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू कर दी। प्रशासनिक टीम ने टैंक रोड से अतिक्रमण हटाने की निशानदेही की,

मुहिम के दौरान अधिकारियों के साथ निशानदेही कराती एसडीएम।

साथ ही भवन मालिकों को अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी है। ऐसा न करने पर प्रशासनिक टीम जीसीबी से अतिक्रमण हटाएगी, जिसकी लागत भवन मालिक से वसूल की जाएगी।

टैंक रोड से डमरोग तक हटेगा अतिक्रमण : अतिक्रमण हटाने की मुहिम टैंक रोड होते हुए सेरी से डमरोग तक चलेगी। पीडब्ल्यूडी के अधीन इस सड़क में भवन मालिकों ने अतिक्रमण की भरमार की है। अतिक्रमण से परेशानी झेल रहे लोग इस कार्रवाई से खुश है। सेरी-डमरोग सड़क पर शुरू में विभागीय लापरवाही से लोगों ने जमकर अतिक्रमण किया। जिस कारण सड़क की चौड़ाई नहीं बढ़ पाई। कई जगह जमीनी विवाद के कारण सड़क की मेटलिंग भी नहीं हुई है।

राजगढ़ रोड में अपने स्तर पर हटा रहे अतिक्रमण : प्रशासनिक कार्रवाई के बाद शहर के कई हिस्सों में लोग अपने स्तर पर अतिक्रमण हटा रहे हैं। शहर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम से अब तक कार्रवाई से कई चौंकाने वाले खुलासे हो चुके हैं।

> शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रहेगी। इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई है।
>
> **-पूनम बंसल, एसडीएम सोलन।**

ओल्ड डीसी ऑफिस से लेकर राजगढ़ रोड के कोटलानाला, कॉलेज रोड, खुंडीधार और शामति में कई ऐसे ऐसी जगह पर अतिक्रमण पाया गया, जहां पर लोगों ने व्यावसायिक गतिविधियां चला कर खूब कमाई की, पर लोगों को पैदल चलने तक की जगह तक नहीं छोड़ी। (अनंत ज्ञान)

चंबा में युवाओं की डिमांड पर सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण शुरू

पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी देगी ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

आज वक्त ऐसा आ गया है कि नशे और क्राइम की बढ़ती रफ्तार से हर कोई भयभीत एवं असुरक्षित महसूस कर रहा है। जिससे निपटने के लिए हालांकि पुलिस दिन-रात पहरी भी है, लेकिन पुलिस को भी किसी अपराध या अपराधी को पकड़ने के साक्ष्य की आवश्यकता पड़ती है। इस कमी को आधुनिक दौर में सीसीटीवी कैमरे सरलता से दूर करते हैं। पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा द्वारा इस विषय पर गहनता से मंथन करते हुए सीसीटीवी कैमरा चलाने एवं उसे व्यवसायिक बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। जिसका आगाज लक्ष्मीनाथ परिसर डोगरा बाजार चंबा में कर दिया है। पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा की एमडी अर्चना प्लाह ने

अर्चना प्लाह, एमडी पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा।

बताया कि पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चंबा द्वारा स्किल डेवलपमेंट को लेकर प्रशिक्षण करवाए जा रहे हैं। जिसमें सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण की युवाओं में बढ़ती डिमांड व सामाजिक सुरक्षा को देखते हुए संस्थान द्वारा सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। जिसका पहला बैच इसी माह से किसी भी तरह की दाखिला अथवा कोर्स फीस न लिए बगैर सिर्फ परीक्षा शुल्क पर आरंभ किया जा रहा है। जिसके तहत संस्थान द्वारा सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षित, अनुभवी के माध्यम से यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षुओं को सीसीटीवी कैमरे की थ्यूरी व प्रैक्टिकल दोनों प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त तकनीकी पहलुओं से भी उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि सीसीटीवी कैमरे को लगाने चलाने व उनमें तकनीकी खराबी पड़ने पर उसका भी पूर्ण रूप से अध्ययन कर प्रशिक्षु पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हो सके। इच्छुक अभ्यर्थी कार्य दिवस में कभी भी कैनरा बैंक के विपरित दिशा में स्थित डोगरा बाजार में लक्ष्मीनाथ परिसर में स्थित पहल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

दस माह के बाद मिली बस की सुविधा

तीसा। दस माह बीत जाने के बाद नकरोड़ चांजू चंबा रूट की हिमाचल पथ परिवहन बस सेवा शुरू हो गई है। इससे सात पंचायतों के लोगों को लाभ मिलेगा। यह बस सुबह नौ बजे चांजू के लिए चलती है जिसमें स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलता हैं। लोगों का कहना है की इस बस सेवा के बंद होने से उन्हें टैक्सी में ज्यादा किराया देकर अपनी मंजिल तक पहुंचना पड़ता था। पंचायत प्रधान चरड़ा केतकी देवी, ग्राम पंचायत प्रधान चांजू योग राज हनीफ, नरेंद्र कुमार, बचन सिंह, गुमान सिंह, दिलशान का कहना है कि बस सेवा बहाल होने से इसका लाभ मिलेगा। आरएम चंबा शुगल कुमार का कहना है की परिवहन विभाग के पास कर्मचारियों, ड्राइवर और कंडक्टर न होने की वजह से रूट पर बस सेवा नहीं दे पा रहे थे। जल्द ही और भी बंद पड़े रूट बहाल किए जाएंगे।

भूख हड़ताल के साथ करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

भूस्खलन के सताए मोहल्ला कश्मीरी के पीड़ितों ने डीसी को ज्ञापन सौंप दी चेतावनी

आरके रांगड़ा, चंबा

जिला चंबा के शहर परिसर में स्थित मुख्य चौगान वार्ड अधीन मोहल्ला कश्मीरी में हो रहे भूस्खलन का सिलसिला लगातार जारी है। वहीं केंद्र से लेकर राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन चंबा की ओर इस दिशा में जहां पीड़ित परिवारों को अश्वासन दिए जा रहे है वहीं सोमवार को मोहल्ला कश्मीरी के पीड़ित परिवारों के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा की अगुआई में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल को ज्ञापन सौंपकर धरने पर बैठने सहित लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी।

वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा व वार्ड के अन्य बुद्धिजीवियों ने बताया कि वर्ष 1971 से यानि 53 वर्षों से लगातार भूस्खलन के दंश से कश्मीरी मोहल्ला वासी गुजर रहे है। गत वर्ष बरसात में इस भूस्खलन के कारण छह परिवारों के मकान भूस्खलन के मुख पर पहुंच गए है। वहीं गत दिनों हुई बारिश के बाद भूस्खलन का सिलसिला फिर से शुरू हो गया है। जिसकी सूचना दो फरवरी को एसडीएम चंबा महोदय को दी।

जिसके पश्चात उन्होंने तहसीलदार चंबा की अगुआई में राजस्व विभाग से मोहल्ले का निरीक्षण भी करवाया गया। इससे पूर्व भी बरसात के दौरान केंद्रीय आपदा प्रबंधन दल द्वारा निरीक्षण करने सहित आईपीएच, लोनिवि व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी मुआयना किया जा चुका है। वहीं राज्य राजस्व मंत्री अनिरूद्ध द्वारा भी इस भूस्खलन स्थल का स्थानीय विधायक के साथ निरीक्षण कर इस दिशा में मदद का अश्वासन दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मोहल्ले या वार्ड का विषय नहीं है, लेकिन यह विषय संपूर्ण शहर परिसर क्षेत्र से जुड़ा है। इस भूस्खलन को लेकर कुछ वर्ष पूर्व इसके खतरे का निशान मुख्य बाजार परिसर, डाक कार्यालय-संग्राहलय मार्ग पर लगाया जा चुका है। इस बात पर सरकार व जिला प्रशासन ने अधिक गंभीरता नहीं दिखाई। जिसकी बदौलत पहले ही भूस्खलन से दो मकान जमींदोज हो चुके है।

वहीं अब छह अन्य मकान भूस्खलन की कगार पर पहुंच गए है। इन मकानों में रहने वालों में वृद्धा अवस्था, बच्चे, महिलाओं व नौजवानों की करीब 40 से अधिक लोगों की जिंदगियां अब दांव पर लग गई है। उन्होंने कहा कि वहीं वक्त रहते इस दिशा में भूस्खलन रोकथाम के लिए कदम नहीं उठाए गए तो उक्त परिवारों सहित पूरा शहर इस भूस्खलन की जद में आ सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि अब भी सरकार व जिला प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो हम आगामी दस दिनों के बाद क्रमिक हड़ताल पर बैठने सहित लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने में गुरेज नहीं करेंगे। जिसका जिम्मेदार केंद्र, राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन चंबा होगा। (अनंत ज्ञान)

उपायुक्त को ज्ञापन सौंपता मोहल्ला कश्मीरी के पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधिमंडल।

पीड़ित परिवारों से की सहयोग की अपील

भूस्खलन की समस्या से जूझ रहे पीड़ित परिवारों को अश्वस्त करते हुए डीसी ने बताया कि भूस्खलन के संदर्भ में सरकार को राहत कार्य करवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग से भूस्खलन प्वाइंट में कार्य करवाने के लिए डीपीआर तैयार हो गई है। जिसका अनुमानित बजट करीब साढ़े उन्नीस करोड़ के करीब है। इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर आपदा प्रबंधन बैठक में भी रखने सहित स्वयं भी प्रभावित स्थल का निरीक्षण करेंगे। जिसमें जो भी संभव कार्य या सहायता होगी जिला प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को अवश्य प्रदान की जाएगी। तब तक पीड़ित परिवार सहयोग देने सहित संयम रखें।

ये हैं पीड़ित परिवार

भूस्खलन से पीड़ित परिवारों में रमेश चंद, अमित पाल पुत्र रमेश चंद, विक्टर मसीह, सैम मसीह पुत्र विक्टर मसीह, जॉन मसीह, सैमुअल मसीह पुत्र जॉन मसीह, प्रवीण आनंद, विशाल आनंद पुत्र स्व. आशा आनंद, परवेज डैनियल, मोरिस मून डैनियल पुत्र परवेज डैनियल, मुन्नवर वेग मिर्जा, ताहीर मिर्जा पुत्र मुनव्वर वेग मिर्जा, डॉ. विशाल महाजन, सुरेश महाजन, कशेंद्र महाजन, अधिवक्ता उज्वल महाजन पुत्र कशेंद्र महाजन, रेखा देवी पत्नी स्व. कुलदीप कुमार, विलियम मसीह के मकान शामिल है। वहीं गुरुवश इंटरप्राइजेज की मील से लेकर उपायुक्त आवास व चिकित्सालय पोस्टमार्टम-फौरेंसिक लैब कक्ष परिसर शामिल हैं।

इन धरोहरों पर संकट

ऐतिहासिक चौगान, बाबा श्रीचंद गुरुद्वारा, अग्निशमन केंद्र, उपायुक्त आवास, भूरी सिंह संग्रहालय, व श्याम सिंह चिकित्सालय भवन आदि सहित कई निजी मकान एवं शहर बाजार परिसर क्षेत्र आदि धरोहरें भूस्खलन से विलुप्त हो सकती हैं।

न्यूज ब्रीफ

बाल स्कूल में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

बाल स्कूल चंबा में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मौजूद छात्र व अन्य।

चंबा। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं, वर्तमान पर ही बच्चों का भविष्य निर्भर करता है। बच्चे अभी से ही धैर्य और ईमानदारी से कठिन परिश्रम करें, तो सफलता अवश्य कदम चूमेगी। यह बात सोमवार को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा राहुल चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल चंबा में भविष्य सेतु, करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम को नियमित बरकरार रखकर अपने अंदर की कमजोरियों को पहचान कर उसका आंकलन करें और उसे दूर करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सभी अभिभावकों को भी बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से डॉ. शिवानी राणा, उद्यान विभाग से रमेश, आयुष विभाग से डॉ. भारती, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एलडीएम डीसी चौहान और स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. रोहित ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं सहित करियर के विकल्पों के बारे में बताया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

भाषण प्रतियोगिता में कुमारी दीक्षा प्रथम

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंबा के प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

चंबा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंबा के प्रशिक्षुओं द्वारा डाइट धर्मशाला में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए लोक गायन एकल, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य (क्लासिकल),समूहगान, कविता पाठन, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोकनृत्य प्रतियोगिता इत्यादि में भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए भाषण प्रतियोगिता में कुमारी दीक्षा ने प्रथम व सुरेंद्र कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया। एकल नृत्य क्लासिकल में मुनीश्वर ने प्रथम स्थान हासिल किया और कुमारी अंजली का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। रंगोली प्रतियोगिता में कल्पना और उसके सहयोगियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कुमार मनीष ने एकल गायन क्लासिकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा एकल नृत्य लोकनृत्य में विशाल कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया और कुमारी सिमरन का भी एकल नृत्य के लिए बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। सामूहिक लोकनृत्य में भी बच्चों का बहुत बेहतरीन प्रदर्शन रहा। समूहगान में भी चंबा ने अपना लोहा मनवाया।

चुवाड़ी में सेवानिवृत्त गुरुओं को किया गया सम्मानित

चुवाड़ी में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त अध्यापक सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी

उपमंडल चुवाड़ी में बैठक का आयोजन करके यहां पर पुराने गुरुजनों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले अध्यापकों में मनोहर लाल गुप्ता, देवेंद्र सूद, ब्रह्म दत्त, रविंद्र ठाकुर शामिल रहे।

इन सब अध्यापकों की उम्र 75 से 95 साल के बीच है। वहीं सम्मानित करने वालों में से सतपाल ठाकुर अस्पताल से रिटायर्ड है, जिन लोगों ने इन गुरुजनों को सम्मानित किया उनमें से संतोष कुमार, मान सिंह, ईश्वर सिंह, कमल पराशर, तिलक राज, सुरेंद्र, सुरेश कुमार, कुलदीप, हंसराज, शिवपाल, राजेश कुमार आदि ने फूल मालाएं पहनाकर गुरुजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा है कि उनके गुरुओं द्वारा दी गई शिक्षा द्वारा ही आज वह नौकरियों पर हैं और कुछ रिटायर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुजनों की अच्छी शिक्षा के कारण ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे हैं। लिहाजा व अपने गुरुजनों के योगदान को कभी भी नहीं भूल सकते हैं।

सिल्लाघाट पंचायत में बैंक की शाखा खोलने की उठाई मांग

चंबा। सिल्लाघाट पंचायत में किसी भी बैंक की शाखा न होने से लोगों को पैसों के लेन-देन के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है। बैंक न होने से सिल्लाघाट पंचायत की हजारों की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार हर कार्य के लिए लेन-देन बैंकों के माध्यम से कर रही है। गैस सब्सिडी से लेकर अन्य कई विभागों की सब्सिडी सीधे लोगों के खातों में पड़ती है। लोगों को बैंक से संबंधित कार्य के लिए काफी किलोमीटर पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों संजय कुमार, बालकृष्ण, कैलाश, जगदीश, नरेंद्र कुमार, गौरी दास, केहर सिंह ने यहां बैंक शाखा खोलने की मांग उठाई है।

वन मित्र भर्ती में 242 उम्मीदवारों ने दिखाया दम

चुवाड़ी। वन वृत्त डलहौजी के तहत बकलोह के घटासनी में मामूल बीट और सिहुंता के टुंडी बीओ आफिस के पास आज वन मित्र भर्ती की प्रक्रिया को शुरू किया गया। इस दौरान वन मित्र की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की खासी भीड़ देखने को मिली। इन अभ्यर्थियों ने विभागीय स्टाफ की देखरेख में लंबाई, छाती का माप और दौड़ में हिस्सा लिया। इसके साथ ही विभागीय स्टाफ ने अभ्यर्थियों के दस्तावेज भी जांचे। वन मंडल अधिकारी डलहौजी रजनीश कुमार ने बताया कि वन मित्र के लिए होने वाली इस भर्ती को सोमवार से शुरू किया गया है जिसमें सर्वप्रथम अभ्यर्थियों के शारीरक प्रशिक्षण के साथ दौड़ करवाई गई है। उन्होंने कहा की विभाग द्वारा लड़के और लड़कियों के अलग अलग फिजिकल टेस्ट करवाए जाते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि बकलोह बीट के लिए 242 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। जिसमें 66 लडकियां और 176 लड़कों ने अपना दम दिखाया । इस मौके पर डीएफओ डलहौजी रजनीश कुमार, रेंज अधिकारी बरीयाम सिंह के अलावा समस्त बीट के बीओ ,गार्ड, स्कूल के डीपी, पुलिस और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा ।

विधायक डीएस ठाकुर ने तड़ोली बूथ से किया 'गांव चलो अभियान' का शुभारंभ

केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, डलहौजी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल डलहौजी द्वारा विधायक डीएस ठाकुर की अध्यक्षता में तलोड़ी बूथ से अभियान का शुभारंभ किया गया। बताते चलें कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आज प्रत्येक ग्रामीण लाभान्वित हो रहा है।

इस बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई की धरातल पर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं कितनी कारगर साबित हो रही है। इस आयोजन के बारे में जब विधायक डीएस ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेशानुसार गांव चलो अभियान के तहत तड़ोली बूथ पर बैठक कर हमने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा यह भी सुनिश्चित किया कि इन योजनाओं का धरातल पर क्या वजूद है। काबिले गौर है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में गांव की देवतुल्य जनता भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत प्रदान कर नरेंद्र मोदी को एक बार फिर तीसरी बार अपने विश्व ख्याति प्राप्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देखना चाहते हैं।

तलोड़ी बूथ में गांव चलो अभियान के दौरान मौजूद विधायक व अन्य।

चौगान वार्ड में 20 उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काटे

अनंत ज्ञान, चंबा

विद्युत उपमंडल चंबा-1 के तहत 386 उपभोक्ताओं के कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सोमवार को बोर्ड की टीम ने चंबा शहर के चौगान वार्ड से कनेक्शन काटने की शुरूआत की तथा पहले दिन वार्ड में करीब 20 उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काटे गए।

इस दौरान हड़बड़ाहट में कुछ उपभोक्ताओं ने कुछ घंटे का समय लेकर बिल जमा भी करवाया तथा रसीद बोर्ड के कर्मचारियों के पास जमा करवाई, जिसके बाद उनके कनेक्शन नहीं काटे गए। बोर्ड निदेशालय शिमला ने समस्त विद्युत उपमंडलों को निर्देश जारी किए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से अपने बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, उनके कनेक्शन काटे जाएं। इसी कड़ी के तहत चंबा के उन डिफाल्टर उपभोक्ताओं की सूची तैयार की है, जिन्होंने अपना बिजली का बिल लंबे समय से अदा नहीं किया है। आदेश में स्पष्ट कहा है कि 100 दिनों से बिल न जमा करवाने वाले डिफाल्टरों के कनेक्शन काट दिए जाएंगे, भले की उनके बिल की राशि कम ही क्यों न हो। इससे पूर्व उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए तथा उपभोक्ताओं को 15 दिनों का समय दिया कि अगर निर्धारित समय पर बिल जमा नहीं करवाया गया तो अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटने के आदेश जारी किए जाएंगे लेकिन नोटिस के बावजूद बिल जमा नहीं करवाए गए।

इसके बाद विभाग द्वारा उक्त कार्रवाई अमल में लाई गई। अधिशाषी अभियंता प्रवेश ठाकुर ने कहा कि उपभोक्ताओं को कई बार अल्टीमेटम दिया, लेकिन अब बिजली बोर्ड द्वारा इन उपभोक्ताओं के अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटने के आदेश दिए जा रहे हैं। कुछ सरकारी विभाग भी हैं, जिन्होंने लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है।

धर्म परिवर्तन पर जताई गहरी चिंता एसडीएम डलहौजी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, डलहौजी

वाल्मीकि सभा डलहौजी ने सोमवार को उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज के माध्यम से उपायुक्त चंबा को एक ज्ञापन भेजा गया जिसमें वाल्मीकि सभा डलहौजी ने डलहौजी में ईसाई समुदाय के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन करवाने पर गहरी चिंता जताई है। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने उपायुक्त महोदय को वाल्मीकि मोहल्ला वार्ड नंबर तीन नजदीक विद्या कॉटेज सदर बाजार में ईसाई समुदाय द्वारा चलाई जा रही चर्च पर भी चिंता व्यक्त की।

इन्होंने बताया कि जहां चर्च चलाया जा रहा है वहां सरकार द्वारा जो दो विस्वे जगह वाल्मीकि समुदाय के व्यक्ति को मकान बनाने के लिए दी गई थी जहां मौजूदा समय में ईसाइयों द्वारा हर रविवार को चर्च चला पादरी एवं लोगों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। यहीं से

उपमंडलाधिकारी डलहौजी को ज्ञापन सौंपते वाल्मीकि सभा के सदस्य।

डलहौजी के भोले भाले वाल्मीकि लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की रूपरेखा तैयार की जाती है। वाल्मीकि सभा डलहौजी के सदस्यों द्वारा ज्ञापन में यह भी मांग करी है कि डलहौजी के पादरी से ईसाई धर्म के लोगों की सूची भी ली जाए की की कौन-कौन से लोग ईसाई धर्म में शामिल हैं। साथ ही सभा के सदस्यों द्वारा गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त महोदय से गुहार लगाई है कि ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों को जो हिंदू वाल्मीकि समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं उनकी भी सूचीबद्ध जांच पड़ताल की जाए और जो लोग इन सूचियां में हैं उनके नाम रद्द किए जाएं।

चंबा के पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

चंबा। प्रदेशभर में जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को पेंशन के संशोधन के बाद बकाया का भुगतान नहीं हो पाया है। इससे पेंशनरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड चंबा ने अध्यक्ष पीसी ओबराय की अगुआई में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पेंशनरों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग उठाई है। हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड चंबा के अध्यक्ष पीसी ओबरॉय ने कहा कि संशोधन के बाद बकाया भुगतान करने को लेकर पेंशनर लंबे समय से मांग उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं होना चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा परीक्षणों दवाओं की दरें कई गुना बढ़ गई हैं। लिहाजा, चिकित्सा भत्ता दो हजार रुपए प्रति माह किया जाए।

राहत कंपकंपाती ठंड में लोक निर्माण विभाग ने हटाई बर्फ

डलहौजी-खजियार मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल

मुकेश कुमार, डलहौजी

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी से खजियार मुख्य मार्ग को लोक निर्माण विभाग ने ठिठुरती ठंड में कड़ी मशक्कत के बाद करीब 12 दिन में छोटी गाड़ियों के लिए बहाल करने में कामयाबी हासिल की है। बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी से डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के कारण ज्यादातर मार्ग अवरुद्ध हो गए थे परंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा ज्यादातर मार्गों को बहाल तो कर दिया गया पर बर्फबारी के बाद डलहौजी-खजियार मार्ग को लेकर काम जारी था जो अब लोक निर्माण विभाग द्वारा छोटी गाड़ियों के लिए बहाल कर दिया गया है।

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में बर्फबारी का आनंद लेने आए पर्यटकों को मिनी स्विटजरलैंड यानी खजियार में पड़ी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए चंबा होते हुए खजियार पहुंचना पड़ रहा था। बावजूद बंद पड़े रोड से भी पर्यटकों के उत्साह में कोई कमी देखने को नहीं मिली तो वहीं मुख्य मार्ग की आवाजाही से जहां खजियार के होटल कारोबारी खुश है तो वहीं स्थानीय छोटे व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिल रही है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अतुल शर्मा ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी में भी विभाग लगातार बर्फ हटाने वाली मशीनरी लगाकर बर्फ साफ करने का कार्य कर रहा था लेकिन खजियार मुख्य मार्ग पर बर्फबारी काफी अधिक हुई थी दूसरे यहां की ऐसी जगह हैं जहां धूप भी कम लगती है उस वजह से वहां बर्फ के काफी अंबार लगे थे जिन्हें साफ करने में विभाग को काफी समय लग गया। कंपकंपाती ठंड में मशीनरी एवं मजदूरों ने बिना हौसला हारे आखिरकार छोटे वाहनों के लिए यह मार्ग खोल दिया है। (अनंत ज्ञान)

डलहौजी-खजियार मुख्य मार्ग से बर्फ हटाती लोक निर्माण विभाग की मशीनरी।

स्थानीय व्यापारियों व होटल कारोबारियों के चेहरे खिले

अंडर-19 विश्व कप टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चार भारतीयों ने बनाई जगह

नई दिल्ली। अंडर-19 विश्व कप का 15वां संस्करण साउथ अफ्रीका में संपन्न हुआ, जिसके फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर चौथी बार खिताब जीता।

1. हैरी डिक्सन (ऑस्ट्रेलिया)

मैच 7, रन 309, औसत 44.14, स्ट्राइक रेट 81.31

डिक्सन टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं लेकिन इनके नाम एक भी शतक नहीं था।

2. लुहान-ड्रि प्रिटोरियस (साउथ अफ्रीका)

मैच 6, रन 287, औसत 57.40, स्ट्राइक रेट 94.09

साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज प्रिटोरियस ने लगातार तीन अर्धशतक लगाए।

3. ह्यूज विबगन (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया)

मैच 7, रन 304, औसत 50.66, स्ट्राइक रेट 83.28

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे मुश्किल शतक लगाया।

4. उदय सहारन (भारत)

मैच 7, रन 397, औसत 56.71, स्ट्राइक रेट 77.69

भारतीय कप्तान टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

5. मुशीर खान (भारत)

मैच 7, रन 360, औसत 60.00, स्ट्राइक रेट 98.09, विकेट 7, औसत 26.57, इकॉनमी 3.63

मुशीर टूर्नामेंट में दो शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे। उन्होंने गेंद और बल्ले से योगदान दिया।

6. सचिन धस (भारत)

मैच 7, रन 303, औसत 60.60, स्ट्राइक रेट 116.53

दबाव में शांत रहना और अच्छी गेदों को भी बाउंड्री पहुंचाना धस की सबसे बड़ी खासियत है।

7. ज्वेल ऐंड्रयू (वेस्टइंडीज) (विकेटकीपर)

मैच 5, रन 207, औसत 69.00, स्ट्राइक रेट 109.52

एंटीगा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम को अकेले मैच-जिताया।

8. क्वेना मफाका (साउथ अफ्रीका)

मैच 7, विकेट 21, औसत 9.71, इकॉनमी 3.81

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट में तीन बार पांच विकेट लिए और इतनी ही बार प्लेयर ऑफ़ द रहे।

9. उबैद शाह (पाकिस्तान)

मैच 6, विकेट 18, औसत 12.38, इकॉनमी 4.12

शाह ने पाकिस्तान की तरफ से लगभग हर मैच में महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और टीम को लगभग अकेले ही सेमीफाइनल में पहुंचाया।

10. कैलम वाइडलर (ऑस्ट्रेलिया)

मैच 6, विकेट 14, औसत 11.71, इकॉनमी 3.79

वाइडलर ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी की अगुआई की और नई गेंद से हर मैच में विकेट निकाला।

11. सौम्य पांडे (भारत)

मैच 7, विकेट 18, औसत 10.27, इकॉनमी 2.68

सौम्य ने टूर्नामेंट में तीन बार 4-विकेट हॉल लिया और अपनी फिरकी से सबको छकाया।

एटीपी एकल रैंकिंग में नागल 23 पायदान की छलांग से शीर्ष 100 में शामिल

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा। उन्होंने कहा कि काफी उतार-चढ़ाव हुए। मैं खुश हूं कि हर दिन आगे बढ़ने के लिए मुझे एक तरीका मिल गया।

आइवरी कोस्ट ने जीता 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' खिताब

नाइजीरिया को हराया

अबिदजान (आइवरी कोस्ट)। आइवरी कोस्ट ने सेबेस्टियन हालेर के अंत में किए गए विजयी गोल की मदद से रविवार को यहां फाइनल में नाइजीरिया पर 2-1 की जीत से 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' खिताब अपने नाम किया। हालेर ने 81वें मिनट में करीब से किए गए गोल से आइवरी कोस्ट को खिताब दिलाया। टीम के लिए पहला गोल फ्रैंक केसी ने 62वें मिनट में दागकर 1-1 से बराबरी दिलाई थी। यह 1992 और 2015 के बाद आइवरी कोस्ट का तीसरा खिताब है। अनुभवी मिडफील्डर मैक्स ग्रेडल अब 36 वर्ष के हो चुके हैं और 2015 चैंपियनशिप में टीम का हिस्सा थे। कप्तान विलियम ट्रस्ट इकोंग के 38वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से नाईजीरिया ने 1-0 से बढ़त हासिल की थी।

हिमाचल 76 रन से हारा

- दिल्ली के गेंदबाज हिमांशु चौहान ने झटके 5 विकेट
- हिमाचली बल्लेबाजों ने किया निराशाजनक प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

स्थानीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के तहत हिमाचल और दिल्ली के मैच का सोमवार को अंतिम दिन का खेल आरंभ हुआ।

हिमाचल की टीम ने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए कप्तान अंकित कलसी जल्दी आउट हो गए, अंकित कलसी 15 रन बनाकर आउट हो गए, तब टीम का स्कोर 40 रन था, शुभम अरोड़ा 24 रन, निखिल गंगटा 20 रन, रवि ठाकुर 22 रन मुकुल नेगी 37 रन एकांत सेन, 28 रन ऋषि धवन 65 रन बनाए, अपनी पारी में 7 चौके लगाए, वैभव अरोड़ा 6 रन और विनय गुलेटिया ने एक रन बनाया। हिमाचल की टीम से सबसे बड़ी साझेदारी 73 रन की हुई, जिसे मुकुल नेगी और ऋषि धवन ने निभाई। हिमाचल की पहले विकेट 10 रन दूसरी विकेट 40, तीसरी, चौथी विकेट 68, पांचवीं विकेट 114, छठा विकेट 187, सातवां विकेट 234 रन, आठवां विकेट 239 रन, नवमा विकेट 250 रन, 250 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,

हिमांशु चौहान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। सिद्धात ने 2 खिलाड़ी को आउट किया, प्रियांशु ने 3 विकेट, दिल्ली ने हिमाचल को 76 रन से हराया।

जडेजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सौराष्ट्र जीता

जयपुर। बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ का प्रदर्शन करते हुए दूसरी पारी में 32 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे सौराष्ट्र ने सोमवार को ग्रुप ए मैच में राजस्थान को 218 रन से शिकस्त दी। जडेजा ने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। इस तरह से उन्होंने मैच में 131 रन देकर 12 विकेट हासिल किए, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सौराष्ट्र ने इस मैच से 6 अंक हासिल किए।

मध्य प्रदेश की बड़ी जीत

इंदौर। ग्रुप डी में दिन का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया का लगातार चार गेंद में चार विकेट झटकना रहा, जिससे उन्होंने पांच विकेट हासिल किए और मध्य प्रदेश ने इंदौर में बड़ौदा पर पारी और 52 रन से जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

रणजी ट्रॉफी सत्र में केरल ने बंगाल को रौंदा, तीसरे स्थान पर पहुंचा

थुम्बा (केरल)। अनुभवी आल राउंडर जलज सक्सेना के स्पिनरों के लिए माकूल पिच पर लिए गए 13 विकेट की बदौलत केरल ने सोमवार को बंगाल को 109 रन से हराकर मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र में अपनी पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से केरल (14 अंक) ग्रुप बी तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष पर मुंबई (30) और दूसरे स्थान पर आंध्र (25) मौजूद है। यह बंगाल की इस सत्र में लगातार दूसरी हार है, जिससे पिछले चरण की उप विजेता छठे स्थान पर खिसक गई है और उसकी नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद भी खत्म हो गई है। बंगाल को पिछले मैच में मुंबई से पारी की हार मिली थी।

अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी सत्र का अपना पहला अर्धशतक जड़ा

रायपुर में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (नाबाद 56 रन) ने रणजी ट्रॉफी सत्र का अपना पहला अर्धशतक जड़ा, जिससे मुंबई ने मेजबान छत्तीसगढ़ पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। मुंबई ने एक विकेट पर 97 रन से आगे खेलते हुए छह विकेट पर 253 रन पर दूसरी पारी घोषित कर दी। बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने पांच विकेट झटके। गुवाहाटी में असम ने बिहार को नौ विकेट से हराकर इस सत्र की पहली जीत हासिल की। असम के अब छह मैच में आठ अंक हैं और आठ टीम के ग्रुप बी में वह निचले पायदान पर चल रही बिहार से तीन अंक आगे है। विजयनगरम में आंध्र और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला ड्रा रहा। आंध्र ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किये जबकि उत्तर प्रदेश को एक अंक मिला।

टॉमी पॉल ने जीता दूसरा करियर एटीपी खिताब

डलास। दूसरे वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने गैर वरीय मार्कोस गिरोन को तीन सेट तक चले फाइनल में मात दी और डलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतकर अपना दूसरा करियर एटीपी खिताब हासिल किया। दोनों अमेरिकी खिलाड़ियों ने फाइनल से पहले डलास में एक भी सेट नहीं गंवाया था। पॉल ने फाइनल में गिरोन को 7-6 (3), 5-7, 6-3 से पराजित किया। पॉल का यह चौथा एटीपी फाइनल था और इस खिताबी जीत से वह रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। न्यूजर्सी के इस 26 साल के खिलाड़ी ने 2021 में स्टॉकहोम में पिछला खिताब जीता था।

इंग्लैंड के पास सीरीज जीतने का मौका : ब्रॉड

केपटाउन। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट शृंखला में नहीं होना इस शृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का सुनहरा मौका है। ब्रॉड ने इंटरव्यू में कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं।

वर्ल्ड न्यूज

दो करोड़ के नकली नेपाली नोट के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार

काठमांडू। पुलिस ने सोमवार सुबह दो करोड़ के फर्जी नेपाली नोट के साथ एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया। उसका सहयोगी फरार हो गया। भारतीय नंबर प्लेट वाली गाड़ी में रख कर फर्जी नोट लाया जा रहा था। यह बरामदगी उस समय हुई, जब हाईवे पर नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस ने भारतीय नंबर प्लेट वाली स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के दौरान बोरे में रखे गए दो करोड़ के नकली बरामद किए। सुनसरी जिले के पुलिस एसपी विपिन रेग्मी ने बताया कि सभी जाली नोट एक हजार रुपए के हैं।

सेंसेक्स 523 अंक टूटा, 21,600 रुपए के करीब बंद हुआ निफ्टी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 523 अंक यानी 0.73 फीसदी की बढ़त के साथ 71,072.49 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.45 अंक यानी 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 21,616.05 के स्तर पर बंद हुआ।

टेक्सस के चर्च में गोलीबारी में दो घायल, आरोपी को मार गिराया

वाशिंगटन। अमेरिका के टेक्सस राज्य में एक चर्च में हुई गोलीबारी में एक बच्चे समेत दो लोग घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने महिला हमलावर को मार गिराया। ह्यूस्टन पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने कहा कि ट्रेंच कोट पहने लंबी राइफल से लैस एक महिला, जिसके साथ एक छोटा बच्चा भी था, ने जोएल ओस्टीन के मेगा चर्च में गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में महिला को गोली मार दी गई।

यमुना एक्सप्रेस-वे में हादसा कार सवार पांच लोग जिंदा जले

एजेंसी, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में माइल स्टोन-117 के पास सोमवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। पीछे से आ रही कार भी बस से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों ही वाहनों में आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक आग की चपेट में आकर कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह हादसा महावन थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन-117 के पास का है। बिहार नंबर की बस (बीआर02एए6496) डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान पीछे चल रही एक कार बस से जा टकराई और पलक झपकते ही दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसा देख पर यात्री घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए बस से उतरकर सुरक्षित जगह पर भागने लगे। इस बीच घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग राहत बचाव कार्य में जुट गए। इस बीच आग ने दोनों ही वाहनों को अपनी में चपेट में ले लिया और कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड ने टोल टीम की मदद से आग को काबू किया। कार के अंदर बुरी तरह से जल चुके पांच लोगों के अवशेष थे। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने कार सवार मृतकों में एक युवक की पहचान शिकोहाबाद निवासी अंशुमान यादव के रूप में की है। चार अन्य शवों की शिनाख्त के प्रयास पुलिस टीम कर रही है। घटना की जानकारी पर पहुंचे जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने मौका मुआयना किया।

रूस ने यूक्रेन पर किए 45 ड्रोन हमले

कीव। यूक्रेन पर रूस ने साढ़े पांच घंटों के दौरान 45 ड्रोन से हमले किए। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का अपने युद्ध मंत्रिमंडल में बदलाव का दौर जारी है। यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान जारी कर बताया कि रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 शाहिद ड्रोन को राजधानी कीव के बाहरी इलाके सहित देश के नौ क्षेत्रों में मार गिराया। यूक्रेन के दक्षिणी रक्षा बलों के अधिकारियों ने टेलीग्राम चैनल से जानकारी दी। साढ़े पांच घंटे तक चली लड़ाई में रूस द्वारा कृषि सुविधाओं और तटीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि मायकोलाइव क्षेत्र में एक हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि आग लगने से आसपास की आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा। क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति तब घायल हो गया जब नष्ट हुए ड्रोन के मलबे के कारण आग लग गई। रूस द्वारा ये हमले ऐसे समय किए गए हैं, जब जेलेंस्की जवाबी हमलों की गति बनाए रखने के लिए सैन्य कमांडरों की नियुक्ति कर रहे हैं। यूक्रेन ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व उप रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर पावल्युक यूक्रेन की जमीनी सेना के नए कमांडर होंगे।

जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र ही बनेगा देश का पहला ई-हाईवे

उदयपुर में बोले गडकरी, राजस्थान को दी सड़क परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी, उदयपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात देते हुए ऐलान किया है कि जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र इलेक्ट्रिक हाईवे बनेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के साथ ही यह इलेक्ट्रिक हाईवे एक नई लेन पर बनाया जाएगा। जयपुर से दिल्ली के बीच देश में ई-हाइवे का यह पहला प्रयोग होगा।

गडकरी उदयपुर में महाराणा प्रताप हवाई अड्डे के समीप एक निजी रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गडकरी ने राजस्थान में 2500 करोड़ की 17 सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। गडकरी ने कहा कि उन्होंने पानी में उतरने वाले हवाई जहाज की संकल्पना की थी और साबरमती में साकार किया। राजस्थान पर्यटन शहर है और यहां झीलें भी हैं। यहां भी पर्यटन की दृष्टि से पानी में भी उतर सकने वाले हवाई जहाज चलाने पर विचार किया जा सकता है। एयरपोर्ट के साथ रिवर पोर्ट पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के कहे गए वाक्य का

उदाहरण देते हुए कहा कि जहां भी रोड नेटवर्क विकसित होता है, वहां नया शहर बसता है। उन्होंने उदयपुर के नए बाईपास को लेकर कहा कि इससे उदयपुर में एक्सपोर्ट की सुविधा बढ़ेगी, जिससे उद्योगों को लाभ होगा और नए रोजगार सृजित होंगे। गडकरी ने यह भी कहा कि हम रोड नेटवर्क बना रहे हैं लेकिन इसके साथ हमें फ्यूल ट्रांसफॉर्मेशन पर भी सोचना होगा। पेट्रोल-डीजल से हटकर बायो फ्यूल व वैकल्पिक फ्यूल की तरफ बढ़ना होगा। उन्होंने ई-हाइवे की अवधारणा पर कहा कि सड़क के ऊपर से गुजरती इलेक्ट्रिक लाइन से तीन बसों जितनी लंबी बस जुड़ी होगी। इन बसों का सफर यात्रियों को हवाई जहाज के सफर का अहसास कराएगा। इसका किराया भी तुलनात्मक रूप से कम होगा।

दयानंद सरस्वती ने समाज को रूढ़ियों से दिलाया छुटकारा

मोरबी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उनके फैलाए गए ज्ञान के प्रकाश से अज्ञान का अंधेरा दूर हुआ और समाज को रूढ़ियों से छुटकारा मिला है। हमारी भारत-भूमि धन्य रही है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों को जन्म दिया है। महर्षि ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ की रचना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोरबी जिले के टंकारा में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। तीन दिवसीय समारोह का आयोजन दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, श्री महर्षि दयानंद सरस्वती स्मारक ट्रस्ट, टंकारा समेत समस्त आर्य संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। सत्यार्थ प्रकाश में दयानंद सरस्वती ने नमक कानून का विरोध किया था।

अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

(13 फरवरी, 2024)

विक्रमी संवत : 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** चतुर्थी 02:44 पीएम तक, **नक्षत्र :** उत्तराभाद्रपद (12:36 पीएम तक) , **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13 से 12:57 दोपहर तक)
राहुकाल : 03:22-04:46 पीएम तक।

विशेष दिन

सरोजिनी नायडू जयंती आज। 14 फरवरी 2024 : वसंत पंचमी

मेष : आज आपको चल रहे काम में बाधाएं आ सकती हैं और इसकी वजह से आपको तनाव हो सकता है। आपके किसी करीबी का स्वास्थ्य आपको परेशान कर सकता है।

वृषभ : आज आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और कुछ अवसरों पर आप खुद को आकर्षण का केंद्र बना पाएंगे। व्यावसायिक दायरा बढ़ेगा।

मिथुन : कार्य स्थल पर नवीन समीकरणों के चलते आप व्यस्त रहेंगे। रुकी हुई परियोजनाएं प्रगति कर सकती है। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है।

कर्क : आज भाग्य आपके साथ है। आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे। यदि संपत्ति के संबंध में अदालत में कोई मामला है, तो इसे सौहार्दपूर्वक हल करें।

सिंह: आज का दिन आपको कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला है। आज आपके साथ कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे, किंतु उसका आपको पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।

कन्या : आज कुछ लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने साहस और संगठित कार्य के बल पर आप आसानी से विजय प्राप्त कर सकते हैं। अधीनस्थों के कारण समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

तुला : आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। अतिरिक्त प्रयास करने पर ही आपको अवश्य सफलता मिलेगी। आप महसूस कर सकते हैं कि स्थितियां आपके नियंत्रण से बाहर हैं।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणामों वाला है। यदि उच्च अध्ययन या नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता में भाग ले रहें है तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

धनु: आज आप की कुछ इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यवस्थित रूप से कार्य करने पर चीजें आपको आगे बढ़ाएंगी। आयात या निर्यात से जुड़े हैं तो आप विदेश यात्रा भी कर सकते हैं।

मकर : आज आप व्यस्त रहेंगे और व्यावसायिक दृष्टि से विकास संभव है। लक्ष्य प्राप्ति की ओर आप अपना ध्यान केंद्रित रखेंगें। कार्यस्थान पर आपके काम से आपके वरिष्ठ खुश होंगे।

कुंभ : आर्थिक रूप से दिन बहुत अच्छे परिणाम देगा। यदि आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

मीन : आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन चीजें आपके पक्ष में और आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी। थोड़ा निराश हो सकते हैं किन्तु धैर्य रखते हुए चीजें आपके नियंत्रण में आती रहेंगी।

जनवरी में लार्जकैप फंड्स की ओर बढ़ा रुझान, 1,287 लाख करोड़ का निवेश

एजेंसी, नई दिल्ली

शेयर बाजार में लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बीच जनवरी के महीने में लार्जकैप म्युचुअल फंड्स की ओर में जबरदस्त रुझान हुआ है। इस दौरान निवेशकों ने लार्जकैप म्युचुअल फंड्स में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो पिछले 19 महीने के दौरान किया गया सबसे बड़ा है। आलोच्य अवधि में इन फंड्स में करीब 80 प्रतिशत अधिक निवेश हुआ है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) से मिले आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले जुलाई 2022 में 2,052 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। पिछले साल की इसी अवधि यानी जनवरी, 2023 में लार्जकैप फंड्स में कुल 716 करोड़ रुपए का निवेश किया गया था। इस तरह आलोच्य अवधि में इन फंड्स में करीब 80 प्रतिशत अधिक निवेश हुआ है। बड़ी कंपनियों में निवेश करने वाले म्युचुअल फंड्स का एसेट बेस जनवरी के महीने में करीब 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3 लाख करोड़ रुपए का हो गया है, जबकि पिछले साल जनवरी के महीने में लार्जकैप म्युचुअल फंड्स का एसेट बेस 2.38 लाख करोड़ रुपए का था। माना जा रहा है कि जनवरी के महीने में मिडकैप और स्मॉलकैप फंड्स में जम कर मुनाफावसूली होने के कारण निवेशकों की दिलचस्पी लार्जकैप फंड्स की ओर अधिक बढ़ी। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेजिडेंट प्रशांत धामी के मुताबिक छोटी और मंझोली कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है।

पाकिस्तान में विस्फोट, दो की मौत, तीन घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। सरकारी रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा कि यह घटना रविवार को प्रांत के निचले दीर इलाके के एक बाजार क्षेत्र में हुई।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गंभीर है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी।

दी जो. नगर उपमंडलीय सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ सी. जो. नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दि जो. नगर उप मंडलीय सहकारी उपभोक्ता एवं विपणन संघ सी. ने जो. नगर में विक्रेता का एक पद रिक्त है जिसे भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित है। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज में 20-02-2024 सायं 5.00 बजे तक सचिव संघ कार्यालय जो. नगर में जमा करवा सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार की सेवा **शर्तें एवं शैक्षणिक योग्यता** निम्न होगी। 1. उम्मीदवार की मूल शैक्षणिक योग्यता 10+2 न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए। 2. रासायनिक जैव विज्ञान अथवा कृषि विज्ञान में स्नातक प्रार्थी को प्राथमिकता दी जा सकती है। 3. प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। 4. आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। 5. वेतन मु. 7500.00 रुपए में प्रतिमाह । 6. प्रार्थी को दो वर्ष के संविदात्मक सेवा में नियुक्त किया जायेगा तत्पश्चात सेवा अवलोकन के बाद नियमित किया जा सकता है। 7. अन्य सेवा शर्तों बारे जानकारी सचिव संघ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

अध्यक्ष, दी जो. नगर उपमंडलीय सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ सी. जो. नगर

दिल्ली पर फिर किसान आंदोलन का साया

देश की राजधानी दिल्ली पर एक बार फिर किसान आंदोलन का साया मंडरा गया है। हालांकि इस बार किसान आंदोलन से कई खास चेहरे गायब हैं। इसके बावजूद अगर किसान आंदोलन जोर पकड़ता है तो इसका असर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर पड़ सकता है। भाजपा की जीत को यह आंदोलन कितना प्रभावित कर सकता है, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन एक सवाल बार-बार जहन में आ जाता है कि किसानों ने लोकसभा चुनावों से ऐन पहले ही यह आंदोलन फिर क्यों शुरू किया?

किसान आंदोलन इस बार भी मुख्यत: पंजाब आधारित ही लगता है, जिसका साथ हरियाणा भी दे रहा है। वेस्ट यूपी में पिछले आंदोलन का भी कोई असर नहीं पड़ा था और इस बार भी कम ही चांस हैं। 2022 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव किसान आंदोलन के साये में हुआ था, फिर भी भाजपा के नतीजों में कोई खास प्रभाव नजर नहीं आया था। दिल्ली कूच से भारतीय किसान यूनियन के चर्चित चेहरे गुरुनाम सिंह चढ़ूनी सहित कई संगठनों ने फिलहाल दूरी बनाई हुई है।

चढ़ूनी ने इस आंदोलन से खुद को अलग कर सोशल मीडिया पर अपने असंतोष का बयान भी जारी किया है। उनका कहना है कि दिल्ली कूच का ऐलान सभी संगठनों की राय से नहीं किया गया। हालांकि यह भी कहा कि अगर किसान संगठन उन्हें बुलाएंगे तो वह जरूर जाएंगे। दरसअल, किसान डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के लिए कानून चाहते हैं।

दूसरी प्रमुख मांग किसान मजदूरों और किसानों के लिए संपूर्ण कर्ज माफी की है। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को राष्ट्रीय स्तर पर दोबारा लागू करने, कलेक्टर दर से चार गुना मुआवजे की गारंटी और किसानों से हस्ताक्षरित सहमति लेने की मांग भी की जा रही है। बिजली संशोधन बिल 2020 को खत्म करने की मांग भी किसान कर रहे हैं। इन चार मुख्य मांगों को छोड़ दें तो और जितनी भी डिमांड किसानों की ओर से हो रही है, उनमें से ज्यादातर के निवारण के लिए किसी न किसी रूप में सरकार काम कर रही है।

केंद्र सरकार इस आंदोलन में शुरुआत में ही शांत करने का प्रयास बेशक कर रही है, लेकिन किसान संगठन सुनने को तैयार नहीं हैं। पंजाब और हरियाणा से लगातार किसानों का जत्था दिल्ली की ओर कूच कर रहा है।

अब यह आंदोलन क्या करवट लेता है और इसके राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ते हैं, यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है, लेकिन इतना जरूर है कि लोकसभा चुनाव से पहले माहौल पूर्ण रूप से समय से पहले ही सियासी बन गया है। जनता किस ओर जाती है यह देखना भी दिलचस्प रहेगा।

आत्मनिर्भरता के साथ-साथ बजट में चुनौतियां भी

लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर

साधारण भाषा में कहें, बजट एक पूर्व योजना है जो अपने पैसे का प्रबंधन करने में मदद करती है। यह हमें दिखाता है कि हमारे पास कितना पैसा है और हमें विभिन्न चीजों पर कितना पैसा खर्च करने की आवश्यकता है, हम कितना पैसा बचा सकते हैं या अन्य लक्ष्यों के लिए उपयोग कर सकते हैं। एक बजट हमें अपने पैसे के बारे में स्मार्ट निर्णय लेने में मदद कर सकता है और अधिक खर्च, कर्ज या पैसे खत्म होने जैसी समस्याओं से बचा सकता है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 14 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर वित्त मंत्री 17 फरवरी के दिन अपना बजट पेश करेंगे। यह मुख्यमंत्री का दूसरा बजट होगा। इससे पहले साल 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट को मुख्यमंत्री ने ग्रीन बजट का नाम दिया था। अपने दूसरे बजट को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्धि बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

यह समय ही बताएगा कि यह बजट कितना आत्मनिर्भर और समृद्ध साबित होगा। सुख की सरकार के एक वर्ष की उपलब्धि में 1.36 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल करने और प्राकृतिक आपदा से प्रदेश के लोगों को बाहर निकालने के लिए 4500 करोड़ रुपए का पैकेज जारी करना भी आगामी वित्त वर्ष में निश्चय ही बजट में फर्क डालेगा। कल्याणकारी राज्यों के उभरने के साथ ही सरकारें, वस्तुत: मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर ध्यान दे रही हैं। उन्हें कानून और व्यवस्था बनाए रखने, आर्थिक तथा सामाजिक बेहतरी हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपने-अपने क्षेत्रों की रक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य करने होते हैं। इसके अतिरिक्त वे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आवास जैसी सामाजिक सेवाएं प्रदान करती हैं। सरकार को इन कार्यों को प्रभावी रूप से करने के लिए पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता भी होती है। यह धन कहां से आएगा और कौन धन की स्वीकृति देगा? सरकारी व्यय हेतु आवश्यक धनराशि देश के संसाधनों जैसे प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष कर तथा लंबी और अल्प अवधि, दोनों प्रकार के ऋणों से जुटाई जाती है।

घाटे और लोन के सहारे चल रही हिमाचल प्रदेश की सरकार के लिए इस बार का बजट में रिआयतें देना टेढ़ी खीर साबित होगा। बजट के मुख्यत: तीन प्रमुख घटक होते हैं- व्यय, प्राप्तियां और घाटा। वित्त वर्ष 2024-25 में इन तीनों पर कार्य करना आवश्यक होगा। व्यय सारा विकासात्मक कार्यों से है, जैसे सड़क, अस्पताल, स्कूल इसके तहत नए अन्य निर्माण हेतु किया गया व्यय शामिल होता है। इन सभी को पूंजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है क्योंकि वे नई संपत्ति के निर्माण की ओर ले जाते हैं। मजदूरी और वेतन, सब्सिडी या ब्याज भुगतान पर व्यय को आमतौर पर राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इसके बाद सरकार की प्राप्तियों के तीन जैसे- राजस्व प्राप्तियां, गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां और ऋण-सृजन पूंजी से हिमाचल के राजस्व को कितना फायदा हो रहा है। राजकोषीय घाटा कुल व्यय, राजस्व प्राप्तियों और गैर-ऋण प्राप्तियों के योग के बीच का अंतर है। यह दर्शाता है कि सरकार शुद्ध रूप में कितना खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बजट से अभिप्राय यह है कि किसी भी तरह केंद्रीय योजनाओं के अलावा अन्य किसी विशेष आर्थिक पैकेज का सहारा न लेकर हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। इसका कारण जब हिमाचल प्रदेश पिछले वर्ष आपदा से गुजर रहा था, तब केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत राज्य घोषित नहीं किया गया था।

व्यवस्था परिवर्तन की भावना से काम करते हुए प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ तीव्र विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। हो सकता है सरकार का आने वाला बजट इन्हीं बिंदुओं पर केंद्रित हो। 1.36 लाख कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन जीने में पुरानी पेंशन बहाली से राजकोष में घाटा भी लगा है, साथ ही केंद्र द्वारा नई पेंशन के जमा 9000 हजार करोड़ रुपए का केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश के लाखों कर्मचारियों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया। इससे भी हिमाचल प्रदेश का बजट डगमगा गया है।

आज हिमाचल प्रदेश में राजस्व बढ़ाने के लिए सेवा क्षेत्र, पर्यटन, कृषि, बिजली प्रोजेक्ट, बागवानी, दुग्ध उत्पादन, लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। पशुपालन एवं डेयरी को आधुनिकता के साथ विकसित करना होगा। लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को विकसित करना होगा। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को अपार संभावनाएं है। पर्यटन शहर के साथ पर्यटन गांव विकसित करने होंगे। पर्यटन गांव विकसित होने से वहां के लोगों को रोजगार, वहां की संस्कृति, लोक आचार को भी विश्व पटल पर दिखाया जाना जरूरी है। रोजगार को स्वरोजगार में शामिल करने के लिए सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा। सस्ते ब्याज ऋण पर हिमाचल प्रदेश सरकार को विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए ऋण उपलब्ध कराना होगा। मुफ्त की रेवड़ियों से बचना होगा।

इस बजट से हम यह आशा कर सकते हैं कि कृषि और बागवानी को विकसित करने के लिए सरकार का रवैया स्कारात्मक होना चाहिए। सरकार और किसानों के बीच किसी टकराव की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए। नकदी फसलों के लिए उपयुक्त मंडियां तथा पैसे का भुगतान समयनुसार होना चाहिए। कम छोटे उद्योगों के लोगों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना होगा, ताकि प्रति व्यक्ति आय बढ़ सके। मौसम पर निर्भर हिमाचल प्रदेश की फल एवं सब्जी उत्पादन को भी नए बजट में नई मंडियों की आवश्यकता होगी। इससे टनों यह उत्पादन सड़ने से बचाया जा सके।

हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी वर्ग को सुख की सरकार के कार्यकाल के इस दूसरे बजट से बहुत उम्मीदें हैं। हिमाचल प्रदेश आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सामने लोकसभा चुनाव हैं तो मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष स्वाभाविक रूप से हर वर्ग को खुश करने की चुनौती है, ऐसे में कर्मचारियों की कई लंबित मांगें इस बजट में पूरी की जा सकती हैं। राज्य में नियमित कर्मचारी करीब दो लाख हैं, जबकि लगभग डेढ़ लाख पेंशनर्स हैं। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए एक जुलाई 2022 से चार प्रतिशत, एक जनवरी 2023 से भी चार प्रतिशत और एक जुलाई 2023 से फिर चार प्रतिशत महंगाई भत्ता लंबित है। दूसरे बजट में मुख्यमंत्री सुक्खू चार फीसदी या इससे अधिक महंगाई भत्ता जारी करने का ऐलान कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य के कर्मचारियों को नए वेतनमान का एरियर भी देना है। एसएमसी और कंप्यूटर शिक्षकों को नियमितीकरण की उम्मीद है, जिसका प्रभाव बजट में अवश्य पड़ेगा।

अंत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आगामी यह बजट कितना आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। आत्मनिर्भर के लिए हिमाचल प्रदेश में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के साथ पर्यटन विस्तार को विकसित करना होगा। आपदा के समय एक सार्थक प्लान पहले से ही तैयार करना होगा। रोजगार गारंटी, स्वरोजगार तथा अन्य विकासात्मक कार्यों पर काम करना होगा।

नजरिया

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) और छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य

प्रो. सरोज शर्मा
हिन्दुस्थान समाचार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) ने विभिन्न हितधारकों के लिए विभिन्न सिफारिशों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान सुझाया है। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों के भीतर परामर्श सेवाएं और सहायता नेटवर्क प्रदान करने का सुझाव देती है। यह कक्षा में मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन की अहमियत को मानती है। इन भावनाओं की गंभीरता को देखते हुए, सहायता प्राप्त करने के लिए शीघ्रता से कार्य करना महत्वपूर्ण है। तनाव तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीके मौजूद हैं।

कई देशों में सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन, संकट समाधान सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आसानी से उपलब्ध हैं। हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं।

कई बच्चे खुद यह पता लगाते हैं कि परीक्षाओं के तनाव को कैसे संभालना है, एक शेड्यूल बनाना, दोस्तों से बात करना, अधिक अध्ययन करना, टीवी देखना, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, माता-पिता या अन्य वयस्कों से बात करना, वर्कआउट करना आदि- कुछ बच्चों को इसकी आवश्यकता होती है। उन्हें दूसरों की तुलना में अधिक सहायता और मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है, लेकिन यदि आवश्यक हो तो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, परामर्शदाता या किसी परिचित व भरोसेमंद व्यक्ति से मदद लेने का सुझाव दिया जाता है।

यह ध्यान रखना हमेशा महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चा अलग है और कुछ रणनीतियां काम कर भी सकती हैं और नहीं भी। इसलिए, बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं और उसके स्वभाव को देखते हुए पढ़ाई के तौर-तरीकों में परिवर्तन करना भी जरूरी हो जाता है।

अंदाज-ए-बयां — चिंताएं

व्यक्ति के जन्म से
उसके मरण तक
समाप्त नहीं होती
ये बैरी चिंताएं।
पैदा होते ही
मां से दूध की
किशोर होने पर
पढ़ने-लिखने
की चिंताएं।
जवानी में होती
रोजगार की फिकर
प्रौढ़ होने पर होती
औलाद की चिंताएं।
बूढ़ा होने पर होती
अपनी सेहत स्वास्थ्य
की प्राण निकलते समय
होती स्वर्ग नर्क
की चिंताएं ।
ये चिंताएं जीवन
भर कभी पीछा
नहीं छोड़तीं।

सुरेंद्र मिन्हास
बिलासपुर (हिप्र)

गोवंश की उसी वक्त याद व महता समझ आती है, जब अंतिम समय नजदीक होता है

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

सनातन हिंदू धर्म में गोवंश का महत्व विलक्षण, अद्वितीय है। जिस तरह से धर्म की दृष्टि से गीता, गंगा, गायत्री मंत्र, इन तीनों का अपना विशेष स्थान है। उसी तरह गो माता का भी स्थान है। आज इस कलयुगी, कुत्सित सोच के आगे हम नतमस्तक हैं। तैतीस करोड़ देवी-देवताओं से सज्जित इस गाय को हम जीव मात्र नहीं साक्षात प्राण स्वरूप हिंदू धर्म की रसधार मानते हैं। आज बहुत शर्म की बात है, जिस देवभूमि हिमाचल में देवताओं का वास है, उसी धरती में यह गोवंश सड़कों पर ठंड, गर्मी, बर्फ में तड़पता, विलखता घूम रहा है। यह भूख से तड़प कर खेतों में प्रवेश करता है, तो इन्हें पत्थर और डंडे मार कर घायल कर दिया जाता है।

कभी यही घायलवस्था में सड़कों में आवाजाही करते हुए नजर आते हैं। मानवीय दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बनना भी इन्हें खुले में छोड़ने का एक प्रमुख कारण है। जिस गाय या छोटे बछड़े या बैल को हम बेसहारा कहकर संबोधित कर संज्ञा देते हैं, ये कोई आसमान से उतर कर धरती पर प्रकट नहीं हुए हैं। हम में से ही समाज के कुछ सवार्थ से परिपूर्ण लोगों द्वारा ही अपने हित को साध कर इनके दूध, श्रम का इस्तेमाल कर इन्हें सहारे से वंचित कर खुलेआम भटकने के लिए छोड़कर बेसहारा बनाया है। गाय संसार का एकमात्र सबसे श्रेष्ठ जीव है। इसका धार्मिक, आध्यात्मिकता के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है। गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है, जो प्रत्येक जीव का हर तरह से रक्षा करते हैं। इन देवताओं में बारह आदित्य, ग्यारह रुद्र, आठ वसु, दो अश्विन कुमार कुल मिलाकर तैतीस होते हैं। इस तरह से मात्र एक गाय को चारा खिलाने से तैतीस करोड़ देवी-देवताओं को भोग लगता है।

गाय के मूत्र से दूध, दहीं, घी, मक्खन, गोबर से पंचगव्य तैयार किया जाता है। यह बहुत से रोगों के निदान के काम आता है व इसे दवा के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। बेसहारा गोवंश समाज द्वारा उत्पन्न की हुई सामाजिक समस्या है। गो सेंचुरी, गो अभ्यारण्य, गो सदन खोलने व चारे की व्यवस्था धरातल स्तर पर तीव्र रूप से की जानी चाहिए। सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पंचायत की जवाबदेही, कड़े कानून, जुर्माने सहित इस समस्या के निस्तारण में बेहद सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। गाय सामान्य जीव नहीं है। यह हमारे धर्म से जुड़ा हुआ आध्यात्मिक कायाकल्प है, क्योंकि गरुड़ पुराण के अनुसार आत्मा को जब यमदूत धर्मराज के पास उसके कर्मों का लेखा-जोखा दिखाने ले जा रहे होते हैं, तब बीच रास्ते में वैतरणी नदी को पार करना होता है। अपने रौद्र रूप और विकराल प्रधानता से युक्त इस नदी से प्राणी को गाय ही अपनी पूंछ की सहायता से पार लगाती है। मृत्यु शैय्या पर आखिरी सांसें गिनता हुआ मनुष्य प्राण त्यागने से पूर्व गो दान करने की मन में अभिलाषा रखता है।

जीवन का यह अंत समय का संस्कार सिद्ध हो जाने से पारिवारिक परिजनों को संतुष्टि प्रदान करता है। इसके विपरित गोवंश की उसी वक्त याद व महता समझ आती है, जब अंतिम समय नजदीक होता है। यह दृष्टांत सूखा, बाढ़, भूस्खलन, दुर्घटनाओं के कारण परिलक्षित होते रहेंगे, समय से बारिश न होना भी इन परिणामों में से एक है। देवभूमि हिमाचल के लोगों को हमेशा स्मरण होना चाहिए कि, हमारा समाज देवनीति में विश्वास रख चलता है, न की हम मनुष्यों की मनमानी करने से।

विश्व रेडियो दिवस : रेडियो की खनक सदैव रहेगी बरकरार?

डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

इसमें दो राय नहीं कि सूचना-मनोरंजन की पारंपरिक उपाधि सदैव रेडियो के हिस्से ही रहेगी। आज का दिन रेडियो के लिए खास है, क्योंकि समूचा संसार आज 'विश्व रेडियो दिवस' मना रहा है।

रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है। इसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना है। यह सच है कि सूचना या मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध हो जाएं, पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी।

विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था। 13 फरवरी ही वह तारीख थी जो 1946 में अमेरिका में पहली बार रेडियो ट्रांसमिशन से संदेश भेजा गया था और संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरुआत हुई, इसलिए संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ के दिन से ही वर्ल्ड रेडियो डे मनाने का चलन आरंभ हुआ। विश्व के ऐसे कई छोटे मुल्क जो अब भी काफी पिछड़े हुए हैं, वे सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिहाज से आधुनिक युग में भी रेडियो पर ही निर्भर हैं।

भारत में भी आजादी के कुछ दशकों तक संचार का प्रमुख जरिया रेडियो ही रहा। 80 के दशक से पूर्व जनमानस के बचपन का सीधा वास्ता भी रेडियो से ही होता था। संचार के विभिन्न आयाम जैसे, गाना, समाचार, स्वर चित्रहार, अच्छी-बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो या सरकारी कामकाज, खेतीबाड़ी, रोजगार आदि की जानकारी का भी एकमात्र साधन रेडियो ही होता था।

नब्बे के दशक के बाद जैसे ही देश ने बदलाव की अंगड़ाई ली, उसके बाद बहुत कुछ पीछे छूट गया, काफी कुछ बदला। हालांकि उससे कुछ समय पहले 'ब्लैक एंड वाइट' टीवी ने दस्तक दे दी थी, लेकिन जबसे कलर टीवी का आगाज हुआ, लोगों की अभिरुचि एकाएक रेडियो से कम हुई। इसके बाद 'ऑल इंडिया रेडियो' ने भी प्रादेशिक स्तर पर कई स्टेशनों को समेट लिया। तब, दर्शक तेजी से टीवी की ओर दौड़े, लेकिन एक वर्ग ऐसा था जिसका मन फिर भी रेडियो से नहीं डगमगाया?

उन्होंने सदैव रेडियो को ही प्राथमिकता दी। उनके लिए रेडियो न सिर्फ सगीत का रंगमंच रहा, बल्कि, मन का संचार, आत्मा का संगीत और भावनाओं की अभिव्यक्ति जैसा रहा। वक्त चाहे कितना ही क्यों न बदले, लेकिन रेडियो का वजूद हमेशा जिंदा रहेगा। रेडियो को सुनने वालों की कमी नहीं होगी। नित नए निजी रेडियो एफएम खुल रहे हैं। नए-पुराने जमाने के गाने लोग आज भी मोबाइल के जरिए एफफम पर सुनते हैं, दरअसल वे जानते हैं कि जो मजा रेडियो में है, वह और अन्य में नहीं?

मौजूदा केंद्र सरकार रेडियो के प्रचार व प्रसार-प्रसारण पर ज्यादा ध्यान दे रही है। तभी, प्रधानमंत्री खुद अपना पसंदीदा प्रोग्राम 'मन की बात' रेडियो पर करते हैं। रेडियो के प्रति उनका स्नेह काबिलेतारीफ है।

रेडियो दिवस के मनाने की पीछे भी एक लंबी कहानी है। 'स्पेन रेडियो अकादमी' ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रस्ताव रखा था। फिर साल 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने उस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकारा। तब जाकर 13 फरवरी का दिन 'विश्व रेडियो दिवस' के लिए मुकर्रर हुआ, पर असल मायनों में हिंदुस्तान को ही रेडियो का जनक माना जाता है। एक लॉजिक है इसके पीछे?

एक जमाने में अफगानिस्तान, नेपाल और एशियाई देशों के शासक-राजा सिर्फ भारतीय रेडियो को ही सुना करते थे, क्योंकि वे भारतीय प्रस्तोताओं के प्रस्तुतीकरण के कायल होते थे। हमसे प्रेरणा लेकर ही उन्होंने अपने देशों में रेडियो का प्रसार करवाया। रेडियो की सबसे प्रसिद्ध और खनकती सुरीली अमीन सयानी की आवाज आज भी लोगों के कानों में गूंजती है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी की घोषणा भी रेडियो के ही जरिए की थी। मॉर्डन जमाना भी रेडियो के महत्व और जरूरत से वाकिफ है। गत कुछ वर्षों से विश्व के देश रेडियो की ओर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। तभी, 2023 में विश्व रेडियो दिवस का विषय 'रेडियो और शांति' रखा गया जिसका उद्देश्य शांति को बढ़ावा देना और संघर्ष को रोकने के लिए स्वतंत्र रेडियो के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना था।

वहीं, कोरोना काल में वर्ष-2021 में, 'नई दुनिया, नया रेडियो' थीम निर्धारित की गई जिसका मकसद थी, कोविड-19 महामारी द्वारा लाए गए परिवर्तनों को अपनाने और आकार देने में रेडियो की भूमिका पर केंद्रित थी। रेडियो को तवज्जो देने का ये सिलसिला यूं ही जारी रखने की दरकार भी है।

परीक्षा और डिप्रेशन : परीक्षा के अंकों पर किसी का भविष्य निर्भर नहीं होता

ब्लॉगर

लेखक : लतेश भार्गव
शिक्षिका, मंडी (हिप्र)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

आजकल परीक्षाओं का समय चल रहा है। विद्यार्थी वर्ग बहुत ही उत्साहित है क्योंकि साल भर की मेहनत का नतीजा उनके सामने आने वाला है।

परीक्षा एक ऐसा समय है, जब विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल की जांच करते हैं। विद्यार्थी साल भर ढेरों असाइनमेंट लिखता है, अपनी विषय कॉपी बनाता है प्रैक्टिकल फाइल बनाता है और कई टेस्ट देता है, जिसमें से कई उसके लिए सरप्राइज होते हैं और फिर वह पहुंचता है साल के आखिर में जब वह साल की अंतिम परीक्षा देकर अगली क्लास में पहुंचेगा और यह अंतिम परीक्षा उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। जिधर एक वर्ग इन परीक्षाओं को लेकर उत्साहित है, वहीं कुछ विद्यार्थी ऐसे भी हैं जो इस समय डिप्रेशन से ग्रसित हो जाते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि कई बार विद्यार्थी साल भर अध्यापक और अभिभावकों की बात नहीं सुनते हैं, अपनी कॉपियां असाइनमेंट नहीं लिखते हैं।

फाइनल परीक्षाओं के समय उन्हें समझ ही नहीं आता कि वह अब रिकॉर्ड बनाएं या परीक्षा की तैयारी करें और दूसरा सबसे महत्वपूर्ण है पारिवारिक दबाव। कई अभिभावक अपने बच्चों पर बहुत ही दबाव डालते हैं कि तुम्हें इतनी परसेंट नंबर लाने ही लाने हैं। इस रिश्तेदार या पड़ोसी के बच्चे से अधिक नंबर लेकर आने हैं। इससे बच्चों के ऊपर एक अवान्छित तनाव आ जाता है।

कई बार यह भी देखा गया है परीक्षाओं के इस डर से बच्चे आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। अगर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की मानें तो लगभग 13000 विद्यार्थियों ने 2023 में आत्महत्या की है। परीक्षा और पढ़ाई दोनों जीवन में महत्वपूर्ण हैं, पर हमें ध्यान देना चाहिए जिसकी कीमत एक अबोध बच्चे को अपने जीवन को समाप्त करके चुकानी पड़े, ऐसे अंक किस काम के हैं। इन सबसे निपटने के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अभिभावकों की है। उनका यह समझना जरूरी है कि सिर्फ परीक्षा के अंकों पर किसी का भविष्य निर्भर नहीं होता। एक खुश बच्चा होना एक तनावपूर्ण टॉपर बच्चे होने से कई गुना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

ऐसे अभिभावकों की काउंसलिंग के लिए स्कूल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है जिसमें समय-समय पर स्कूल अभिभावकों के लिए सेशन की व्यवस्था करें, उन्हें यह समझाएं कि सभी बच्चे टॉप नहीं कर सकते और सब बच्चों की अपनी एक रचनात्मकता क्षमता होती है और अगर उसको अच्छी गाइडलाइन दी जाए तो वह अपना भविष्य संवार सकते हैं। कैसे पहचानें तनाव भूख न लगना या ज्यादा खाना खाना, खेलने और घूमने-फिरने में रुचि न होना, सोशल डिस्टेंसिंग, चिड़चिड़ापन, नींद न आना या देर तक सोते ही रहना, बहुत ज्यादा टेंशन लेना और नेगेटिव सोचते रहना, परफॉर्मेंस में कमी आना, सिरदर्द दबाव में होने की प्रवृत्ति किसी भी कार्य को पूरा करने में असमर्थता महसूस करना।

अगर किसी भी अध्यापक या अभिभावक की नजर में ऐसा कोई बच्चा आता है जिसमें तनाव के गुण हो तो बिलकुल भी समय न गवां कर उससे बात करनी चाहिए, उसे यह समझना चाहिए कि जिंदगी की चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना चाहिए। आत्महत्या कभी भी किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। विद्यार्थी को बताना चाहिए कि कैसे वह कम समय में भी पाठ्यक्रम को अच्छे से रिवाइज कर सकता है और अच्छे अंक लेकर पास हो सकता है। बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताना चाहिए, उसके साथ बात करनी चाहिए। बच्चे से शारीरिक व्यायाम करवाना चाहिए।

परीक्षा के डर से उसका ध्यान हटाने के लिए घुमाने ले जाना चाहिए। अगर तनाव का प्रतिशत अधिक है, हम डॉक्टरी सलाह ले कर काउंसलिंग भी करवा सकते हैं। बच्चों के लिए कई आर्गेनाइजेशन के द्वारा स्पेशल योग और प्राणायाम मेडिटेशन जैसी एक्टिविटीज करवाई जाती हैं। हमें बच्चों को वहां पर भी जरूर भेजना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य होते हैं। हम सबको उनका भविष्य बचाने और संवारने के लिए नियमित रूप से उचित कदम उठाते रहने चाहिएं।

अपनी बात

यह बहुत ही दुखद पहल है कि जिन्हें कमरतोड़ मेहनत के बाद आधी अधूरी मजदूरी मिलती है, लेकिन वे दूसरों की देखादेखी शादी-विवाह, जन्म-मृत्यु तथा तीज-त्योहारों के अवसर पर दिल खोलकर खर्चा करते हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह निश्चित है कि उन्हें कर्ज पर जरूर पैसे उठाने पड़ते हैं और इनके लिए कर्ज की दरें भी महंगी होती हैं, उसे सूद सहित चुकाने में होने वाली परेशानियों को वे नजरअंदाज कर जाते हैं और इस कारण जीवन के दूसरे जरूरी काम अटक जाते हैं।

आज जमाना बदल रहा है, तरक्की के नए-नए प्रमिान विकसित हो रहे हैं, इसलिए चाहे जैसा भी अवसर हो, अपनी सामर्थय के अनुसार ही खर्च करना चाहिए, दूसरे की नकल नहीं करनी चाहिए और अपने जैसी स्थिति वालों के साथ ही संबंध बनाना अधिक उचित होगा, जिससे अपने ऊपर अनावश्यक बोझ न पड़े। लोगों को अपने सामर्थ्य अनुसार ही खर्च करना चाहिए और जेब की स्थिति जरूर देखनी चाहिए। यह न हो कि दूसरों की देखादेखी आप ऐसे कर्ज के जाल में फंस जाएं कि आपको उसका उम्र भर पछतावा रहे।

-मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां

आपकी डायरी

सुधा लिए खुमार सी चला वसंत है।
खुशी लिए कुमार सी चला वसंत है।
बिछा दिया चमन यहां
मिलो सभी यहां,
पिया लिए करार की
चला वसंत है।
कली कली खिली
खिली भरी उमंग से,
उतार नींद प्यार की
चला वसंत है।
लगी रही सदा मुझे
अधीर प्यास है,
उभार आग प्यार की
चला वसंत है।
हवा कहे सुनो जरा
गजल बहार की,
हिलोर तार प्यार की
चला वसंत है।

शिव सत्यपाल
जवाली (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

कांग्रेस ने युवाओं को दिया धोखा: अमित

मंडी। भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से सरकार गलत व जनविरोधी निर्णय ले रही है। सरकार बनते ही 1000 संस्थान बंद कर दिए, हिमाचल में युवा रोजगार की बजाय सड़कों पर धरने दे रहे हैं। वहीं गारंटी के नाम पर कांग्रेस ने लोगों को धोखा दिया है। कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आने के लिए झूठी गारंटी जनता के सामने पेश की और आज तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को इस का खमियाजा भुगतना पड़ेगा।

प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस मनाया

ननावां में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र व अन्य।

मंडी। जिला स्तरीय यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ननावां में किया गया। इसमें लोक सिंह नेगी जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, गोपाल कौशल स्वास्थ्य शिक्षक व युद्ध चंद शर्मा स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। इस आयु में किशोरियों में मासिक धर्म चक्र शुरू होता है। इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता व संतुलित आहार की विशेष भूमिका रहती है। इसके अतिरिक्त यौन रोग संक्रमण, परिवार नियोजन, अवांछित गर्भ, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तथा कम आयु में शादी से लड़कियों के तथा उसके बच्चे में होने वाले दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलाई जा रही मिड-डे मील, माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम, विफस कार्यक्रम, नई दिशा केंद्र व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

जोगिंद्रनगर की चार छात्राएं खेलेंगी नेशनल

गर्ल्स स्कूल की छात्राएं स्कूल प्रधानाचार्य और स्टाफ के साथ।

जोगिंद्रनगर। राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने एक बार फिर से अपनी शानदार प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। इस बार कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर से चार छात्राएं ओपन नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहमदाबाद गुजरात जा रही हैं। चारों छात्राएं 13 फरवरी को पाठशाला से गुजरात के लिए रवाना हो जाएगी। गुजरात में यह प्रतियोगिता 16 से 18 फरवरी तक चलेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि तमन्ना ठाकुर का चयन 600 मीटर दौड़ में, अक्षरा का चयन जेवलिन थ्रो में, तनु ठाकुर का चयन हाई जंप में और स्वाति का चयन शॉटपुट में नेशनल के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने चारों खिलाड़ी छात्राओं, डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार और अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य खजान और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव गुलेरिया ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

चांबी में आश्रितों को दिया दो लाख का चेक

सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक शाखा चांबी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के तहत एक मामले का निपटारा करते हुए मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए का मुआवजा दिया है। बैंक की शाखा ने कम से कम समय में पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया है। बैंक की ओर से एक विशेष अभियान के तहत ग्राहकों को प्रतिवर्ष 20 रुपए प्रीमियम में प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना तथा 420 रुपए के प्रीमियम में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक चांबी नरेंद्र कटोच ने राजेंद्र कुमार पुत्र खेम चंद निवासी गांव भराड़ी डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी को दो लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक सौंपा।

जरल में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

सुंदरनगर। सुंदरनगर की जुगाहन पंचायत के जरल गांव में 30 वर्षीय युवक ने घर पर फंदा लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार उत्तम चंद पुत्र तुलसी राम निवासी गांव जरल डाकघर जुगाहन तहसील सुंदरनगर रविवार रात को अपने कमरे में सोने गया, लेकिन वह दोपहर एक बजे तक जब कमरे से बाहर न निकला तो घरवालों ने काफी आवाजें लगाई। लेकिन उसने कोई जवाब न दिया तो उन्होंने दरवाजा तोड़ अंदर प्रवेश किया तो इसे फंदे से लटका पाया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पुंघ में दो युवकों से 106 ग्राम चरस बरामद

सुंदरनगर। सुंदरनगर थाना पुलिस ने पुंघ में नाके के दौरान कुल्लू की ओर से आ रहे बाइक सवार दो युवकों से 106 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के सुंदरनगर थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर पुंघ में नाका लगा रखा था। इस दौरान कुल्लू की तरफ से आ रही एक बाइक एचपी11ए 3352 को जांच के लिए रोका। बाइक सवार युवकों की तलाशी में उनसे 106 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की शिनाख्त सुरेश कुमार पुत्र मदन सिंह निवासी गांव घाटी डाकघर क्यार कोटी तहसील व जिला शिमला तथा सुनील कुमार पुत्र शोभा राम निवासी गांव समोह डाकघर भलेरा तहसील अर्की जिला सोलन के रूप में हुई है।

प्रभावितों को 15 दिन में मुआवजा नहीं दिया तो किया जाएगा आंदोलन

ओबीसी मोर्चा भाजपा सिराज मंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंप दी चेतावनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल में आई आपदा के जख्म कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जख्मों पर लगे मरहम पर भी राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर फिर शुरू हो गया है। इस बार मामला डीसी मंडी के दरबार तक पहुंच गया है।

सोमवार को ओबीसी मोर्चा भाजपा सिराज मंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर को ज्ञापन सौंप कांग्रेस सरकार और विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आपदा पीड़ित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इनका कहना है कि सिराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलाहानी व देवधार में वर्ष 2023 में हुई आपदा में कई लोगों के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन विभाग इन परिवारों के मकानों को पूर्ण क्षतिग्रस्त घोषित करने की बजाय आंशिक क्षतिग्रस्त की रिपोर्ट बना रहा है, जबकि इन परिवारों को हिमाचल सरकार के नए दिशा निर्देश के मुताबिक सात लाख रुपए देने के आदेश दिए गए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि विभाग प्रभावित परिवारों के मामले में आनाकानी कर रहा है। ओबीसी मोर्चा सिराज मंडल के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन परिवारों को 15 दिन के अंदर उचित मुआवजा नहीं दिया गया, तो विभाग और सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। वीर सिंह भारद्वाज ने कहा कि सिराज क्षेत्र के पात्र लोगों को मुआवजे से वंचित रखा गया है और राजनीतिक दबाव के कारण अपात्र लोगों को सहायता राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सारे खुलासे किए जाएंगे और जरूरत पड़ी तो कोर्ट की ओर भी रुख करेंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर को ज्ञापन सौंपते ओबीसी मोर्चा भाजपा सिराज मंडल के पदाधिकारी।

जरूरतमंद परिवार को दी 15 हजार रुपए की मदद

जरूरतमंद परिवार को सहायता राशि देते हुए।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत कशमैला के रमेश चंद पुत्र मस्त राम की कुछ दिन पहले अचानक मृत्यु हो गई जो एक गरीब परिवार से संबंध रखता था।

रमेश चंद की मृत्यु के बाद रमेश चंद अपने पीछे अपनी पत्नी व दो बच्चों जिनमें 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा बेटा और चौथी कक्षा में बेटी है। इस गरीब परिवार के लिए युवा शक्ति यूथ क्लब खल्याणा ने पंद्रह हजार रुपए की मदद की, जिसमें हेल्पिंग हेड फॅमिली से जुड़े हुए समाजसेवी, कश्मीर सिंह ने 5100 एकत्रित किए। युवा शक्ति यूथ क्लब खल्याणा के प्रधान नरेंद्र पाल, उपप्रधान कर्म सिंह, सचिव प्रीतम चंद, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व उपप्रधान सतीश कुमार व अन्य सदस्य परिवार के दुःख में शामिल हुए।

नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, मंडी

प्रदेश में एनपीएसईए की खामोशी के लगभग एक वर्ष बाद पुन: सक्रियता आ गई है। राज्य कार्यकारिणी द्वारा वर्चुअल मीटिंग कर केंद्र सरकार के अधीन एनएसडीएल के पास प्रदेश सरकार व कर्मचारियों के शेयर के रूप में नौ हजार करोड़ को वापस लौटाने को लेकर उपायुक्तों के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। लगभग चार-पांच से ज्यादा जिला कमेटियों द्वारा ज्ञापन सौंपे गए हैं। ज्ञापन देने के दौरान कर्मचारी नेता बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दे रहे हैं। हिप्र नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ द्वारा उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को प्रदेश के कर्मचारियों के एनपीएस के 9000 करोड़ को जल्द देने बारे ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर राज्य सलाहकार कन्हैया राम, जिलाध्यक्ष लेखराज, रजनीश, वीरेंद्र, होशियार, हंसराज, विक्रांत, सुरेश, भूप सिंह, पंकज तथा कश्मीर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल करके ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के पश्चात केंद्र सरकार के अधीन एनएसडीएल के पास 9000 करोड़ प्रदेश के कर्मचारियों और प्रदेश सरकार का शेष है जिसे वापस नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी केंद्र सरकार को इस विषय में पत्र लिखा गया था लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर भी इस विषय पर बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और वहां से कोई जवाब अभी तक नहीं आया है। जल्द ही यदि यह पैसा वापस नहीं आता तो प्रदेश में बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी बनाई जाएगी।

बैडमिंटन के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

मंडी। मंडी के टाउन हॉल में मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ। विजेता खिलाड़ियों को जिला बैडमिंटन कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विवेक हाजरी ने बताया कि जिसमें 70 वर्ष वर्ग के डबल में पीआर राणा व विद्यासागर, 65 वर्ष के एकल वर्ग में आरके ठाकुर व डबल में आरके ठाकुर व आईपी शर्मा, 60 वर्ष के एकल में नरेश कुमार व डबल में वीडी मोदगिल व कमलेंद्र गुप्ता, 55 वर्ष के वर्ग में आरपी सिंह और डबल में आरपी सिंह व पंकज गुप्ता, 50 वर्ष के एकल वर्ग में आरपी सिंह व डबल में रतन सिंह व राजेंद्र ठाकुर, 45 आयु के एकल वर्ग में सुरेंद्र व डबल में अतुल व लोकेश, 40 वर्ष के एकल में राहुल अरोड़ा व डबल में राहुल वलाकेश, 35 वर्ष के एकल वर्ग में राहुल अरोड़ा व डबल में दौलत चौहान व लोकेश शर्मा विजेता रहे। विजेता खिलाड़ी 19 से 22 फरवरी को धर्मशाला में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह जानकारी सचिव दातुल चौहान ने दी है।

नशे के खात्मे को लगेंगे कैंप: मोहन

थाना प्रभारी करसोग बोले-प्रताड़ित लोग दर्ज करवाएं शिकायत

पीयूष शर्मा, करसोग

करसोग थाना प्रभारी मोहन जोशी ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि करसोग में नशे के कई दुष्प्रभाव समाज में देखने को मिल रहे हैं। इससे शारीरिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक नुकसान भी होते हैं। नशा करने वाला व्यक्ति खुद को ही नहीं, बल्कि अपने परिवार को भी गर्त की दिशा में धकेलने का काम करता है।

नशे से व्यक्ति का जीवन अंधकार में डूब जाता है। साथ ही परिवार व समाज में छवि खराब होने के साथ ही व्यक्ति का शरीर अंदर से खोखला हो जाता है। चिट्टा, गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब सहित अन्य नशे के पदार्थों से कैंसर जैसी कई भयंकर बीमारियां हो जाती हैं। थाना प्रभारी मोहन जोशी ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज में अपने को सुरक्षित महसूस करें, इसके लिए बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं के प्रति बढ़ रहे क्राइम को रोकने के लिए प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई भी व्यक्ति अपने को प्रताड़ित महसूस करें तो वे कभी भी उनसे मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। करसोग के विभिन्न क्षेत्रों, पंचायतों, स्कूलों में नशे के दुष्प्रचार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। करसोग में बढ़ती ट्रैफिक की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए लोगों के सहयोग से ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही ट्रैफिक के लिए एक पुलिस कर्मी को नियुक्त कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

थाना प्रभारी मोहन जोशी से **विशेष बातचीत**

चिट्टा गिरोह को पकड़ने के लिए चलेगा अभियान

थाना प्रभारी मोहन जोशी ने कहा कि मुझे थाना प्रभारी करसोग का कार्यभार सौंपा गया है। पिछले दो महीनों में चिट्टा बरामद कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। क्षेत्र में चिट्टा तस्करी करने वालों की संपत्ति को अटैच करने के लिए पुलिस स्पेशल अन्वेषण करेगी। उन्होंने कहा कि करसोग में बाहरी राज्यों से आकर चिट्टे की सप्लाई हो रही है। यह सप्लाई रिटेलर को दी जाती है और वह आगे नशे के आदी युवाओं को चिट्टा बेचते हैं। ऐसे रिटेलरों की सूची हर पुलिस स्टेशन में तैयार की जा रही है। इन पर नकेल कसने के लिए पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं।

डीएवी जोगिंद्रनगर में 1008 दीप जलाए

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ प्राचार्य संजय ठाकुर व उनकी धर्मपत्नी बबली ठाकुर ने किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में 1008 दीप प्रज्वलित किए व वैदिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में संपूर्ण समाज के भाईचारे, सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं सभी आपस में मिलजुल कर रहे इसकी कामना की गई।

इसमें शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ बच्चे शामिल हुए। हवन कार्यक्रम के पश्चात छात्रों एवं शिक्षकों ने स्वामी दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात संगीत शिक्षक के निर्देशन में छात्रों ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। प्राचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि स्वामी जी का जीवन समाज के प्रत्येक स्तर के लिए अनुकरणीय है। उनके व्यक्तित्व को हम सबको अपनाना चाहिए। स्वामी दयानंद जी ने पाखंडवाद व अंधविश्वास को दूर करके चित्र की जगह चरित्र पूजा पर बल दिया।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ। इस दौरान स्कूल में हवन यज्ञ भी किया गया।

अनित जसवाल बने सर्वोदय सोसायटी के जिला प्रवक्ता

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष आयुष वर्मा ने रविवार को नियुक्ति पत्र जारी करके सुंदरनगर से संबंध रखने वाले अनित जसवाल को सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट सोसायटी जिला मंडी के जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। सोसायटी ने हिमाचल प्रदेश में कार्यकारिणी का गठन जुलाई 2023 में किया था जिसके बाद सोसायटी अपनी कार्यकारिणी का हर स्तर पर विस्तार करने की कोशिश कर रही है।

इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मंडी जिला के जिला प्रवक्ता के पद पर अनित जसवाल की नियुक्ति की है। अनित जसवाल सुंदरनगर क्षेत्र के खुराहल से संबंध रखते है और छात्र राजनीति में सक्रिय है। अनित जसवाल ने अपनी नियुक्ति पर सोसायटी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि मेरे लिए ये गर्व की बात है कि उन्हें सर्वोदय संस्था के साथ मिलकर समाज व जनता के हित के लिए कार्य करने व उनकी समस्याओं को उठाने तथा उनका समाधान करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रवक्ता के रूप में जनता की समस्याओं को सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाने की जो जिम्मेदारी सोसायटी द्वारा सौंपी गई है वे उसे निभाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बैठक करने संस्था की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

बस्सी स्कूल की छात्राओं ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कमाया नाम

सोलन में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए थे प्रोजेक्ट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

उपमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गत नौ फरवरी को सोलन स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में बस्सी की तीन छात्राओं दसवीं कक्षा की वंशिका ठाकुर, वंशिका और नौवीं कक्षा की समृद्धि ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

इसमें समृद्धि के प्रोजेक्ट स्मार्ट डस्टबिन विद सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राष्ट्र स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ। पाठशाला प्रधानाचार्य राज कुमारी ने इस उपलब्धि में विज्ञान अध्यापकों संदीप वर्मा तथा चिंता देवी के प्रयासों की सराहना की।

छात्राओं को सम्मानित करती स्कूल प्रधानाचार्य।

समारोह वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

मकरीडी स्कूल के होनहारों को बांटे इनाम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकरीडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। थाना पलौन पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया। इस दौरान उन्होंने साल भर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे स्कूल के छात्रों को इनाम भी बांटे। इस अवसर पर सुभाष ठाकुर प्रधानाचार्य मकरीड़ी, अधिशाषी अभियंता जेपी नायक, अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर, ओम प्रकाश बीडीसी उपाध्यक्ष, मोनिका मेहरा पूर्व जिला परिषद, रेखा देवी प्रधान कुठेहडा, संजय कुमार प्रधान बुहरला भरयाडा, संजीव ठाकुर प्रधान दराहल, विशाल राठौर प्रधान पसल, नरेंद्र ठाकुर प्रधान तरैबली, संजय चौहान प्रधान ऊटपुर, नायब तहसीलदार विनय कुमार, तारा चंद, जोगिंद्र पाल बीडीसी ढेलू, चंदन सिंह, शेर सिंह, प्रेम सिंह, डॉ. प्रेम पाल, व्यासा देवी, चौधरी राम प्रधान बताल देवता कमेटी, काशी राम, संत सिंह उपप्रधान, रवि सिंह उपप्रधान, पवन ठाकुर उपप्रधान, भादर सिंह पूर्व उपप्रधान, श्याम सिंह पूर्व बीडीसी, संजय कुमार पूर्व प्रधान, अजय पाल पूर्व प्रधान, राकेश ठाकुर पूर्व उपप्रधान, दिनेश ठाकुर पूर्व उपप्रधान, पवन शर्मा पूर्व उपप्रधान, राजेश चौहान पूर्व उपप्रधान, संजीव, विमलेश कुमारी, बबली देवी, मीना देवी, सोम लता वार्ड मेंबर, तिलक वार्ड मेंबर, महिला व युवक मंडल मौजूद रहे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकरीडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य।

गोशाल गांव के पार्थ का एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हुआ चयन

अनंत ज्ञान, बंजार

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल की चनौन पंचायत के पार्थ ने इंटरनेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर देश, प्रदेश व जिला में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंडर-14 वर्ग की थर्ड बको इंडिया ओपन इंटरनेशनल की बॉक्सिंग प्रतियोगिता केडी जाधव इंदौर स्टेडियम न्यू दिल्ली में आयोजित हुई। यह प्रतियोगिता 7 से 11 फरवरी तक चली, जिसमें 22 देशों के बच्चों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के चनौन पंचायत से संबंध रखने वाले गांव गोशाल के पार्थ पुरोहित ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें पार्थ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पार्थ की इस उपलब्धि से बंजार क्षेत्र और पंचायत के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। घाटी के लोगों ने पार्थ की इस उपलब्धि के लिए उन्हें और उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, अब पार्थ का चयन ईरान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। पार्थ ने बताया कि वह बेहद खुश हैं कि इस प्रतियोगिता में वह दूसरे स्थान पर रहे हैं और अब ईरान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व किक बॉक्सिंग के कोच इंडिया के महासचिव हंस राज शर्मा को दिया है।

मनदेच सेरी गांव में आग से ढाई मंजिला मकान राख

दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर पाया काबू, जानी नुकसान नहीं

अनंत ज्ञान, बंजार

मनदेच सेरी गांव में ढाई मंजिला मकान में आग लगने के बाद उठता धुआं।

उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत तांदी के गांव मनदेच सेरी में आगजनी की घटना पेश आई है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10 बजे दलीप सिंह पुत्र मंगत राम के ढाई मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए।

बताया जा रहा है कि दलीप सिंह के मकान की निचली मंजिल में पशुओं सहित घास व अन्य सामान रखा गया था जबकि ऊपर की मंजिल में रसोई का सामान और रजाई, फर्नीचर सहित कृषि उपकरण रखे गए थे, जो इस घटना में जलकर राख हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा आग की सूचना पुलिस सहित दमकल विभाग को दी गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल का छोटा वाहन मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मी ग्रामीणों सहित पाइप बिछाकर आग बुझाने में जुट गए। इस आगजनी की घटना में किसी भी किसी जानी नुकसान की सूचना नहीं है। घटना में आठ लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई है। उधर, तहसीलदार बंजार रमेश कुमार ने बताया कि आग से ढाई मंजिला मकान जल कर राख हो गया है। आग प्रभावित परिवार को 10 हजार की फौरी राहत राशि दी गई है।

जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने को कल तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

नेहरू युवा केंद्र केलांग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जिला लाहौल-स्पीति में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी के 100 वर्ष 2047 में पूरे होने तक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर एक कदम है।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जिससे वह अपना सर्वांगीण विकास करे व उनके विचार विकसित देश की परिकल्पना में सहयोग दे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 18 से 25 साल के बीच होनी चाहिए। प्रतिभागी के बोलने का समय चार मिनट रहेगा वे हिंदी और अंग्रेजी किसी भी भाषा का चयन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। राज्य स्तर पर विजेता राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे, जहां पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 2,00000 रुपए, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 150,000, तीसरे स्थान पर दो विजेता को 100000 तथा चौथे स्थान पर आने वाले दो प्रतिभागियों को 50-50 हजार रुपए की इनाम राशि दी जाएगी। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 14 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए जा सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र केलांग के जिला कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यालय के दूरभाष संख्या 01900202254, 8219291919 पर संपर्क किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

बिजलेश्वर युवक मंडल 19 को मनाएगा वर्षगांठ

बिजलेश्वर युवक मंडल के सदस्य बैठक करते हुए।

कुल्लू। जिला कुल्लू मुख्यालय से सटे खराहल घाटी के थासीभा गांव में रविवार को बिजलेश्वर युवक मंडल थासीभा की मासिक बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष उत्तम चंद ने बताया कि गत वर्ष गांव के कुछ जागरूक व उत्साही युवाओं ने अपने गांव के विकास, पारंपरिक व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन सहित समाज सेवा करने के उद्देश्य से बिजलेश्वर युवक मंडल का गठन किया था। जिसका प्रथम वर्ष पूर्ण होने जा रहा है । उन्होंने कहा कि प्रथम वर्षगांठ पर 19 फरवरी को एक 'भजन संध्या' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपसमितियों का गठन किया गया और हर सदस्य को जिम्मेवारी सौंपी गई।

पतलीकूहल पटवार खाना भवन का उद्घाटन

पतलीकूहल। पतलीकूहल पटवार खाना का सोमवार को विधिवत उद्घाटन विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने रिबन काटकर किया। गौर रहे की इस पटवार खाना भवन की मांग काफी समय से चल रही थी । पटवार खाना भवन पतलीकूहल की पुरानी सब्जी मंडी में स्थापित किया गया है । वही विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि पतलीकूहल वृत्त के निवासियों को किराया खर्च करके दो किलोमीटर का सफर कर 15 मील अपना कार्य के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है । उनका कार्य पतलीकूहल में ही हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हलाण 2 पंचायत के बाड़ी, जैडी, शिला, पानकोट, त्राशि, काईन, रेखडू गांव के लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी । इस दौरान एसडीएम मनाली रमन शर्मा, मनाली तहसीलदार अनिल राणा, डीएसपी मनाली केडी शर्मा, पतलीकूहल थाना प्रभारी राजीव लखनपाल, हलाण 2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी, उपप्रधान गायत्री ठाकुर, वार्ड पंच नीरू चांदनी, सुनील, कुल्लू जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर, चमन ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, अमन शर्मा, सुनील कपूर, लक्ष्मण ठाकुर, डिंपल नेगी आदि कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

रॉयल क्रिकेट कप के आयोजन पर बैठक

आनी में यूथ क्लब की बैठक के दौरान मौजूद सदस्य।

आनी। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए खेल मैदान आनी में रॉयल क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह आनी में यूथ क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूथ क्लब के प्रधान संदीप ठाकुर ने कहा कि क्लब द्वारा रॉयल कप क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की 128 टीमों ने अपना पंजीकरण करवाया है। क्लब प्रधान ने बताया कि युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने के लिए खेलों का आयोजन किया जा रहा है। 20 फरवरी से रॉयल क्रिकेट कप शुरू किया जाएगा। हर मैच का सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रतियोगिता का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। मैच में आनी प्रशासन व प्रेस क्लब आनी की टीम भी खेलेगी।

महिला मंडल कोट ने ड्रेस भेंट करने पर जताई खुशी

आनी। विकास खंड की बैहना पंचायत के कोट गांव में गठित आदर्श महिला मंडल कोट समाज सुधार के कार्यों में हमेशा से आगे रहा है। आदर्श महिला मंडल कोट की प्रधान हीरा देवी ने युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए सभी महिलाओं को साथ लेकर विशेष जागरूकता अभियान छेड़ा है। जिसमें नशा छोड़ो, रिश्ता जोड़ो नामक अभियान शुरू किया है। इसी बीच कुमारसैन क्षेत्र के समाजसेवी तथा पूर्व प्रधान देवराज ने आदर्श महिला मंडल कोट को उनके बेहतर सामाजिक कार्य के लिए ड्रेस भेंट किए हैं। इस प्रोत्साहन के लिए महिला मंडल प्रधान हीरा देवी, सचिव संगा देवी, उपप्रधान सुंदरू देवी व उनकी सहयोगी महिला सदस्यों ने पूर्व प्रधान देवराज, बैहना पंचायत के उपप्रधान सुलेन्द्र कुमार तथा उनके साथ आए अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया ।

केंद्र में भाजपा का कोई विकल्प नहीं : शौरी

बंजार। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक मजबूती के लिए बूथ स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी भी विभिन्न बूथों पर स्वयं जाकर जनता की नब्ज टटोल रहे हैं व मोदी सरकार की उपलब्धियों व केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रचारित व प्रसारित कर रहे हैं। सोमवार को कोइशूधार, सोझा, चनौन बूथों पर विधायक शौरी ने गांव चलो अभियान के तहत घर द्वार जनता से संवाद किया। विधायक शौरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार केंद्र में एक मजबूत सरकार की स्थापना करने जा रही है, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे बड़े राज्यों में तो भारतीय जनता पार्टी क्लीन स्वीप करने वाली है और उत्तर प्रदेश में भी 70 के करीब सीटें भाजपा की झोली में आएंगी। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल कार्य पर मोहर है। हिमाचल प्रदेश में भी एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर बड़ी विजय प्राप्त करेगी, सर्वे के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को 60 फीसद वोट मिलेंगे और कांग्रेस को केवल 29 फीसद जो कि भाजपा के वोट प्रतिशत का आधे भी नहीं है। उन्होंने कहा की कांग्रेस का 10 साल का कार्यकाल मंद व निराशाजनक रहा है और भाजपा का 10 साल का कार्यकाल अविस्मरणीय उपलब्धियों से भरपूर है।

आइस स्पीड स्केटस स्पीति कप 2024 का आगाज

माइनस 20 डिग्री तापमान में आयोजित हो रही प्रतियोगिता, राज्य वन विकास निगम के वाइस चेयरमैन केहर सिंह खाची ने किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

काजा में आइस स्पीड स्केटस टूर्नामेंट के शुभारंभ मौके पर स्थानीय परिधान में नृत्य करतीं काजा की युवतियां।

आइस हॉकी एसोसिएशन लाहौल-स्पीति और रॉयल इन्फील्ड के संयुक्त तत्वावधान से आइस हॉकी कप 2024 और आइस स्पीड स्केटस का शुभारंभ सोमवार को आइस हॉकी रिंक काजा में हुआ। माइनस 20 के तापमान में यहां पर यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है।

एडीसी काजा राहुल जैन ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि को थंका पेंटिंग देकर सम्मानित किया। वहीं, आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लाहौल-स्पीति और रॉयल इन्फील्ड की ओर से भी मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आना था, लेकिन विधानसभा सत्र के चलते उन्होंने मुझे जाने के आदेश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले दलों को दस-दस हजार और एक दल को पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की। वहीं, एडीसी काजा राहुल जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्पीति कप का आयोजन पहली बार हो रहा है। रॉयल इन्फील्ड ने 23 लाख रुपए से अधिक की लागत के आइस हॉकी के उपकरण स्पीति के बच्चों के लिए दिए हैं। स्पीति में छह जोन बनाए गए हैं, जहां पर एक महीने से अधिक बच्चों को बेसिक आइस हॉकी का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद इन्हीं से टीमें बनाई गईं, जो कि स्पीति कप में हिस्सा ले रही हैं। लोसर, हल, काजा, शिचलिंग, लालूंग और सगनम क्लब की टीमें शामिल हैं। कार्यक्रम में पिन, लालूंग और लोसर जोन के सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। स्पीति कप में पहला मैच शॅम जोन और तोद जोन के ब्यॉज श्रेणी में खेला गया, जिसमें तोद जोन ने पांच गोल किए, जबकि शॅम जोन एक भी गोल नहीं कर पाई। वहीं, स्पीड स्केटस अंडर-आठ, अंडर-12, अंडर-16 और ओपन कैटेगरी में दो-दो खिलाड़ियों को चयन अगले राउंड के लिए हो गया है। इस अवसर पर तहसीलदार भूमिका जैन, बीडीओ दिक्षित राणा, एक्सईएन जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, एसडीओ विद्युत बोर्ड पीयूष, टीएसी सदस्य वीरभगत सिंह नेगी, छेवांग, सन्नी, केसंग रापचिक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम सिंह, महा सचिव लोबजंग बौद्ध, ग्राम पंचायत काजा प्रधान सोनम डोल्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उपायुक्त से मिलकर समस्याओं का समाधान मांगा

जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ कुल्लू के प्रतिनिधिमंडल ने जेसीसी की बैठक करने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में उपायुक्त का स्वागत करता प्रतिनिधिमंडल।

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने बताया कि इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त का कुल्लू में अपनी सेवाएं शुरू करने का स्वागत किया।

साथ ही सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी कर्मचारियों की ओर से उपायुक्त को आश्वासन दिया गया। इसके साथ-साथ कर्मचारियों की समस्याएं व मांगें भी उपायुक्त के सामने रखीं तथा उनके निवारण एवं निराकरण के लिए जेसीसी की बैठक करवाने का भी आग्रह किया। संजीव भारद्वाज ने बताया कि उपायुक्त ने सौहार्दपूर्ण तरीके से प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनी और उनके निराकरण का सकारात्मक आश्वासन भी दिया। इस मौके पर तेजा सिंह, तेज राम शर्मा महासचिव, हेमंत शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान, पूजा महिला उपप्रधान, नरेश कौंडल, देव सिंह जोशी, मनोज कुमार, अशोक कुमार, अमितोश भारद्वाज, संजीव कुमार, मनीश शर्मा, मीरा, यामिनी, तेजिन, दिनेश कुमार, तेजेंद्र, मान चंद, दिवान चंद, हेम राज, संजीव कुमार, ओम प्रकाश, रमेश कुमार, मंगलानंद, अनिता, विद्या प्रकाश, चेत राम इत्यादि ने भाग लिया।

सोनिया, प्रियंका गांधी को राज्यसभा भेजना सही नहीं : गौतम

मनाली। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से समाचार पत्रों से मिल रही जानकारी से यह बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश से सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी का राज्यसभा में जाना तय है। कांग्रेस के शीर्ष नेता भी आलाकमान को हिमाचल से भेजने को आतुर दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी को आने वाले लोकसभा चुनावों में नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के राज्यसभा सभा में जाने से लोकसभा के आम चुनाव न लड़ने से भाजपा तथा एनडीए को बहुत बड़ा मुद्दा मिल जाएगा। कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के लोकसभा चुनावों में आगे आ कर नेतृत्व करने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

तीन मामलों में चरस और चिट्टा के साथ चार गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, कुल्लू

हरियाणा, कांगड़ा व पतलीकूहल के रहने वाले हैं चरस व चिट्टा तस्कर

जिला कुल्लू में चरस व चिट्टा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से जहां दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों से एक किलो 35 ग्राम चरस बरामद की है वहीं, एक अन्य मामले में 62 ग्राम चिट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने छरोड़नाला कैंची मोड पर यातायात चैकिंग के दौरान प्रदीप (33 वर्ष) पुत्र जोगी राम निवासी गांव व डाकघर पधीपुर तहसील बैरी जिला झज्जर (हरियाणा) के कब्जा से 756 ग्राम चरस बरामद की है।

दूसरे मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने सियूंड में नाकाबंदी के दौरान एक कार एचपी-01डी 5906 को चैक किया तो अभिलाष (34 वर्ष) पुत्र देव राज निवासी टीलू डाकघर खनियारा तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा के कब्जा से 279 ग्राम चरस बरामद की है तथा वाहन को संजीव कुमार (38 वर्ष) पुत्र माली राम निवासी नड्डी डाकघर खनियारा तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा चला रहा था, उसे भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

वहीं, पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बड़ा भूईन में गश्त के दौरान राजेश कुमार (27 वर्ष) पुत्र लाल चंद निवासी गांव व डाकघर पतलीकूहल तहसील मनाली जिला कुल्लू के कब्जा से 62 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचन्द्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन अलग-अलग मामलों में चरस व चिट्टा के साथ गिरफ्तार किए गए चारों लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इन सभी आरोपितों को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आफत पांच-छह पंचायतों के लिए एक सीए स्टोर का होना जरूरी

सीए स्टोरों की कमी किसानों पर भारी

मोहन कपूर, पतलीकूहल

कुल्लू जिला में नियंत्रण वातावरण भंडारण (सीए स्टोर) की अति आवश्यकता है, ताकि किसान व बागवान उसमें छह से नौ महीने तक अपनी उपज का उसमें सुरक्षित भंडारण कर सकें। प्राकृतिक आपदा के चलते इस वर्ष कुल्लू के किसानों व बागवानों को करोड़ों के नुकसान का भाजी बनना पड़ा। यदि क्षेत्र में सीए स्टोर होते तो वह अपने उत्पादों को उसमें सुरक्षा प्रदान कर सकते थे, लेकिन उस तरह की व्यवस्था किसानों व बागवानों को नहीं मिल पाई।

इस बार जुलाई महीने में ब्यास व उसकी सहायक सहायक नदियों व नालों में आई बाढ़ से जहां एनएच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ उसका सीधे रूप में किसानों व बागवानों को खामीयाजा भुगतना पड़ा। इस वर्ष जब प्लम, नाशपाती, फूलगोभी व ब्रोकली का सीजन पूरे यौवन पर था उस दौरान एनएच के बाढ़ में बह जाने से लाहौल व कुल्लू के सब्जी व फल उत्पादकों के उत्पाद वाहनों व खेतों में ही सड़ गए। यदि क्षेत्र में नियंत्रण वातावरण भंडार होते तो किसानों व बागवानों को उसका खामीयाजा नहीं भुगतना पड़ता। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कुल्लू जिला में सीए स्टोरों की भारी कमी है, जिसके कारण बागवानों व किसानों को हर वर्ष करोड़ों की चंपत लग रही है। उन्होंने कहा कि यदि घाटी में हर पांच व छह पंचायतों के पीछे एक सीए स्टोर को बनाया जाए तो उसमें किसान व बागवान अपनी ऊपज को रख सकता है और जब इन उत्पादों के दामों मे उछाल आए तो वहां से निकाल कर बाजार में बेचने में सक्षम हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

पांच साल से पतलीकूहल में बंद है एचपीएमसी का सीए स्टोर

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पिछले चार-पांच वर्षों से पतलीकूहल में एचपीएमसी का सीए स्टोर बंद पड़ा है। इस सीए स्टोर की भंडारण क्षमता करीब 700 मीट्रिक टन है, लेकिन इसके बंद होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को सीए स्टोर की सुविधा नहीं मिल रही हैं। महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस बावत कई मर्तबा कुल्लू फलोत्पादक मंडल पूर्व सरकार व वर्तमान सरकार से इसे सुचारु करने की मांग कर चुका है, लेकिन आश्वासन के सिवाए अभी तक कुछ नहीं मिला हैं। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में प्रदेश सरकार छोटे-छोटे सीए स्टोरों को पंचायत स्तर पर बनाती है तो लोगों को इन स्टोरों से भारी लाभ मिलेगा और किसानों व बागवानों को प्राकृतिक आपदा व मंदी के दिनों की मार सहन नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने स्थानीय विधायक व प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि सरकार इस ओर गंभीरता दिखाए, ताकि प्रदेश का किसान व बागवान अपनी ऊपज को नियंत्रण वातावरण भंडारण में संरक्षण दे सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई बड़े ग्रुप जो कि सेब की खरीद करते हैं। उनके बड़े-बड़े सीए स्टोर हैं, हालांकि इन स्टोरों की अधिकतर संख्या शिमला जिले में हैं। मगर कंपनियों के अपने निजी सीए स्टोर अपने फायदे के लिए बने हैं, जिसमें किसानों व बागवानों को कोई लाभ नहीं मिलता है। यदि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में पंचायतों के क्लस्टर बनाकर पांच-छह पंचायतों को मिलाकर 200 से 300 मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता वाले सीए स्टोर बनाती है, तो उससे प्रत्यक्ष रूप से प्रदेश का किसान व बागवान लाभान्वित होगा। क्योंकि अकसर देखा जाता है कि जब प्रदेश में बाढ़ का समय रहता है तो उस समय प्रदेश में प्लम नाशपाती व सेब का सीजन शुरू हो जाता है, जिससे बाढ़ व भूस्खलन से शीघ्र खराब होने वाली सब्जियां व फल जो तीन चार दिन में खराब हो जाते हैं, उससे किसानों को भारी नुकसान होता है। उधर, कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वह किसानों व बागवानों की भलाई के लिए सी ए स्टोरों को स्थापित करने के लिए विशेष योजना बनाए, ताकि किसान व बागवान अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकें।

न्यूज ब्रीफ

वित्तीय लेनदेन के बारे में की विस्तृत चर्चा

जाह्। गलवान शाहिद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक शिशु निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दशमल में संपन्न हुई। इस त्रैमासिक बैठक में पिछले तीन महीनों में ट्रस्ट के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर दो नए सदस्य भी ट्रस्ट में जोड़े गए। ट्रस्ट के सभी सदस्य ने नए सदस्यों का ट्रस्ट में जुड़ने पर स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस बैठक में ट्रस्ट के द्वारा पिछले तीन महीने के दौरान किए गए वित्तीय लेनदेन के बारे में भी विस्तृत से चर्चा कर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। इस बैठक में शिव प्रकाश शर्मा जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं को सर्वसमिति से सचिव नियुक्त किया गया।

मून-11 की टीम ने चूमी क्रिकेट ट्रॉफी

भोरंज। पंचायत लुड्डर महादेव के गांव झंडवीं चांग्रिया मै चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ। इस टूर्नामेंट मै लगभग 28 टीम्स ने हिस्सा लिया।।इसके फाइनल मुकाबले मै मून-11 और भलवानी-11 के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें मून-11 विजेता रहा।। विजेता टीम को 12000 नकद और ट्रॉफी दी गई। वहीं, उपविजेता टीम को 10000 और ट्रॉफी दी गई। इस टूर्नामेंट मै आयोजन शिव मंदिर झंडवी चंगरिया द्वारा करवाया गया। फाइनल मैच के लिए पंचायत प्रधान लुड्डर महादेव श्री मति नीलम जी ने विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

मित्ता पहलवान जम्मू ने जीती बड़ी माली

बड़ा। उपमंडल नादौन की पंचायत चोडू में पीर बाबा दंगल कमेटी द्वारा विशाल दंगल का आयोजन किया गया। कमेटी द्वारा सर्व प्रथम दंगल कमेटी के प्रधान राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में पीर बाबा के मजार से दंगल अखाडा स्थल तक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में कमेटी के सदस्य संदीप कुमार, अंकु, राजू, जिंदू, विंदरो आदि विशेष रूप शामिल थे। दंगल की माली मित्ता पहलवान जम्मू ने जीती एवम उपविजेता कृष्ण पहलवान कांगड़ा रहा। कमेटी द्वारा विजेता पहलवान को 9100 रुपए की इनाम राशि एवम गुरज एवं उपविजेता पहलवान को 7100 रुपए एवम गागर देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षकों की छह दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग शुरू

हमीरपुर। समग्र शिक्षा और डाइट हमीरपुर द्वारा छह दिवसीय इंडेक्शन ट्रेनिंग की शुरुआत सोमवार से तीन अलग-अलग जगहों पर शुरू हुई। नादौन और गलोड़ ब्लॉक के 50 शिक्षकों की डाइट हमीरपुर में, सुजानपुर और हमीरपुर ब्लॉक के 61 शिक्षकों की हमीरपुर में और बिझड़ी और भोरंज ब्लॉक के 63 शिक्षकों की भोटा में छह दिवसीय इंडेक्शन ट्रेनिंग शुरू की गई है। डाइट हमीरपुर में उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार, हमीरपुर में अनिल कुमार और भोटा में पुनीत कुमार ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग में नए नियुक्त अध्यापकों के लिए इंडेक्शन ट्रेनिंग की कार्यशाला चलाई जा रही है। जिसमें जिला भर के जेबीटी, टीजीटी, डीएम, शास्त्री भाग ले रहे हैं।

भुक्कड़ स्कूल का सालाना समारोह आज

भरेड़ी। भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाले राजकीय केंद्र प्राथमिक व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को होगा। समारोह में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि, ग्रामीण एवं भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने देते हुए बताया कि इस दौरान मुख्यातिथि वर्ष 2022-23 के स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

छात्रों ने जाना यूपीएससी की तैयारी कैसे करें

हमीरपुर। यूपीएससी की तैयारी और इसका महत्व बारे एनआईटी में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह के माध्यम से, आईएसटीई ने स्टूडेंटस को यूपीएससी की तैयारी में महत्वपूर्ण ज्ञान और प्रेरणा प्रदान करते हुए एक सशक्त और शिक्षित समुदाय की दिशा बारे जानकारी प्रदान की। भारतीय प्रौद्योगिकी शिक्षा समिति (आईएसटीई), एनआईटी हमीरपुर और नेक्स्ट आईएएस के साथ मिलकर आयोजित इस सम्मेलन के मुख्यातिथि और वक्ता आईएएस राकेश कुमार और नेक्स्ट आईएस के शिक्षक प्रग्नेश झाला ने जानकारियां साझा कीं। राकेश ने अपनी यात्रा और यूपीएससी की तैयारी के पीछे अपने प्रेरणा स्रोत की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर से बी-टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की थी और बैंक ऑफ अमेरिका में अपनी सेवाएं दी, लेकिन उन्होंने उस नौकरी को छोड़ कर सिविल सेवा की तैयारी शुरू की । इस दौरान आईएएस राकेश कुमार ने अपनी यात्रा साझा की, और स्टूडेंटस ने अपने प्रश्न भी पूछे, जिसमें आईएएस ने स्टूडेंट के प्रश्नों का उत्तर दिया।

डीएवी भड़ोली में विशेष यज्ञ का आयोजन

नादौन। महर्षि दयानंद के जन्मोत्सव पर डीएवी भड़ोली में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ हर गतिविधि में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ से की गई। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने अपने अध्यापकों सहित सर्वप्रथम महर्षि दयानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन समर्पित किए। इस विशेष अवसर पर कक्षा सातवीं के बच्चों ने'धन्य है तुझको ऐ ऋषि तूने हमें जगा दिया' भजन गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। स्कूल के संगीत अध्यापकों ने महर्षि दयानंद पर हम आज एक ऋषि की पावन कथा सुनाते है भजन में स्वामी जी के वाल्यकाल से लेकर संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। सभी भजन को सुन कर आनंदविभोर हो गए। प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों व बच्चों को स्वामी जी के जन्म की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

दरियाल-सिल्ह के बीच होगा पुल का निर्माण

बड़ा। नादौन विधानसभा के अंतिम छोर पर मगली गूगा के स्थान पर बह रही व्यास नदी जो सधोड़ा पत्तन नाम से जानी जाती हैं बहां 250 मीटर लंबे पुल का निर्माण दरियाल नामक स्थान पर किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल. के निर्माण की लाइनमेंट भी कर दी गई हैं एवम विभाग द्वारा पुल की सर्बे रिपोर्ट भी तैयार करके विभाग के उच्चाधिकारिओं को अनुमानित बजट के लिए भेज दी गई हैं गत दिवस मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने जिला कांगड़ा के एक दिवसीय प्रवास के दौरान इस पुल के निर्माण की घोषणा ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सुंधगल में सुखआश्रय भवन के शिलान्यास के दौरान की थी। वहीं, इस बारे में लोक. निर्माण बिभाग के एस डी ओ पंकज कौशल का कहना हैं की पुल की सर्वे रिपोर्ट तैयार हो चुकी हैं एवम बजट का प्रावधान होते अतिशीघ्र इस निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

कैहरवीं में हुआ गांव चलो अभियान कार्यक्रम

भरेड़ी। गांव चलो अभियान के अंतर्गत सोमवार को बूथ नंबर-17 कैहरवीं के शिव मंदिर में भाजपा मंडल भोरंज के उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं को दी राकेश ठाकुर ने बताया कि देश के पधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब किसानों बेरोजगारों के हितों में जो जनहित की योजनाएं चलाई है।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने एपीएमसी अध्यक्ष बनने पर अजय शर्मा को दी बधाई

सीएम का सपना, मजबूत राज्य बने हिमाचल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

एपीएमसी के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय शर्मा की आज खास समारोह में ताजपोशी हो गई। उन्होंने अपना पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी विशेष रूप में मौजूद रहे उनके अलावा पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बिट्टू ने पदाधिकारियों से अपील की है कि वे प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि पात्र एवं जरुरतमंद लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। अजय शर्मा की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी दूरगामी सोच से हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सराहनीय नीतिगत फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2032 तक आत्मनिर्भर, विकसित और अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन एनर्जी, हाइड्रो प्रोजेक्ट, सौर ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि-बागवानी और इनसे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों पर प्रदेश सरकार विशेष रूप से फोकस कर रही है। इन क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई नई योजनाएं आरंभ कर रहे हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में एपीएमसी भी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और सुनील शर्मा बिट्टू का आभार व्यक्त करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है, वह उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि वह एपीएमसी की पूरी टीम और पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से एपीएमसी को आगे ले जाने के लिए कार्य करेंगे तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को जिले के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे।

अजय शर्मा को बधाई देते मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एपीएमसी के गैर सरकारी सदस्य विजय बन्याल, संतोष कुमार, सुनील कुमार, रमेश चंद, सिकंदर कुमार, केवल शर्मा, दीप चंद और अन्य सदस्य, सरकारी सदस्य उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार, कृषि उपनिदेशक सुरेश धीमान, पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. देवेंद्र कतना, एपीएमसी की सचिव अरुणा शर्मा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

12 सप्ताह के अंदर गर्भावस्था के लिए पंजीकरण अनिवार्य

हमीरपुर। सभी गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह के अंदर गर्भावस्था के लिए पंजीकरण अनिवार्य रूप से प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य पोर्टल पर बीएमओ अपलोड करें और जो किसी कारण वश 12 सप्ताह के भीतर पंजीकृत नहीं हो पाती हैं, उन लाभार्थियों के कारण सहित पूरी जानकारी जुटाकर अपने पास रखें। यह बात सीएमओ आरके अग्निहोत्री ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इसी तरह गंभीर अनीमिया से जूझ रही महिलाओं की केस वाइज पूरी जानकारी जुटाएं और उनका नियमित तौर पर स्वास्थ्य संबंधी फॉलोअप भी करें, ताकि उनकी स्थिति में सुधार हो ताकि उनके जोखिम को कम करके जच्चा व बच्चा को सुरक्षित किया जा सके।

एमएलए इंद्रदत्त लखनपाल ने ग्यारहग्रां स्कूल के मेधावियों को किया सम्मानित

एसके ठाकुर, बिझड़ी

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार का नया बजट पेश होने के बाद बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कई नए विकास कार्य आरंभ किए जाएंगे। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ग्यारहग्रां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहीं।

उन्होंने कहा कि भीषण आपदा के बावजूद इस वित्त वर्ष के दौरान बड़सर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य आरंभ किए गए हैं। गोविंदसागर झील से 137 करोड़ रुपये की उठाऊ पेयजल योजना और बाबा बालक नाथ मंदिर एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए एडीबी की मदद से 65 करोड़ रुपए की परियोजना शामिल है। लखनपाल ने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ बच्चों की नैतिक शिक्षा और उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। तभी ये बच्चे आदर्श नागरिक बनेंगे और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहेंगे। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। स्कूल को अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए और मिडल स्कूल चंबेह तथा प्राइमरी स्कूल ग्यारहग्रां को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूली छात्र-छात्राओं ने समारोह को सफल बनाने के लिए कई मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की।

समारोह में पचायत प्रधान किशोरी लाल, उपप्रधान अमृत लाल, ज्ञान चंद, देव प्रकाश अग्निहोत्री, सुरेंद्र अग्निहोत्री, मनोज शर्मा, संजीव शर्मा, ब्रह्मदास, प्रेम चंद, अजय कुमार, सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह, प्रकाश चंद, चिरंजीलाल, दुर्गादास, रूपां, राधा शर्मा, आदर्श बाला सोनी, एसएमसी अध्यक्ष प्रोमिला देवी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

ग्यारहग्रां स्कूल पहुंचने पर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल का स्वागत करते स्कूल के स्टाफ सदस्य।

ठगी के आरोप में एसपी को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर। हमीरपुर के तहत आने वाले भिड़ा क्षेत्र में हुई युवक की मौत पर कई तरह के प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। मृतक की बहन पहले ही एक युवती को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा चुकी है। मृतक की बहन ने बताया है कि एक युवती जोकि सैलून चलाती है उसने उसके भाई को शादी का झांसा देकर गुमराह किया। शादी का झूठा झांसा देकर मृतक से दस लाख रुपए की ठगी की गई है। इन सारी बातों से आहत होकर उसका भाई तनाव में चला गया था। यही वजह है कि उसके भाई की अचानक छह फरवरी को मृत्यु हो गई। हालांकि मामले में पुलिस जांच कर रही है। लेकिन क्षेत्र के युवाओं को प्रतिनिधिमंडल मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सोमवार को पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा। यहां पहुंचे युवाओं ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि मामले का सही ढंग से पटाक्षेप किया जाए। जिस युवती पर शादी का झांसा देकर लाखों रुपए ऐंठने के आरोप लगे हैं उसके खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

लहड़ा पंचायत की प्रधान ने लगाए मारपीट के आरोप

अनंत ज्ञान, गलोड़

क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहड़ा में आज स्थिति उसे वक्त तनाव पुर्ण हो गई जब पंचायत कार्यालय में एक मामले को लेकर चल रही जांच के दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई और बाद में यह मारपीट में तबदील हो गई। पंचायत प्रधान निशा देवी ने लहड़ा पंचायत के तीनों पूर्व सेवानिवृत्ति लोगों पर उनके साथ हाथापाई और मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। निशा देवी ने पुलिस को दिए अपनी शिकायत में बताया है कि नादौन ब्लॉक से पंचायत निरीक्षक एक मामले की जांच के लिए पंचायत कार्यालय आए थे तीन लोगों जिसमें विनोद कुमार पुत्र ब्रह्मानंद गांव हटली राजकुमार पुत्र रोशन लाल गांव लहड़ा पूर्व प्रधान राकेश कुमार पुत्ररामरथ को बुलाया गया था। जब इन तीनों की सुनवाई पंचायत निरीक्षक कर रहे थे।

इस दौरान कुछ अन्य लोग भी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लग पड़े पंचायत प्रधान निशा देवी ने बताया कि एक व्यक्ति ने उनकी सास को गाली निकाल दी और देखते ही देखते दोनों तरफ से तनाव बढ़ गया। शिकायत पत्र में प्रधान ने लिखा है कि लहड़ा गांव के जयपाल पुत्र शालिग्राम को जब पूछा कि आप गालियां क्यों दे रहे हैं तो उन्होंने उन्हें पंचायत प्रधान को चांटे मारने शुरू कर दिए और अन्य दो लोगों पर भी पंचायत प्रधान ने मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। पंचायत प्रधान निशा ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें बड़ी मशक्कत के बाद इन तीनों से उन्हें बचाया मारपीट में उनके हाथों की चूड़ियां भी टूट गई है। वहीं, दूसरी ओर त्रिलोकनाथ गर्ग राजकुमार व जयपाल ने भी पंचायत प्रधान निशा देवी व उनके पति राकेश कुमार के ऊपर अभद्र टिप्पणियां करने और उनके साथ धक्का-मुक्की करने की शिकायत पुलिस चौकी प्रभारी गलोड़ को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का दिया प्रशिक्षण

नादौन। विकास खंड नादौन के सामुदायिक भवन में स्वयं सहायता समूह विकास खंड नादौन के अंतर्गत आने वाली वेला,भरमोटी, बलडूहक, रंगस इत्यादि पंचायतों से संबंधित महिलाओं ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया । इस शिवर का आयोजन पीएमएफएमई केंद्र सरकार की योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को विकसित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। नादौन विकास खंड के 137 लाभार्थियों को दो दिन में प्रशिक्षण दिया गया और महिलाओं को अपने खाद्य पदार्थ जैसे सारा, बडियां, सेमियां, पापड़ अचार, चटनी,जैम , मशरूम और दूध से बने उत्पादों इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया एवं सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता को अपने व्यवसाय में किस तरह से उपयोग करना है यह भी समझाया गया। इन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्रालय के सौजन्य से किया गया इस प्रशिक्षण के संचालक डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन के संयोजक डॉ अमरदीप चंदेल एवं अनिल चौहान, नादौन विकास खंड के खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने मार्गदर्शन से प्रेरित किया।

एनआईटी हमीरपुर में कंप्यूटर विज्ञान व इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

यहां स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में पांच दिवसीय अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर आधारित वर्कशॉप शुरू हो गई है। 12 से 16 फरवरी तक आईटीआई जोगिंदरनगर, मंडी के संकाय के लिए उन्नत शैक्षणिक प्रथाओं और शिक्षण उत्कृष्टता पर पांच दिवसीय अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीटीपी) इस आयोजन में शिरकत कर रहे हैं। संस्थान के डायरेक्टर एच एम सूर्यवंशी इसके मुख्य संरक्षक हैं। जबकि डॉ. अर्चना नानोटी (रजिस्ट्रार, एनआईटी हमीरपुर) संरक्षक हैं और प्रो. अनूप कुमार (डीन, संकाय कल्याण) अध्यक्ष हैं।

डॉ. नवीन चौहान (प्रमुख, सीएसई विभाग) संयोजक हैं। एसटीटीपी के समन्वयक, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अरुण कुमार यादव और डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि विशेषज्ञ व्याख्यान अत्यधिक प्रासंगिक विषयों पर नवीनतम विकास पर प्रकाश डालेंगे जो प्रतिभागियों की शैक्षणिक प्रथाओं और शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा निदेशालय, सुंदरनगर, मंडी द्वारा प्रायोजित है। एसटीटीपी का उद्घाटन प्रोफेसर एच एम सूर्यवंशी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया और एनआईटी हमीरपुर में उनके सुखद और उपयोगी प्रवास की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को भी बधाई दी। उद्घाटन समारोह में डॉ. अर्चना नानोटी (रजिस्ट्रार, एनआईटी हमीरपुर) भी उपस्थित थीं और उन्होंने प्रतिभागियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाकर खुद को कुशल बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अनूप कुमार (डीन फैकल्टी वेलफेयर) ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आईटीआई में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए इस पहल की सराहना की। एसटीटीपी के संयोजक डॉ. नवीन चौहान ने बताया कि एसटीटीपी का उद्देश्य प्रतिभागियों के ज्ञान को उन्नत करना और उन्हें नवीनतम शिक्षण और संचार पद्धतियों से परिचित कराना है। डॉ. चौहान ने कहा कि एसटीटीपी के उद्देश्य को साकार करने के लिए, पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान हर दिन तीन विशेषज्ञ वार्ता आयोजित की जाएंगी।

पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे तमाम लोग निदेशक के साथ।

लंबित मांगों पर सरकार ने साध रखी है चुप्पी

हमीरपुर। आगामी बजट सत्र में पेंशनर्स के लिए की जाने वाली घोषणाओं का इंतजार इस वर्ग को शुरू हो गया है यदि सरकार ने पेंशनर्स के देय आर्थिक लाभ जारी नहीं किया तो संघ मजबूर होकर किसी बड़ी रणनीति को बनाने के लिए मजबूर हो जाएगा। यह बात हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा ने पेंशनर्स भवन में आयोजित बैठक के दौरान संबोधित करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि बैठक में पेंशनर्स को आयकर सिस्टम के संबंध में भी जानकारी दी गई और स्पष्ट किया कि पुराने सिस्टम में ज्यादा राहत मिलने की स्थिति में उन्हें 20 फरवरी से पहले-पहले जिला कोषागार कार्यालय में अपनी ऑप्शन तथा बचत राशि आदि का ब्यौरा जमा करवाना होगा। बैठक की अध्यक्षता संघ की वरिष्ठ उपप्रधान संतोष बन्याल ने की। शर्मा ने कहा कि पेंशनर्स की लंबित मांगों पर सरकार ने चुप्पी साध रखी है। उनका कहना है कि पेंशन संशोधन की देय बाकाया राशि, महंगाई भत्ते की किस्तें न मिलने के अलावा पेंशनर्स द्वारा अपने इलाज पर जेब से खर्च की भरकम राशि के चिकित्सा बिलों का भुगतान न हो पाने पर पेंशनर्स में आक्रोश पनप रहा है। सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर हमीरपुर ब्लॉक प्रधान देवराज पटियाल, नादौन प्रधान जगदीश चंद शर्मा, बिझड़ी ब्लॉक प्रधान नरेंद्र बन्याल, सुजानपुर प्रधान पृथ्वीराज शर्मा, भोरंज प्रधानी वचित्र सिंह ठाकुर, टौणीदेवी प्रधान जगदीश चंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा, भवन निर्माण कमेटी अध्यक्ष सालीग्राम ठाकुर, प्रेस सचिव अनिरुद्ध डोगरा, बलदेव दास शर्मा, जैसी राम विमल, प्रेम चंद शर्मा, राम चंद कटोच, जैसी राम आदि पेंशनर्स मौजूद रहे।

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर जीसी राणा ने बतौर प्राचार्य के पद पर राजकीय महाविद्यालय धनेटा में कार्यभार संभालने के उपरांत स्टाफ के सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में।

संशोधित वेतनमान के एरियर का कर्मचारी और पेंशनर्स कर रहे बेसब्री से इंतजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष एसके कौड़ा की अध्यक्षता में डीसी अमरजीत सिंह से मिला और उनके जरिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मांगों बारे ज्ञापन भेजा।

कौड़ा का कहना है कि प्रथम जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के मध्य जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुए हैं, उन्हें आज तक केवल 20 प्रतिशत ही लीव एनकैशमेंट ग्रेच्युटी व क्यूमेंटेशन का लाभ मिला है और यह राशि लाखों में होगी, जो एक चिंता का विषय है। उस व्यक्ति की मृत्यु से पहले उसे अपने कमाई हुई धनराशि न मिले तो भी एक अव्यवस्था का मामला है । इतना ही नहीं ऐसे कई पेंशनर्स हैं, जिनकी मृत्यु भी हो चुकी होगी और उनके परिवारों का कितना ही ब्याज और राशि समाप्त हो जाएगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल बिलों का भुगतान भी कई वर्षों से पेंशनर्स को बजट न होने के कारण नहीं हो पा रहा है। जिंदगी के आखिरी पड़ाव में वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं । का कहना है कि प्रथम जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर की अदायगी भी आज तक नहीं हो पाई है, जिसका इंतजार कर्मचारी व पेंशनर्स बेसब्री से कर रहे हैं । इसके साथ ही प्रथम जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के मामले अभी भी एजी कार्यालय शिमला में ही विचारधीन है। महंगाई भत्ते की तीन किस्तें भी देय हैं।

निधन पर संवेदनाएं व्यक्त की

कौड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह विश्वास दिलाया था कि अतिशीघ्र जेसीसी का गठन करके पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, परंतु कोई गौर नहीं फरमाया गया। उन्होंने चेताया है कि अगर बजट सत्र के दौरान उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे लोस चुनावों में इसका खमियाजा भुगतने को तैयार हो जाएं। संघ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

परेशानी घनियारा गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी अमरजीत सिंह से लगाई गुहार

डीसी साहब! हमें लावारिस पशुओं से बचा लो

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

हिमाचल किसान सभा के नेता रंजन शर्मा की अगु अगुआई में पुतड़ियाल पंचायत के घनियारा गांव का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को डीसी अमरजीत सिंह से मिला।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि गांव में करीब 80 के करीब घर है और ज्यादातर लोग खेती-बाड़ी का काम करते हैं। पिछले पांच सालों से आवारा पशु व जंगली जानवर लगातार फसलों को नुकसान कर रहे हैं। बीते दिनों में भी आवारा पशु किसानों की फसलों को चट कर गए हैं। इससे लोग बहुत परेशान हैं । आवारा पशुओं की समस्या इस कदर विकराल हो चुकी है कि आवारा पशु बहुत ही हिंसक हो गए हैं। आने वाले जाने वाले लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहे हैं। यहां तक कि स्कूल के बच्चों को स्कूल आने-जाने में भी बहुत परेशानी हो रही है। अभिभावकों को बच्चों को खुद स्कूल छोड़ने जाना पड़ रहा है। गांव के ज्यादातर लोग पशुपालक हैं। आवारा पशुओं द्वारा घास व फसल बर्बाद करने से सबसे बड़ी दिक्कत पशुपालकों को हो रही है। क्योंकि पशुओं के लिए कोई चारा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। मौजूदा समय में तूड़ी 1500 रुपए क्विंटल के हिसाब से मिल रही है। इससे किसानों को पशु पालना भी बहुत महंगा साबित हो रहा है। उनका कहना था कि यह समस्या हमीरपुर के सभी गांवों में है। किसान सभा की संयोजक रंजन शर्मा ने बताया कि डीसी ने इसके हल के लिए कुछ न कुछ काम करने का आश्वासन दिया है।

डीसी अमरजीत सिंह से मिलते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

पशुओं को जल्द भेजें गोसदनों में

पशुपालन विभाग इन आवारा पशुओं को पकड़ कर गोसदनों में भेजने का प्रबंध करें। किसानों की फसलों के लिए कृषि विभाग की तरफ से बाढ़बंदी की योजनाएं शुरू की जाए। हिमाचल किसान सभा मांग करती है सरकार सस्ती दरों पर पशु चारा व तूड़ी आदि किसानों को उपलब्ध कराए। आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भेजे व किसानों की फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए बाढ़बंदी करवाए। आज के प्रतिनिधिमंडल में रंजन शर्मा, रजिनंदर वाला, बाबी, सीमा, रीता, कौशल्या देवी, जोगिंद्र कुमार, महिंद्र सिंह आदि शामिल हुए।

न्यूज ब्रीफ

मुख्याध्यापकों के 350 पद हो गए हैं रिक्त

दथोल। प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ ने मुख्याध्यापक पदोन्नति सूची शीघ्र निकालने की मांग की है। विभाग की ओर से जुलाई माह में मुख्याध्यापकों की एक पदोन्नति सूची निकाली गई थी। उसके बाद मुख्याध्यापक पदोन्नति दिसंबर माह में संभावित थी और विद्यालयों से पात्र अध्यापकों के नाम भी मंगवा लिए थे, परंतु बाद में बिना किसी कारण के विभाग ने नाम भिजवाने की तिथि 20, जनवरी कर दी। तत्पश्चात् 20, जनवरी से लेकर आज तक सूची निकालने के लिए कोई भी कार्रवाई अम्ल में नहीं लाई गई, जो कि 26000 टीजीटी कैडर के साथ सरासर बेइंसाफी है। प्रदेश में लगभग मुख्याध्यापकों के 350 पद फिर से रिक्त हो गए हैं। 20, पदोन्नति के लिए प्रशिक्षित स्नातकों व पदोन्नत प्राध्यापकों से नाम विद्यालयों से मंगवाए जाते हैं। संघ की हमेशा से यह मांग भी रही है कि किसी भी कैडर में जैसे ही पद रिक्त होता है, उसे तुरंत भरा जाना चाहिए या पदोन्नति सूचियां साल में दो बार निकलनी ही चाहिए। यह बात हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के प्रदेश प्रधान यशपाल रणौत, प्रदेश महासचिव राजीव चंदेल, वरिष्ठ उपप्रधान उत्तम राणा, प्रदेश वित्त सचिव रविदास शर्मा ने संयुक्त बयान में कही।

स्टूडेंट्स ने किया दनोह गांव का सर्वे

इकोनॉमिक्स संकाय के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स दनोह गांव का सर्वे करते हुए।

बिलासपुर। बिलासपुर स्कूल के इकोनॉमिक्स संकाय के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स ने गांव दनोह का सर्वे किया। इकोनॉमिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों ने गांव दनोह के घरों में जाकर सर्वे किया, जिससे न केवल उनके आत्मविश्वास को बल मिलेगा, बल्कि उन्हें आगे भविष्य में शोध करने में भी आसानी होगी। इस सर्वे में सिमरन शर्मा, नीलम शर्मा, अनीशा, मनीषा, आरती, प्रकृति, प्रियंका, शैली, तृप्ता, श्वेता, नवीन, आशिक, अखिल व विशाल ने हिस्सा लिया।

सफाई कर्मचारी रखने पर ठगे जा रहे 40 हजार

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रेसवार्ता कर लगाए आरोप, कहा-उनके पास हैं सब प्रमाण, पुलिस प्रशासन को दिया ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर एम्स लगातार इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। सोमवार को पंचायत कोठीपुरा प्रधान पिंकी देवी, पंचायत राजपुरा उपप्रधान सतदेव शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने एम्स में सफाई कर्मचारी रखने की एवज में पैसे ऐठने का आरोप लगाया है।

नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एम्स में सफाई कर्मचारियों को रखने की एवज में 40-40 हजार रुपए लोगों से लिए जा रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद लोगों को वहां पर नौकरी पर नहीं रखा जा रहा है।

नगर के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि।

राजपुरा पंचायत उपप्रधान सतदेव शर्मा ने कहा कि बिलासपुर ही नहीं, बल्कि इस ठगी का शिकार कांगड़ा व पंजाब जिले के कुछ अन्य लोग भी हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि जो व्यक्ति पैसे लेता था, वह इन दिनों से एम्स से गायब है। पहले वह एम्स प्रबंधन में कार्यरत था, परंतु कुछ समय से उनका मोबाइल नंबर भी नहीं कार्य कर रहा है और न ही कर्मचारियों को नौकरी में आने का कोई अपॉइंटमेंट लेटर दिया गया है, जिससे बिलासपुर सहित प्रदेश व पंजाब राज्य के कुछ जिलों के लगभग 70 से अधिक लोग इसके ठगी के शिकार हुए हैं।

इस संदर्भ में सोमवार को बिलासपुर पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा गया है और ज्ञापन में यह सब जानकारी साथ में प्रमाण तक पुलिस के पास दिए गए हैं, ताकि पुलिस इस मामले पर गहनता से जांच करें तो आरोपी को पकड़ा जाए। इस सारे मामले के प्रमाण जिसमें ऑडियो रिकॉर्डिंग तक उनके पास हैं और एम्स प्रबंधन को भी यह सब प्रमाण दिए गए हैं, लेकिन कुछ भी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

पुलिस व एम्स प्रबंधन गहनता से जांच करें

अगर एम्स प्रबंधन से इस संदर्भ को लेकर मिलना होता है, तो अधिकारी मिलने से मन्हा कर देते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में एम्स प्रबंधन के खिलाफ भी काफी रोष है। उन्होंने मांग उठाई है कि इस संदर्भ में बिलासपुर पुलिस व एम्स प्रबंधन गहनता से जांच करें और लोगों की ओर से दिए गए 40-40 हजार रुपए वापस किए जाए और आरोपी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

तेजस्वी व आशु ने जीते गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के बैनर तले आठ से 13 फरवरी तक चल रही राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में 12 को हिमाचल के दंपती ने गोल्ड मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

50 प्लस आयु वर्ग में प्रदेश हाई कोर्ट में कार्यरत एडिशनल एडवोकेट जनरल व पूर्व हाकी व हैंडबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी तेजस्वी शर्मा ने डार्ट गेम में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, इनकी धर्मपत्नी आशु शर्मा ने 40 प्लस आयु वर्ग की महिला कबड्डी प्रतियोगिता में

गोल्ड मेडल के साथ तेजस्वी व आशु।

स्वर्ण पदक अर्जित किया। मौजूदा प्रतियोगिता में हिमाचल के लिए यह सम्मान प्राप्त करने वाला यह एकमात्र युगल जोड़ा रहा।

प्रदेश की जनसंख्या नियंत्रण पर की चर्चा

भारतीय संसदीय संस्थान जनसंख्या एवं विकास नई दिल्ली ने एकदिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और अन्य मुद्दों में पंचायती राज संस्थानों की भूमिका को लेकर बिलासपुर के औहर स्थित पर्यटन परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर जिले की विभिन्न पंचायतों में चुने हुए प्रतिनिधि व जिला परिषद सदस्यों ने भाग लिया।

भारतीय संसदीय संस्थान जनसंख्या एवं विकास नई दिल्ली की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में

कार्यशाला में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए।

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तो साथ ही बिलासपुर से पूर्व विधायक तिलकराज शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, कार्यशाला के दौरान प्रदेश की जनसंख्या नियंत्रण व विकास में महिलाओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा की गई और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने सहित महिला उत्पीड़न के मामलों पर नजर रखने की अपील की गई है, जिसके उपरांत कार्यशाला के अंत में पंचायत प्रतिनिधियों व जिला परिषद सदस्यों को प्रशिक्षण पत्र भी वितरित किए गए। वहीं, प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक एजेंडे को स्थापित करना है, ताकि महिला सशक्तिकरण के साथ ही उनके स्वास्थ्य व अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके।

ट्रक चालक ने कुचला बुजुर्ग, मौत

शिमला-मटौर नेशनल हाई-वे पर सेऊ के समीप हुआ हादसा

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं थाना क्षेत्र के तहत शिमला-मटौर नेशनल हाई-वे पर सेऊ के समीप ट्रक हादसे में 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब नौ बजे हुआ। मृतक व्यक्ति की पहचान रमेश चंद गांव नस्वाल के तौर पर हुई है।

जानकारी के मुताबिक नस्वाल गांव का रमेश चंद कबाड़ खरीदने का काम करता था। सुबह करीब नौ बजे वह कबाड़ खरीदने करने के लिए सेऊ की तरफ जा रहा था, जैसे ही वह सड़क किनारे जा रहा था कि अचानक एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे चला गया, जिससे रमेश ट्रक की

शिमला-मटौर नेशनल हाई-वे पर सेऊ के समीप हुए हादसा में खड़ा हुआ ट्रक।

चपेट में आ गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर इक्ट्ठा हो गए। मृतक रमेश चंद के परिजन मौके पर पहुंच गए। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

ट्रक चालक ने बताया कि वह ट्रक में सीमेंट लोड करके भोटा की तरफ जा रहा था अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया। मृतक रमेश चंद का एक बेटा व तीन बेटियां हैं, जिस जगह यह हादसा हुआ है, वहां पहले भी कई हादसे पेश आ चुके हैं। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा में अखिल ने जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

अखिल ठाकुर ने दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 7-11 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा में किक लाइट इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर भारत के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अखिल इससे पहले भी एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं तथा वर्ल्ड चैंपियनशिप व वर्ल्डकप में भी भाग ले चुके हैं। वहीं, अखिल ठाकुर इसका श्रेय अपने मुख्य कोच परशुराम अवार्डी डॉक्टर संजय यादव एवं हिमाचल किक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी हंसराज शर्मा, कोच

अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा में अखिल स्वर्ण पदक के साथ।

मनोज पटियाल एवं अपने परिवार को दिया है। अखिल गांव डेलग, तहसील सदर, जिला बिलासपुर के निवासी हैं और इनकी इस उपलब्धि पर पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

भाजपा नशेड़ियों को साथ लेकर अधिकारियों को डरा रही : बंबर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पीए का भाई कुछ दिन पहले घुमारवीं में चिट्टे के साथ पकड़ा गया है।

भारतीय जनता पार्टी नशेड़ियों को साथ लेकर अधिकारियों को बिलासपुर में डरा धमका रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि भाजपा नशेड़ियों की पार्टी है, जिसका उदाहरण अभी हाल में ही चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपी का है। यह बात सोमवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कही। बंबर ने कहा कि बिलासपुर में भाजपा नेता इन नशेड़ियों को पूरी तरह

बिलासपुर सर्किट हाउस में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर प्रेस वार्ता करते हुए।

से पनाह दे रहे हैं। यह नशेड़ी आए दिन अधिकारियों को डरा रहे है। रेलवे निर्माण कार्य में लगी निजी कंपनियों के अधिकारियों को यह नशेड़ी जाकर डरा रहे हैं, यह सब स्थानीय विधायक की ओर से करवाया जा रहा है। यह सब बिलासपुर में वह होने नहीं देंगे, अगर बिलासपुर नशेड़ियों पर यह स्थानीय विधायक अपना समर्थन देना बंद नहीं करेगा, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भी होंगे। वहीं, दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पीए के भाई को बिलासपुर पुलिस की ओर से चिट्टे के साथ पकड़ना यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने इस संदर्भ में बिलासपुर पुलिस को भी बधाई दी है और कहा कि पुलिस राजनीति से ऊपर उठकर कार्य कर रही है। यह बिलासपुर जिले के लिए बहुत अच्छी बात है।

जिलास्तरीय युवा संसद के लिए नेहरू युवा केंद्र ने मांगे आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच एक फरवरी, 2024 से युवा इसमें भाग ले सकते हैं। आवदेन की अंतिम तिथि 16 फरवरी, 2024 है। 31 दिसंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के दौरान 18 से 25 वर्ष आयु समूह के युवाओं से अपील की थी कि वह देश के नव निर्माण में सक्रिय प्रतिभागिता करें, हम कैसा भारत चाहते हैं इस संबंध में न केवल अपने विचारों को व्यक्त करें, बल्कि उसके लिए अपना योगदान भी दें।

जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के इसी आह्वान के पालन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन प्रारंभ किया गया। विगत वर्षों में लाखों युवा इस कार्यक्रम से जुड़े और उन्होंने अपनी बात राष्ट्रीय मंच पर रखी। जिला स्तर पर विजय प्रतिभागी को प्रशंसा पत्र

जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 16 तक कर सकते हैं आवेदन

प्रदान किए जाएंगे, प्रथम एवं द्वितीय आने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 200000 द्वितीय को 150000 एवं तीसरा स्थान हासिल करने वाले को 100000 का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं 50-50 हजार के दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 16 फरवरी, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं किसी भी अन्य जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के जिला कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

बिलासपुर। एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों के लिए 15-02-2024 को रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने दी।

इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं और जमा दो पास होना चाहिए। इसके लिए मासिक मानदेय 16500 रुपए से लेकर 19500 रुपए तक होगा। उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 एवं वजन 54 होना चाहिए। 21-37 आयुवर्ग के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 15 को रोजगार कार्यालय बिलासपुर पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार का एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर के अधिकारी को 98168-13693 पर संपर्क कर सकते हैं।

डंगार में सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

डंगार विद्यालय से डंगार चौक तक निकाली गई जागरूकता रैली

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रावमा विद्यालय डंगार के स्टूडेंट्स जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए।

अनंत ज्ञान, डंगार चौक

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रावमा विद्यालय डंगार के स्टूडेंट्स की ओर से जागरूकता अभियान में भाग लिया।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत जागरूकता रैली विद्यालय से डंगार चौक तक निकाली गई। सड़क सुरक्षा प्रभारी बोहरा राम प्रवक्ता राजनीति विज्ञान, श्याम लाल प्रवक्ता इतिहास, रविंद्र कुमार प्रवक्ता आईपी, किशोरी लाल प्रवक्ता संस्कृत और अन्य स्टाफ सदस्य भी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर गृह रक्षक ज्ञान चंद ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों को दो पहिया वाहन पर हेल्मेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया गया साथ ही सड़क पर ग्रुप बनाकर नहीं चलने, यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना होने पर घायल की मदद करने के लिए 100,112,108 पर एंबुलेंस पुलिस को कॉल कर जानकारी देने सहित अन्य जानकारी दी गई।

दोपहिया वाहनों को चलाते समय हेल्मेट का करें प्रयोग

रोड सेफ्टी सप्ताह मनाते हुए बैठक के आयोजन की अध्यक्षता करते आरके कौशल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कंदरौर में ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल समिति बिलासपुर संगठन की ओर से रोड सेफ्टी सप्ताह मनाते हुए प्रोग्राम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरके कौशल ने की।

उन्होंने रोड सेफ्टी के बारे में सभी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का उत्तरदायित्व बनता है कि लोगों को सही तरह से ट्रेंड किया जाए। आर कौशल ने कहा कि नशा करके वाहन को नहीं चलना चाहिए, दोपहिया वाहनों के लिए हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करना चाहिए, चार पहिया वाहन को चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। इस समारोह में उपस्थित रहे आरटीओ से आए हुए अधिकारी रोशन लाल एवं ड्राइविंग स्कूल संचालक अंकुश, निक्कू राम भारद्वाज ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल बरठीं, राधेश्याम ड्राइविंग स्कूल चांदपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

शिविर फूड सेफ्टी विभाग ने बरमाणा, घाघस में दुकानदार किए जागरूक, सहायक आयुक्त महेश रहे मौजूद

साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर ने बरमाणा और घाघस क्षेत्र के दुकानदारों को जागरूक किया।

सोमवार को इन दो क्षेत्रों में विभाग की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें विभाग की ओर से दुकानदारों को लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया सहित साफ-सफाई व अन्य कई व्यवस्थाओं के बारे में जागरूक किया। जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से मौजूद फूड सेफ्टी विभाग के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि अभी भी कुछ दुकानदारों को विभागीय लाइसेंस बनाने की जानकारी नहीं है। ऐसे में दुकानदारों को लाइसेंस किस तरह से बनाया जाता है और यह लाइसेंस

फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर बरमाणा और घाघस क्षेत्र के दुकानदारों को लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया सहित साफ-सफाई व अन्य कई व्यवस्थाओं के बारे में जागरूक करते हुए।

क्यों अनिवार्य है, इसके बारे में बताया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से सभी होटलों और रेस्तरां में साफ-सफाई रखने के भी दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारी महेश कश्यप ने बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर यह जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि अपनी दुकान का लाइसेंस सहित रेस्तरां में कार्य कर रहे वर्कर्स का स्वास्थ्य लाइसेंस बनाना अनिवार्य है। अगर कोई दुकानदार इस दो लाइसेंस के बिना कार्य करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह व विभागीय कर्मचारी सुरेश प्रेमी, प्यारे लाल मौजूद रहे।

भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सर्वधर्म समभाव अपनाना जरूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री इशान अख्तर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय बिलासपुर में उत्तरी भारत सर्वधर्म समभाव सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सर्वधर्म एकता अवॉर्ड का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजीव ने शिरकत की।

सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के सदस्य निर्मला राजपूत, पंडित सत्यदेव शर्मा, रेखा बिष्ट, इशान अख्तर, तनवीर खान एवं सुनंदा सूद ने हिमाचली परंपरा अनुसार मुख्यातिथि डॉक्टर राजीव का हिमाचली टोपी, शॉल एवं स्मृति

उत्तरी भारत सर्वधर्म समभाव सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सर्वधर्म एकता अवॉर्ड के आयोजन पर मौजूद लोग।

चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्तरी भारत सर्वधर्म समभाव सम्मेलन में मौजूद सभी धर्म के अनुयायी एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉक्टर राजीव कुमार ने कहा कि एकता और भाईचारा प्रगतिशील समाज की मूलभूत जरूरत है, लेकिन समाज विभिन्न जातियों और समुदायों में बंटा हुआ है, कई बार ये वजहें कड़वाहट पैदा करती हैं।

ऐसी स्थितियों में ही सजग रहने की जरूरत होती है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सर्वधर्म समभाव अपनाना जरूरी है। इस मौके पर सभी धर्मों के आए प्रतिनिधियों ने सर्वधर्म सम्मेलन में अपने विचार रखे। संयुक्त रूप से सभी प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रस्ताव पारित किया कि देश की उन्नति एवं राष्ट्रहित के लिए जातीय भेदभाव को खत्म कर आपस में भाईचारा पैदा करने एवं इंसानियत धर्म के संचार करने हेतु देश के विभिन्न प्रदेशों में गांव स्तर पर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

विजिलेंस ने 6000 रिश्वत लेते धरा क्लर्क

टाहलीवाल/ऊना। जिला ऊना के अंतर्गत आती नगर पंचायत टाहलीवाल के क्लर्क को विजिलेंस ने 6000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के क्लर्क ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार का तीन लाख का बिल जारी करने की एवज में यह रिश्वत की राशि मांगी थी, जिस पर ठेकेदार ने इसकी शिकायत विजिलेंस में कर दी। विजिलेंस ने डीएसपी कुलविंदर सिंह के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत क्लर्क को रंगे हाथों 6000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है बताया जा रहा है कि क्लर्क नगर पंचायत में अनुबंध के आधार पर तैनात है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी विजिलेंस कुलविंदर सिंह ने बताया कि विजिलेंस ने टाहलीवाल नगर पंचायत क्लर्क को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है, जिसके खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

करमाली पंचायत में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में शामिल गांव के लोग।

बंगाणा। ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की करमाली पंचायत में सोमवार को एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत आपदा प्रबंधन बारे स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य गांववासियों को जागरूक किया। 12/3 कंपनी कमांडर हंसराज की अध्यक्षता में गृह-रक्षा बंगाणा द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मॉक ड्रिल में भूकंप से बचाव, बाढ़ से दूर से घायलों को प्राथमिक सहायता देना, प्राकृतिक आपदा में सहायता व नशा बचाव व आग से बचाव के बारे गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की टीम द्वारा बताया गया। इस मौके पर करमाली पंचायत की प्रधान दर्शना ठाकुर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों सहित गृहरक्षक अजय ठाकुर, राकेश कुमार, टिक्का खान सहित अन्य गांववासियों ने भाग लिया व जानकारी हासिल की।

कुटलैहड़ में शक्ति वंदन कार्यशाला संपन्न

कुटलैहड़ भाजपा मंडल में महिला शक्ति वंदन कार्यशाला मोनिका कौशल व अन्य।

बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा मंडल में महिला शक्ति वंदन की एकदिवसीय कार्यशाला कुटलैहड़ भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा मोनिका कौशल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक के जिला भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री स्नेह लता, कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, राज्य भाजपा किसान मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता मदन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में केंद्र सरकार के सफल दस वर्ष के कार्यकाल और चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण और आगामी लोकसभा चुनावों पर विशेष चर्चा हुई। बैठक से पूर्व राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के अकस्मात निधन पर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर नमता रानी, प्रोमिला देवी, नीलम ठाकुर, अनीता ठाकुर के अलावा दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।

लोगों ने सौंपा पंचायत को डेड बॉडी फ्रीजर

गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा लो के लोगों ने एक अनुकरणीय कार्य किया, लोगों के सहयोग से गोंदपुर बनेहड़ा लो के लोगों ने लगभग 54000 की राशि से शव बाक्स खरीद कर स्थानीय पंचायत को अर्पित कर दिया है, ताकि संकटकाल स्थिति में इस शव बाक्स की किसी को भी आवश्यकता हो तो वह इसे ले सकता है। सूत्रों की मानें तो यहां पर गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के संस्थापक बाबा लाल की याद में वार्षिक भंडारा आयोजित किया जाता है, इससे कुछ राशि बच गई थी और भंडारा आयोजन समिति ने उन पैसों से शव बाक्स खरीदा है। जिन लोगों ने यह कार्य किया है, उनका कहना है कि सभी गांववासियों के सहयोग से इस कार्य को किया गया है। उधर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि लोगों ने जनसहयोग से पुनीत कार्य किया है।

वीवीआईपी ने की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना

ऊना। राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन के बाद उनके निवास आस्था कुंज गोंदपुर जयचंद में सोमवार को भी वीवीआईपी मूवमेंट रही। हिमाचल और अन्य राज्यों के कई नेता और प्रमुख हस्तियां मुकेश अग्निहोत्री के परिवार के साथ संवेदनाएं प्रकट करने पहुंची। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पंजाब से लोकसभा सांसद मुहम्मद सदीक, पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की धर्मपत्नी और सांसद प्रतिभा सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर, इंटक राज्य अध्यक्ष हरदीप सिंह बावा, सांसद श्री आनंदपुर साहिब पंजाब मुनीश तिवारी, विधायक राजिंद्र राणा, भवानी पठानिया, भाजपा विधायक विनोद कुमार, राकेश जमवाल, दलीप ठाकुर, चैतन्य शर्मा, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर, राजीव सेजल, रवि ठाकुर, विधायक चंबा सदर नीरज नैय्यर समेत सैकड़ों लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

पूर्व सैनिक संगठनों ने किया शोक व्यक्त

ऊना। ऊना के सभी पूर्व सैनिक संगठनों ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चैयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, पूर्व सैनिक सेवा परिषद ऊना के प्रधान डॉ. बलदेव डोगरा, पूर्व नौ सैनिक कल्याण संघ के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व वायु सैनिक सेवा समिति के प्रधान हरिश चंद शर्मा, यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के वाइस चेयरमैन एसपी शर्मा, कर्नल सत देव, कमांडर कालिदास, कमांडर भारत भूषण, मेजर रघुवीर सिंह, केवल सिंह, श्याम लाल सैनी, श्यामलाल शर्मा, अजय कौशल, महेंद्र सिंह जायसवाल, शिवकुमार, कुलदीप सिंह, राम सिंह, दिलबाग सिंह, सुरेश कुमार, शोडी राम, कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह, जीवन सिंह, वरयाम सिंह, महेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, इत्यादि बहुत से पूर्व सैनिकों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की। कैप्टन शक्ति चंद ने बताया की प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री जरूरतमंदों और गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। समाज सेवा के कार्य में उनकी अलग पहचान थी, प्रो. सिम्मी के निधन से जो क्षति हुई है, उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता।

विपक्षी सोच ने बहुत कोशिश की लेकिन रामलला जी जीते अपना केस : अनुराग

केंद्रीय मंत्री ने बाबा बाल जी महाराज से लिया आशीर्वाद, पंडाल में बैठकर किया भागवत कथा का श्रवण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्षी सोच ने तो बहुत कोशिश की, लेकिन श्रीरामलला जी अपना केस जीत गए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के सहयोग के लिए मोदी सरकार हमेशा तत्पर है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को ऊना के बाबा बाल आश्रम में धार्मिक समागम में विचार प्रकट कर रहे थे। उन्होंने ऊना से वृंदावन धाम को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए उचित माध्यम से मांग को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

इस दौरान उन्होंने समागम में पहुंची हुई संगतों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जहां पर आकर सुखद आनंद मिलता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है, वह बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु राम मंदिर का निर्माण हुआ है और वहां पर प्रभु राम विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक मंदिरों में जाकर मंत्र उच्चारण भी किया और कई दिनों तक प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उपवास भी रखे। देश के प्रबुद्ध महापुरुषों से राय लेने के बाद जो भी अनुष्ठान करने पड़े। वह उन्होंने इसके लिए किया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन लोगों ने देशभर के अंदर प्रभु राम के घर विराजमान होने को लेकर खुशी देखी गई है, क्योंकि सबके आराध्य प्रभु भगवान राम उसे दिन अपने घर पधारे हैं। अयोध्या में मूर्ति स्थापना को लेकर देशभर में लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में भी खुशी के चलते दीपक जलाए और पटाखे भी चलाए।

राम मंदिर का निर्माण और प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा से देश में भाईचारे की मिसाल देखने को मिली है। आज मैं जहां पर आया हूं, मुझे भी जहां पर आकर बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि देशभर के लोगों ने जो हम सबके आराध्य प्रभु राम को लेकर अपनी आस्था दिखाई है, उसके मैं उन सभी को नमन करता हूं।

ऊना पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लिया। काफी देर तक केंद्रीय मंत्री ने पंडाल में बैठकर भागवत कथा का भी श्रवण किया। उनके साथ विधायक सतपाल सत्ती, सुमित शर्मा, संतोष सैनी व बलबीर चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।

ऊना के बाबा बाल आश्रम में धार्मिक समागम में बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद लेते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

भाजपा नेता अरुण कौशल ने रेलवे विस्तारीकरण को लेकर अनुराग ठाकुर को दिया ज्ञापन

ऊना। रेल सुविधा से जुड़ी मांगों को लेकर भाजपा नेता अरुण कौशल ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें जन-शताब्दी एक्सप्रेस का नाम प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी के नाम पर रखने, अंब-अंदौरा या दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन के समीप 'ऑटोमैटिक कोच वॉशिंग लाइन' का निर्माण किए जाने, गाड़ी संख्या 14164/14163, 'संगम एक्सप्रेस' मेरठ शहर जंक्शन-प्रयागराज जंक्शन रेल सेवा का 'ऊना-हिमाचल' रेलवे स्टेशन तक विस्तार किया जाने, गाड़ी संख्या 14521/14522 , दिल्ली जंक्शन-अंबाला छावनी जंक्शन 'इंटरसिटी एक्सप्रेस' रेलसेवा का 'ऊना हिमाचल' रेलवे स्टेशन तक विस्तार किया जाने, गाड़ी संख्या 12688/12687 , चंडीगढ़ जंक्शन-मदुरै जंक्शन 'सुपर फास्ट एक्सप्रेस' रेलसेवा का ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन तक विस्तार किया जाने, इन तीनों रेलगाड़ियों का 'ऊना हिमाचल' रेलवे स्टेशन तक विस्तार हो जाने से पर्यटन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग को भी लाभ मिलेगा। वहीं उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं को हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर (जिला ऊना) तथा प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर (जिला कांगड़ा) समेत अन्य तीर्थ स्थलों में आने-जाने में राहत मिलेगी, जिससे समय की भी बहुत बचत होगी। इसके अलावा उन्होंने ज़िला ऊना में 'इंटीग्रल रेल कोच कारख़ाना' की नई इकाई का निर्माण किया जाने, सरहिंद जंक्शन-दौलतपुर चौक रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाने, गाड़ी संख्या 12058/12057, दौलतपुर चौक-नई दिल्ली (जन-शताब्दी) रेलसेवा का नाम शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी जी के नाम पर रखा जाना चाहिए। अरुण कौशल ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रेल यात्रियों को पेश आ रही दिक्कतों का समाधान करेंगे। नई रेल गाड़ियों के चलने से पर्यटक के साथ व्यापारियों और सेना में तैनात सैनिकों को इसका लाभ मिलेगा।

फेंटू क्लब बड़ोह को हरा कर बलाचौर स्टार ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ कमेटी के सदस्य।

अनंत ज्ञान, अंब

उपमंडल अंब के ठठल पंचायत में रविवार देर रात दो दिवसीय मोनू वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें हिमाचल, पंजाब व जम्मू सहित कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में शामिल सभी 24 टीमों ने बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन सभी टीमों को पटखनी देते हुए जिला ऊना की फेंटू क्लब बड़ोह व पंजाब की बलाचौर स्टार टीम फाइनल मुकाबले में पहुंचे। फाइनल मुकाबले में बलाचौर स्टार की टीम 25-21, 33-31, 25-21 के मुकाबले में 3-0 से जितने में कामयाब रही।

कमेटी के प्रधान रविंद्र ठाकुर व सचिव लक्की ठाकुर ने बताया कि मोनू भारतीय सेना में कार्यरत था और वॉलीबाल खेलने का बहुत बड़ा शौकीन था। मोनू ने बहुत से मुकाबलों में बहुत से खिताब अपने नाम किए थे उसकी याद में यह आठवां वॉलीबाल मुकाबला था। वहीं कमेटी का यह भी उद्देश्य है कि बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाए, जिससे बच्चे कुसंगती में शामिल न होकर अच्छे संस्कार सीखें। रविंद्र ठाकुर ने बताया कि मुकाबले मैं शामिल किसी भी टीम से किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता। दो दिन तक टीमों सहित जितने भी लोग यहां मैच देखने पहुंचते हैं, उनको उनके खाने पीने वा चायपान की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाती है, ताकि खेलों के शौकीन लोगों को मनोरंजन के साथ हर सुविधा उपलब्ध हो सके।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने किया सिहाना के जंडाना में सड़क का भूमि पूजन

बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सोमवार को कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सोलह सिंगीधार के सिहाना पंचायत के जंडाना में 87,11 लाख की लागत से बनने वाली करीब एक किलोमीटर सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया और एक वर्ष के भीतर सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए।

विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि उक्त गांव के लिए सड़क सुविधा की वर्षों पुरानी मांग थी और हमने चुनावों में गांववासियों से वादा किया था। उस वादे आज पूरा कर दिया है। विधायक भुट्टो ने कहा कि आजादी के वर्षों बाद भी कुटलैहड़ के सोलाह सिंगीधार के लोग सड़क पानी जैसी सुविधाओं से वांछित है और इसका सारा श्रेय उन्हें जाता है, जो कुटलैहड़ में दो दशक तक सत्ता की कुर्सी के साथ चिपके रहे। भुट्टो ने कहा की भ्यावी से लेकर खेड़ी तक आज भी दर्जनों गांव हैं, जिन्हें न तो पक्का रास्ता है और न ही सड़क सुविधाएं उपलब्ध है।

विधायक ने बंगाणा में 98 परिवारों को बांटे चेक

बंगाणा। विधायक भुट्टो ने सोमवार को करीब 98 परिवारों को 12,26,600 रुपए के आर्थिक सहायता के चेक वितरण किए। इसने सीएम राहत कोष कुटलैहड़ वेलफेयर सोसायटी एवं अन्य संसाधनों द्वारा गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को आर्थिक रूप में जैसे दवाई का खर्च, स्टूडेंट्स की पढ़ाई, बुजुर्गों को आर्थिक मदद के अलावा अन्य परिवारों को आर्थिक रूप में सहायता प्रदान की गई। विधायक भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता की हर समय मदद करने के लिए तैयार हूं।

चलो गांव की ओर अभियान का सत्ती ने किया शुभारंभ

भाजपा करेगी त्रिदेव सम्मेलन : सत्ती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

भारतीय जनता पार्टी की चलो गांव की ओर अभियान की सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र से शुरुआत हुई। इसमें सदर के भाजपा विधायक सतपाल सती ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले तीन माह के अंदर बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से मैदान में उतर आई है। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को ऊना में चलो गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना सदर से बीजेपी के विधायक सतपाल सत्ती द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में ऊना के हर बूथ से एक बूथ पालक व एक बूथ इंचार्ज को बुलाया गया था।

सतपाल सत्ती ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले दोनों में हर विधानसभा के अंदर बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है, जिसमें हर विधानसभा के अंदर भारतीय जनता पार्टी द्वारा त्रिदेव सम्मेलन किया जाएगा। उसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन भी होगा। वहीं बीडीसी और जिला परिषद के अलावा अन्य पदों पर बीजेपी की तरफ से चुनाव लड़ चुके लोगों का भी एक सम्मेलन किया जाएगा। इसके साथ-साथ 2800 लोगों का एक पन्ना प्रमुख सम्मेलन भी किया जाएगा।

कर्क रोग से घिरा केवल कृष्ण, लोगों से सहायता की गुहार

अनंत ज्ञान, गगरेट

ईश्वर भी जब इंसान की परीक्षा लेने पर आता है तो क्या-क्या परीक्षा नहीं लेता। ऐसे ही परीक्षा के दौर से विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव का केवल कृष्ण गुजर रहा है।

मुफलसी में भी केवल कृष्ण ने मेहनत का साथ नहीं छोड़ा और मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार को पाला, लेकिन अब जब पांव बुढ़ापे की दहलीज पर पहुंचे तो कर्क रोग ने घेर लिया।

जेब इलाज के लिए इजाजत नहीं दे रही है तो केवल कृष्ण चारपाई पर लेटा हुआ यमराज के बुलावे का इंतजार कर रहा है। दो बेटे हैं दोनों मेहनत-मजदूरी कर करते हैं। पिता को यूं तिल-तिल कर मरता देख वे भी जीते-जी मरने को मजबूर हैं। अगर साधन-संपन्न लोगों का थोड़ा दिल पसीजे तो केवल कृष्ण को मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सकता है।

आपके द्वारा की गई एक-एक पैसे की मदद केवल कृष्ण को नई सांसे देगी। आप केवल कृष्ण के यूको बैंक के खाता संख्या 22270110070642, आईएफएससी कोड यूसीबीए 0002227 में यथाशक्ति सहयोग कर सकते हैं। आप केवल कृष्ण के बेटे सुरजीत कुमार के मोबाइल नंबर 7888388561 पर भी आर्थिक मदद कर सकते हैं।

घर में गूंजी किलकारियां, लेकिन बिस्तर पर लाश बन लेटी है मां

गगरेट। किस्मत भी कई बार अजीब खेल खेलती है। मातृत्व सुख हासिल करने के लिए वह भगवान से आशीर्वाद मांगती रही और जब घर में किलकारियां गूंजी तो अब अपने ही बच्चे पर ममता लुटा नहीं पा रही है। बेटा बिलकुल तंदरुस्त है, लेकिन मां कोमा में बेसुध बिस्तर पर पड़ी हुई है। यहां तक कि न तो वह बिस्तर से उठ सकती है और न ही उसे यह पता चलता है कि बगल में लेटा हुआ उसका लाल है। पिछले दस महीने से उपमंडल अंब के सूरी गांव की रेणु बाला इसी हालात में है। अब उसकी मदद के लिए जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राघव ठाकुर आगे आए हैं। उन्होंने रेणु बाला के लिए न सिर्फ एक व्हील चेयर लाकर दी है, बल्कि रेणु बाला का बेहतर उपचार हो सके इसके लिए पीजीआई चंडीगढ़ तक उसे ले जाने के लिए गाड़ी का भी प्रबंध किया है। यही नहीं, बल्कि उन्होंने 31 सौ रुपए का सहयोग भी उसे दिया है। बकौल राघव ठाकुर बेटे को मां का प्यार और मां को बेटे के वात्सल्य का आनंद मिल सके इसके लिए मां का ठीक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष भी यह मुद्दा उठाएंगे, ताकि रेणु बाला के उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से भी अंशदान मिल सके।

तैयारी माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक

तालमेल से उत्सव को सफल बनाने में करें सहयोग : डीसी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को जिला प्रशासन द्वारा यादगार महोत्सव बनाने का प्रयास किया जाएगो, ताकि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय दर्जा दिलाया जा सके। यह बात उपायुक्त जतिन लाल ने माता श्री चिंतपूर्णी के माईदास भवन में सोमवार को प्रथम बार आयोजित किए जाने वाले माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर जिलाधिकारियों के साथ आयोजित की बैठक में कही। उन्होंने सभी अधिकारियों से महोत्सव के सभी प्रबंधों को आपसी समन्वय से पूरा करने को कहा, ताकि महोत्सव को एक विशेष पहचान दिलाई जा सके। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव अधिकारी होंगे, जबकि एसपी पुलिस महोत्सव अधिकारी होंगे।उपायुक्त ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है हजारों की संख्या में यहां श्रद्धालु माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शनार्थ आते हैं।

श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते ऊना के उपायुक्त जतिन लाल।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होंगी सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित : उपायुक्त

उपायुक्त कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में अंब विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया था। उसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा इस दो दिवसीय महोत्सव को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि यह महोत्सव सभवतः मार्च माह के प्रथम सप्ताह में रावमापा अंब मैदान में आयोजित होना प्रस्तावित है। जतिन लाल ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने हेतु समितियों का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी उनको सौंपे गए कार्यों को एकजुटता के साथ पूरा करने का दायित्व निभाएं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक, खेल इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

भावार्थ : गीता के इस श्लोक में फलरहित कर्म की प्रधानता पर बल दिया गया है। यदि आप सफलता चाहते हैं तो कर्म पर ध्यान दें, तभी आप अपनी पूरी शक्ति से बिना भटकाव के कर्म को पूर्ण कर पाएंगे।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 13 फरवरी 2024

सृष्टि रचना का दिन वसंत पंचमी

माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। भारत में छह ऋतुओं को मुख्य रूप से मनाया जाता है। पतझड़ ऋतु के बाद वसंत ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले दिखाई देते हैं। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्मांड के रचयिता ब्रह्मा ने सरस्वती की रचना की थी, इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है। वसंत पंचमी को विद्यार्थियों के लिए विद्या आरंभ का मुहूर्त बहुत ही श्रेष्ठ मुहूर्त होता है, जिन व्यक्तियों को गृह प्रवेश के लिए कोई मुहूर्त न मिल रहा हो वह इस दिन गृह प्रवेश कर सकते हैं। कोई व्यक्ति अपने नए व्यवसाय को आरंभ करने के लिए शुभ मुहूर्त को तलाश रहा हो तब वह वसंत पंचमी के दिन अपना नया व्यवसाय आरंभ कर सकता है। वसंत पंचमी के दिन पीले रंग के पकवान बनाए जाते हैं। वसंत ऋतु में चारों ओर अधिकतर पीले फूल दिखाई देते हैं।

वसंत पंचमी की कथा और सरस्वती पूजन

प्राचीन कथाओं के अनुसार, ब्रह्माजी ने विष्णुजी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था, लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु, पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि ऐसा क्या किया जाए कि सभी बोले, गाएं और खुशी में झूमें। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्माजी ने अपने कमंडल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिड़का।

जल छिड़कने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे, एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्माजी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कंठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्माजी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी भगवती के नाम से जाना जाएगा। ब्रह्माजी ने देवी सरस्वती को वरदान देते हुए कहा कि तुम्हारे द्वारा समाज का कल्याण होगा, इसलिए समाज में रहने वाले लोग तुम्हारा पूजन करेंगे, इसलिए प्राचीन काल से वसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है।

गुलबहार का शकुन

गुलबहार का फूल प्रेम का प्रतीक माना जाता है विशेषकर युवतियों के लिए। वैसे इसका फूल शकुन और अपशकुन दोनों का प्रतीक है। एक धारणा के अनुसार युवतियां इसके फूल की एक-एक पंखुड़ी तोड़ती जाती हैं और दोहराती जाती हैं कि वह मुझसे प्रेम करता है या नहीं करता। जिस बात पर फूल की अंतिम पंखुड़ी टूटकर गिरती है उसी बात को युवती सच मान लेती है। वह ऐसा इसलिए करती है कि उन्हें पता चल जाए कि उनका प्रेमी सच्चा है या झूठा। सामान्यत: बाग का माली इन फूलों को बेकार के फूल मानता है, लेकिन एक अन्य धारणा के अनुसार यह फूल हमें आने वाले अच्छे-बुरे मौसम का संकेत देते हैं। यदि फूल खिला रहे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम खुशगवार रहेगा और यदि इसकी पंखुड़ियां बंद होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम खराब आने वाला है।

घर में वास्तुदोष होने पर मिलते हैं ये अशुभ फल, जानें उपाय



घर में वास्तु दोष मौजूद होने पर परिवार के सदस्यों को जीवन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। घर में आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती है और घर के सदस्यों को हर काम में असफलता मिलती है।

वास्तु दोष का कारण समझ पाना भी काफी मुश्किल होता है, लेकिन अक्सर हम वास्तु दोष से जुड़ी कई ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जिसके कारण घर का माहौल हमेशा नकारात्मक रहता है। गृह-क्लेश की स्थिति बनी रहती है। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है और घर के परिजनों को हर काम में बाधाएं आती है और कोई भी काम आसानी से सफल नहीं हो पाता है। चलिए वास्तु दोष से जुड़ी कुछ जानकारियां और उससे छुटकारा पाने के उपायों के बारे में जानते हैं।

उत्तर-पूर्व दिशा में वास्तु दोष: घर के उत्तर-पूर्व कोने में गंदगी और फैली हुई चीजें वास्तु दोष का कारण बनती है, जिससे व्यक्ति को आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

घर के मुख्यद्वार की गलत दिशा: घर के मुख्यद्वार की गलत दिशा होने पर भी व्यक्ति को तरक्की करने में बाधाएं आती हैं और घर का माहौल नकारात्मक बना रहता है।

घर का किचन: घर के उत्तर-पूर्व दिशा में किचन होने से स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हमेशा बनी रहती है। वहीं, दक्षिण-पूर्व में स्थित किचन आर्थिक दिक्कतों का कारण बनता है।

बेडरूम: घर के बेडरूम में वास्तु दोष होने पर व्यक्ति को नींद न आने की समस्या होने लगती है और व्यक्ति भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस करता है।

घर के केंद्र का संतुलन: घर के केंद्र हिस्से में असंतुलन होने पर वास्तु दोष लगता है और घर में अक्सर लड़ाई-झगड़े का माहौल रहता और परिवार के सदस्यों में एकता नहीं रहती है।

वास्तुदोष दूर करने के उपाय

घर की सफाई करें: घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें और यह सुनिश्चित करें कि घर का हर एक कोना साफ हो और वहां गंदगी न फैली हो।

रंगों का चयन: घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए दीवारों को पेंट कराते समय रंगों का विशेष ध्यान रखें। ऐसे रंगों का चयन करें जो घर की शांति और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाने में आपकी मदद करें।

वास्तु पिरामिड रखें: घर के सभी वास्तु दोषों को दूर करने के लिए आप घर में वास्तु पिरामिड स्थापित कर सकते हैं। इससे घर की ऊर्जाओं का संतुलन बना रहेगा।

घर का मुख्यद्वार: घर के मुख्यद्वार को बेहद आकर्षक बनाने की कोशिश करें। आप चाहे तो सकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश के लिए आप घर के मुख्यद्वार पर पौधे और लाइट्स लगा सकते हैं।

घर की सजावट: घर की सजावट में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करें जो वास्तु के अनुकूल हो। इससे घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आएगी।

अमरबेल की जड़ प्राप्त करने से आएगी दैवीय शक्ति

गतांक से आगे...

पेड़-पौधों से प्राप्त रत्न

श्वेता-पाजा: श्वेता-पाजा हमें श्वेता व पाजा वृक्ष से प्राप्त होता है। इसे खैर नाम का पक्षी विपत्ति के समय प्रयोग करता है। इसको प्राप्त करने के पश्चात कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता है। पाजा वृक्ष तो आसानी से मिल जाता है, लेकिन श्वेता हिमालय की 18 हजार फुट की ऊंचाई से ऊपर पाया जाता है। चूंकि इस ऊंचाई पर अन्य पेड़-पौधे नहीं होते, लेकिन यह बर्फ में सफेद पत्तों में हरी लाइनें लिए होता है। यह दुर्लभ वृक्ष है, जो आसानी से प्राप्त नहीं होता है।

गुंजा: गुंजा एक बेल में लगती है। गुंजा भी एक वनस्पति रत्न है। तंत्रशास्त्र में इसका बड़ा महत्व है। गुंजा अधिकतर सम्मोहन करने में प्रयोग होती है। जिन जातकों को नजर बहुत लगती है वे इसका ब्रेसलेट के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। यदि किसी को सम्मोहित करना हो तो कुछ गुंजाएं अभिमंत्रित करके उस व्यक्ति के रूमाल या कपड़े में बांध दें, जब तक गुंजाएं बंधी रहेगी तब तक वह व्यक्ति सम्मोहित ही रहेगा। इसकी जड़ भी कई कार्यों में प्रयोग की जाती है। मुख्यत: यह तीन प्रकार की होती हैं लाल, सफेद व काली। इसमें काली गुंजा अत्यंत दुर्लभ है, तांत्रिक कार्यों में इसका उपयोग होता है।

एकांक्षी नारियल: एकांक्षी नारियल भाग्यशाली व्यक्ति को ही प्राप्त होता है। नारियल की जटा हटाने से प्राय: तीन काले गोल आकार दिखाई देते हैं। इन्हें आंखें कहते हैं। किसी एकाध नारियल में ही एक आंख होती है, इसे एकांक्षी नारियल कहते हैं। दसमें विष्णु-लक्ष्मी का वास होता है। जिनके पास यह होता है उन्हें आपार धन-संपत्ति प्राप्त होती है। एकांक्षी नारियल को लाल कपड़े में लपेट कर घी का दीपक जलाकर इसकी पूजा करने से समस्त भौतिक सुख प्राप्त होते हैं। इसको घर में रखने से समस्त वास्तु दोष नष्ट हो जाते हैं। इसे व्यापारिक प्रतिष्ठान में रखा जाए तो व्यापार दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करता है।

बांस रत्न: यह रत्न बांस वृक्ष के अंदर पाया जाता है। इसका रंग हरित आभा युक्त होता है तथा बेर के आकार का कुछ लंबा सा होता है। यह रत्न बांस के घने जंगलों के भीतर कुछ ही बांसों में ही पाया जाता है। स्वाति अथवा पुष्य या श्रवण नक्षत्र के आने पर बांस वन में वेद ध्वनि के समान एक प्रकार की गूंज सी उठा करती है। इस अवधि में ही रत्न वाले बांस की पहचान करके, उसको बीच से काटकर यह निकाला जा सकता है। इसका आकार भी बेर के समान, कोकल, चमकदार तथा रहे रंग का होता है। यह मोती सर्व कार्यों को सिद्ध करने वाला तथा अक्षय संपत्ति को प्रदान करने वाला होता है।

रुद्राक्ष: रुद्राक्ष भी एक वनस्पति रत्न है। यह दुकानों में आसानी से प्राप्त हो जाता है। उच्च व निम्न रक्तचाप, हृदय की दुर्बलता तथा सब तरह के धार्मिक अनुष्ठानों में इसकी माला का उपयोग किया जाता है। इसमें पांच मुखी शीघ्र ही सुलभ हो जाता है। दो से लेकर चौदह मुखी तक भी प्राप्त हो जाता है, लेकिन एक मुखी दुर्लभ है। श्रेष्ठ एक मुखी रुद्राक्ष प्राप्त करना अत्यंत कठिन है।

अमरबेल की जड़: अमरबेल दूसरे वृक्षों पर छाई रहती है और उसी वृक्ष से अपना भोजन ग्रहण करती है। यह जंगल, आस-पड़ोस सब जगह देखी जा सकती है। किंतु इसकी जड़ मिलना कठिन है। यदि मिल जाए तो प्राप्ति के पास दैवीय शक्ति आ जाती है।

(क्रमश:)

- अनिल शर्मा, मंडी

स्वप्न संसार

1. स्वप्न में यदि किसी व्यक्ति को उसके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाए तो उसे सौभाग्य सूचक समझना चाहिए।
2. जो व्यक्ति स्वप्न में खटमल देखता है या खटमल द्वारा काटा जाता है तो उसे भयंकर बीमारी हो जाती है।
3. यदि कोई अविवाहित स्त्री स्वप्न में देखे कि उसे जबरन बंदी बनाया जा रहा है तो उसकी एक साल के अंदर शादी हो जाती है।
4. यदि कोई व्यक्ति गाय के बछड़े को दूध पिलाता है तो वास्तविक जीवन में उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।
5. यदि कोई स्वप्न में ताजे सुंदर फलों का गुच्छा देखता है तो उसे विरासत में धन संपत्ति मिलती है। यदि गुच्छे का फूल मुरझाया है तो आने वाले रोग की सूचना देता है।
6. जो व्यक्ति स्वप्न में वायुयान में यात्रा करता है तो उसके सौभाग्य की वृद्धि होती है।

कार्य पूर्ण करके ही दम लेते हैं अश्विन नक्षत्र में जन्मे जातक

यदि आपका जन्म अश्विन नक्षत्र में हुआ है तो आपकी राशि मेष व जन्म नक्षत्र स्वामी केतु होगा। राशि स्वामी मंगल व केतु का प्रभाव आपके जीवन पर अधिक दिखाई देगा। मेष लग्न में जन्मे हैं तो मंगल लग्न में होने से व केतु भी मेष का हो तो आप स्वभाव से जिद्दी, गुस्सैल भी होंगे, वहीं किसी भी कार्य में हठी होंगे, जब तक वह कार्य को अंजाम न दे दें तब तक आप चुप नहीं बैठेंगे। आपके इसी कारण दुश्मन भी अधिक होंगे। आपकी पत्नी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। केतु धनु राशि में हो व मंगल उच्च का हो तो आप उन्नतिवान होंगे व जीवन में पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। यदि आप पुलिस या सेना में जाए तो उत्तम सफलता पाएंगे। इसी के साथ यदि गुरु व शनि की स्थिति ठीक रही तो आप अनेक उच्च पदों पर आसीन होंगे। राजनीति में हो तो सदैव उन्नति पाकर मंत्री भी बन सकते हैं।

व्यापार में हो तो व्यापार चारों ओर फैलेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती रहेगी। अनेक बार पुरस्कार भी मिलेंगे। मंगल नीच का हो, वहीं केतु भी मिथुन में हो तो ऐसे जातक व्यसनी, कामुक, अनैतिक कार्य करने वाले सदैव कष्ट भोगने वाले होते है। गुरु की राशि में मंगल हो या केतु गुरु की राशि में हो तथा मंगल धनु या मीन में केतु मीन में या धनु में हो तो ऐसे जातक धर्म के प्रति निष्ठावान, मान-प्रतिष्ठावान, शत्रुहंता, उच्च पदों पर पहुंचने वाले, महत्वाकांक्षी भी होते हैं। ऐसे जातक अपने प्रयत्नों से जीवन में सफल होते ही है। यदि आपका जन्म अश्विन नक्षत्र में हुआ है तो आपकी राशि मेष व जन्म नक्षत्र स्वामी केतु होगा। राशि स्वामी मंगल व केतु का प्रभाव आपके जीवन पर अधिक दिखाई देगा।

मंगल अष्टम में हो व केतु भी साथ हो तो ऐसे जातक की दुर्घटना में मृत्यु तक हो जाती है या ऑपरेशन अवश्य होता है। जीवन में अनेक संकटों का सामना करना पड़ता है। मंगल, केतु सप्तम भाव में हो तो पहली पत्नी न रहे, षष्ट भाव में मंगल केतु की स्थिति हो तो शत्रु नष्ट हो, नाना-मामा से नहीं बनती है, पशु से चोट लग सकती है।

पंचम भाव में मंगल हो या केतु धनु, मेष या मीन राशि में हो तो ऐसा जातक विद्या में तेज होता है। उसके पुत्र अधिक होते है। कही से भी मंगल की केतु पर दृष्टि होतो उसे हठी बना देती है। यदि ऐसे जातक किसी लक्ष्य को पाने में लग जाए तो उनके लिए आसान हो जाता है। केतु जिस ग्रहों के साथ हो और मंगल की स्थिति जैसी भी हो वह वैसा परिणाम देते हैं। इनका परिणाम जीवन में मिलता ही है, लेकिन इनकी दशा अंतर्दशा में अधिक मिलता है।